www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, मंगलवार, 3 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -178 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



गांधी व शास्त्री ने विश्व को शांति व अहिंसा का... 02

■ सार्वजनिक परिवहन की सुविधाएं होंगी मजबूत
■ राजधानी में स्वास्थ्य मॉडल ध्वस्त : वीरेंद्र 03

■ तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिया नया संविधान बनाने...
■ जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने... 07

सेकंड प्रग्नेंसी की अफवाहों के बीच पैपराजी से ... 10

# बिहार में जातीय जनगणना के आंकड़े जारी

## जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बना बिहार

**पटना,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी करने वाला पहला राज्य बन गया है। इसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) 27 फीसदी हैं। सबसे ज्यादा 14.26 फीसदी यादव हैं। ब्राह्मण 3.65 फीसदी, राजपूत (ठाकुर) 3.45 फीसदी हैं। सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को जारी की गई जातीय गणना रिपोर्ट का विवरण साझा करने के लिए मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उन्होंने राज्य की नौ पार्टियों से इस बैठक में हिस्सा लेने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार जातीय गणना और सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी देगी।

**प्रभारी मुख्य सचिव ने जारी की किताब**

बिहार सरकार के प्रभारी मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय गणना पर एक किताब जारी की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65 फीसदी, अनुसूचित जनजाति 1.68 फीसदी और सामान्य वर्ग 15.52 फीसदी है।

बिहार की आबादी में करीब 82 फीसदी हिंदू और 17.7 फीसदी मुसलमान हैं। बिहार में 2011 से 2022 के बीच हिंदुओं की आबादी घटी है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 फीसदी और मुस्लिम आबादी 16.9 फीसदी थी।

बिहार की आबादी में सबसे ज्यादा अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36 फीसदी है। उन्हें नौकरी में मौजूदा आरक्षण 18 फीसदी दिया जा रहा है। 27 फीसदी ओबीसी के लिए 12 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। मौजूदा समय में बिहार में ईबीसी और ओबीसी को मिलाकर 30 फीसदी के रिजर्वेशन का प्रावधान है। इसमें 18 फीसदी ईबीसी को और 12 फीसदी ओबीसी को आरक्षण मिल रहा है। जबकि जाति आधारित गणना के मुताबिक इनकी संख्या बढ़कर 63 फीसदी हो गई है।





**जातीय गणना के आंकड़े**

| वर्ग | आंकड़े (प्रतिशत में) |
|---|---|
| अत्यंत पिछड़ा वर्ग, | 36 फीसदी |
| पिछड़ा वर्ग | 27 फीसदी |
| अनुसूचित जाति | 19.65 फीसदी |
| अनुसूचित जनजाति | 1.68 फीसदी |
| सामान्य वर्ग | 15.52 फीसदी |

**धर्म के आधार पर आबादी**

| धर्म | आबादी |
|---|---|
| हिंदू | 81.99 |
| मुस्लिम | 17.7 |
| ईसाई | 0.057 |
| सिख | 0.011 |
| बौद्ध | 0.085 |
| जैन | 0.009 |
| अन्य | 0.127 |

- बिहार में 13 करोड़ 7 लाख से ज्यादा है आबादी
- गणना के अनुसार 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं
- सबसे कम संख्या 0.60 फीसदी कायस्थों की संख्या
- मुख्यमंत्री नीतीश ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

### राज्य से बाहर रह रहे 53 लाख से ज्यादा

प्रदेश की जनसंख्या में बिहार के बाहर में रहने वालों की संख्या 53 लाख 72 हजार 22 है। बिहार राज्य में रहने वालों की कुल जनसंख्या 12 करोड़ 53 लाख 53 हजार 288 है। इसमें पुरुषों की कुल संख्या 6 करोड़ 41 लाख 31 हजार 990 है, जबकि महिलाओं की संख्या 6 करोड़ 11 लाख 38 हजार 460 है। अन्य की संख्या 82 हजार 836 पाई गई है। 1000 पुरुषों पर 953 महिलाएं हैं।



बिहार की जातिगत जनगणना से पता चला है कि वहां ओबीसी, एससी, एसटी की आबादी 84 प्रतिशत हैं। इसलिए भारत के जातिगत आंकड़े जानना ज़रुरी है। जितनी आबादी, उतना हक, ये हमारा प्रण है: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता



जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है, बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी: नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार



ये आंकड़े वंचितों, उपेक्षितों और गरीबों के समुचित विकास और तरक्की के लिए समग्र योजना बनाने और हाशिए के समूहों को आबादी के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने में देश के लिए नजीर पेश करेंगे: लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

**हिंदुओं की जनसंख्या 10 करोड़ से ज्यादा**

बिहार में अभी हिंदू आबादी करीब 82 फीसदी (81.99) और मुस्लिम आबादी 17.7 फीसदी है। जबकि 2011 की जनगणना के अनुसार हिंदू आबादी 82.7 फीसदी और मुस्लिम आबादी 16.9 फीसदी थी। हिंदुओं की जनसंख्या 10 करोड़ 71 लाख 92 हजार 958 है।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर उन्हें नमन किया और विनम्र श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि गांधी जी ने केवल अहिंसा के लिए ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उन्होंने स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और किसानों के अधिकारों के लिए भी समर्पित भाव से कार्य किया। उन्होंने कहा कि मैं सभी नागरिकों की तरफ से गांधी जी को उनकी 154वीं जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

### चंद्रबाबू नायडू ने जेल में भूख हड़ताल की



**राजमुंद्री।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को जेल में एक दिन की भूख हड़ताल की। नायडू पिछले महीने आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम मामले में गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी की जयंती पर उपवास मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के निरंकुश शासन और आंध्र प्रदेश में जिस तरह से लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है, उसके विरोध में है। नायडू की पत्नी भुवनेश्वरी भी उनकी अवैध गिरफ्तारी के विरोध में राजमुंदरी में दिन भर के उपवास पर बैठीं।

### महाराष्ट्र के बुलढाणा में ट्रक ने 10 मजदूरों को कुचला



**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में नांदुरा-मलकापुर राज्य राजमार्ग पर एक भयानक दुर्घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे सो रहे 10 मजदूरों को कुचल दिया। इस हादसे में पांच की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 5.30 बजे हुई, जब सेब की खेप से लदा एक ट्रक हाइवे से उतरकर सड़क मरम्मत कार्यों में लगे 10 श्रमिकों पर चढ़ गया।

### उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में भूकंप के मध्यम झटके



**कोलकाता।** उत्तर बंगाल के कम से कम दो जिलों - मालदा और कूच बिहार में सोमवार शाम 6.15 बजे भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। इन दोनों जिलों में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की खबर नहीं है।

### बसपा, जीजीपी मिलकर लड़ेंगे मप्र विधानसभा चुनाव

**भोपाल।** राज्य में लगातार जनाधार खो रहे दो राजनीतिक संगठनों- बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) ने राज्य की 230 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

# 3 लाख के इनामी आतंकी समेत 3 संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने फरार चल रहे आईएसआईएस के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। वह पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था। उस पर 3 लाख रुपए का इनाम था। शाहनवाज पर आईएसआईएस मॉड्यूल से संबंध रखने का आरोप है। पुलिस के मुताबिक शाहनवाज से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया दिल्ली पुलिस ने एनआईए के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथ मोहम्मद अरशद वारसी और रिजवान नाम के संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है।



- पुणे पुलिस की हिरासत से भाग गया था शाहनवाज
- आईएसआईएस मॉड्यूल से संबंध रखने का आरोप

**बम बनाने का सामान बरामद**

अधिकारियों ने बताया कि इनके पास से बम बनाने की ट्यूब, केमिकल्स और प्लास्टिक भी बरामद हुई है। इसके अलावा इनके पास से पिस्तौल और कारतूस भी मिले हैं। इतना ही नहीं उनके पास से बम बनाने का लिटरेचर भी बरामद हुआ है। इसमें कैसे केमिकल को प्रोक्योर करना है? कैसे बम बनाना है? जैसी जानकारी दी गई है। पुलिस के मुताबिक उसने वैस्टर्न इंडिया, सदर्न इंडिया, गुजरात और अहमदाबाद में रेकी की थी, साथ ही उसने कई जंगलों में भी समय बिताया।

**पेशे से इंजीनियर है शाहनवाज**

शाहनवाज पेशे से इंजीनियर है। वह झारखंड के हजारीबाग का रहने वाला है। उसने बीटेक की पढ़ाई की है। उसे माइनिंग की पूरी जानकारी है।

### ग्वालियर की जनसभा में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# जात-पात पर बांटते हैं विकास विरोधी

**ग्वालियर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास विरोधी लोग पहले भी गरीबों की भावनाओं से खेलते थे और आज भी खेलते हैं। वो तब भी जात-पात के नाम पर लोगों को बांटते थे और आज भी यही पाप कर रहे हैं। मोदी का यह बयान बिहार में जातिगत गणना के आंकड़े जारी होने के कुछ देर बाद आया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार 2 अक्टूबर को दो राज्यों में गए। पहले वे राजस्थान के चित्तौड़गढ़ गए, इसके बाद मध्य प्रदेश के ग्वालियर में सभा की। दोनों ही जगह मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया। चित्तौड़गढ़ में कहा कि सीएम अशोक गहलोत चुनाव से पहले ही हार मान चुके हैं। वहीं, ग्वालियर में कहा कि 9 साल में इतना विकास हो सकता है। कांग्रेस को तो 60 साल मिले थे, लेकिन वो काम नहीं कर पाए। कांग्रेस के पास कोई रोडमैप ही नहीं है।

**राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में कहा, गहलोत ने हार मानी**



**गहलोत की विदाई का काउंट डाउन शुरू**

राजस्थान में पीएम चित्तौड़गढ़ ने 7 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। मोदी ने कहा- कांग्रेस ने झूठ बोलकर सरकार जरूर बना ली, लेकिन चला नहीं पाई। मुख्यमंत्री गहलोत बैठते-उठते, सोते-जागते मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने में लगे रहे और आधी कांग्रेस उन्हें कुर्सी से हटाने में लगी रही, लेकिन लूट मचाने के मामले में पूरी कांग्रेस एक रही।

### चुनाव प्रचार में बेशर्मी से झूठ बोलते हैं मोदी : जयराम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस टिप्पणी पर पलटवार किया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे ज्यादा मामले राजस्थान में हैं और कहा कि उन्होंने मणिपुर और महिलाओं के खिलाफ अपराध की अन्य घटनाओं पर एक भी शब्द नहीं बोला। लेकिन जब चुनाव प्रचार की बात आती है तो वह वही करेंगे जो वह सबसे अच्छा करते हैं, 'बेशर्मी से झूठ बोलना'। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा को नजरअंदाज नहीं करेगी, और राजस्थान सरकार सभी मामलों में अत्यंत तत्परता और गंभीरता के साथ न्याय करेगी, जबकि भाजपा सरकारें इसके विपरीत कभी भी जिम्मेदारी या जवाबदेही स्वीकार नहीं करती हैं।

# महाराष्ट्र के एक अस्पताल में 12 नवजात समेत 24 की मौत

### दवाइयों की कमी बताई जा रही वजह



**नांदेड़,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक सरकारी अस्पताल में पिछले 24 घंटों में 12 नवजात शिशुओं समेत 24 मरीजों की मौत का मामला सामने आया है। अस्पताल के डीन ने इसके लिए दवाओं और अस्पताल के कर्मचारियों की कमी को जिम्मेदार ठहराया है। मामला नांदेड़ के डॉ. शंकरराव चव्हाण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का है। अस्पताल के डीन ने बताया कि पिछले 24 घंटों में हुई 24 मौतों में से 12 वयस्कों की मौत कई बीमारियों (ज्यादातर सांप के काटने) के कारण हुई। पिछले 24 घंटों में हुई मौतों में 12 मासूम बच्चे भी शामिल हैं, जिनमें छह लड़के और छह लड़कियां शामिल हैं। कर्मचारियों के स्थानांतरण के कारण हमें कुछ कठिनाई का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि हम तृतीयक स्तर के देखभाल केंद्र हैं। 70 से 80 किलोमीटर के दायरे में यह इकलौता ऐसा केंद्र है। इसलिए मरीज दूर-दूर से भी हमारे पास आते हैं। कुछ दिनों में रोगियों की संख्या बढ़ गई है। इससे बजट समेत कई समस्याएं पैदा होती हैं। डीन ने कहा कि एक इंस्टीट्यूट हैफकिन है। हमें उनसे दवाएं खरीदनी थीं, लेकिन वह भी नहीं हुआ।

**विपक्ष के निशाने पर शिंदे सरकार**

इस बीच महाराष्ट्र में विपक्ष ने राज्य में एकनाथ शिंदे सरकार पर चौतरफा हमला करते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

# मणिपुर में छात्रों की हत्या मामले में चार गिरफ्तार

**इंफाल,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। मणिपुर में 2 छात्रों की हत्या के आरोप में सीबीआई ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें 2 महिलाएं हैं। इन्हें चुराचांदपुर से पकड़ा गया है। जांच एजेंसी सभी आरोपियों को असम के गुवाहाटी ले गई है।

गिरफ्तार लोगों में हत्या का मुख्य आरोपी और उसकी पत्नी भी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन ने भी चार लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इनके नाम पाओमिनलुन हाओकिप, एस. मालस्वान हाओकिप, लिंग्नेइचोन बाइट और टिन्नुपिंग हैं। उन्होंने कहा कि हम दोषियों को मौत की सजा दिलाएंगे। उधर, चार आरोपियों के गिरफ्तारी का विरोध भी शुरू हो गया है। चुराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तार लोगों को बेकसूर बताते हुए 48 घंटे में रिहाई की मांग की। उन्होंने रविवार रात से जिले में बंद का ऐलान कर दिया। इसके बाद राज्य में सेल्युलर इंटरनेट बैन 6 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया। वहीं, लापता बच्चों के परिजन ने कहा कि जब तक शव बरामद नहीं हो जाते, तब तक उन्हें शांति नहीं मिलेगी।



- आरोपियों की गिरफ्तारी का विरोध शुरू
- छह अक्टूबर तक इंटरनेट पर प्रतिबंध

# तृणमूल कांग्रेस का राजघाट पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम और अन्य योजनाओं के लिए धन की मांग को लेकर सोमवार को राजघाट पर विरोध प्रदर्शन किया। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर पार्टी नेताओं के साथ केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए। पार्टी नेताओं के मुताबिक, राजघाट पर विरोध प्रदर्शन का स्थान तब तय किया गया, जब उन्हें वहां विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति मिल गई। तृणमूल कांग्रेस के नेता हाथों में तख्तियां लेकर राजघाट पर धरने पर बैठ गए, जिन पर लिखा था, 'रिलीज बंगाल फंड्स नाउ'। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने केंद्र सरकार द्वारा राज्य को मनरेगा और अन्य आवास योजना निधि से कथित तौर पर इनकार करने के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया था।

**केंद्र से मनरेगा व अन्य योजनाओं के लिए की धन की मांग**

**पुरस्कार** *चिकित्सा में 2023 के नोबेल का ऐलान*

# कोरोना के खिलाफ टीकों के लिए कैटालिन व वीसमैन को पुरस्कार

**स्टॉकहोम, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। हंगेरियन-अमेरिकी बायोकेमिस्ट कैटालिन कारिको और अमेरिकी चिकित्सक-वैज्ञानिक ड्रू वीसमैन को कोविड-19 टीकों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेंजर आरएनए (एमआरएनए) तकनीक विकसित करने के लिए मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। नोबेल समिति ने सोमवार को इस पुरस्कार की घोषणा की।**

नोबेल समिति ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा, फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए प्रदान किया गया है, जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास को सक्षम किया है। इस साल कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को चिकित्सा का नोबेल दिया गया। इन्हें न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित उनकी खोजों के लिए यह सम्मान दिया गया। इस खोज की वजह से कोरोनावायरस यानी कोविड-19 के खिलाफ प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास में मदद मिली।





- प्रभावी एमआरएनए टीकों के विकास के लिए किया काम

**नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने की घोषणा**

नोबेल समिति के सचिव थॉमस पर्लमैन ने कोरोलिंस्का संस्थान में विजेता की घोषणा की। चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरूआत हो गई है। अब मंगलवार को भौतिकी, बुधवार को रसायन विज्ञान और गुरुवार को साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता के नाम की घोषणा होगी। इसके अलावा नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा शुक्रवार को और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में इस पुरस्कार के विजेता की घोषणा नौ अक्तूबर को की जाएगी। पुरस्कारों में 1.1 करोड़ स्वीडिश क्रोनर यानी दस लाख अमेरिकी डॉलर या दस लाख डॉलर का नकद पुरस्कार दिया जाता है। धनराशि अवॉर्ड के संस्थापक और स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल की छोड़ी हुई वसीयत से आती है। 1896 में उनका निधन हो गया था।

# देश

**उवाच**

“ अनुच्छेद-370 और 35 ए को निरस्त करना चार साल पहले केंद्र सरकार द्वारा की गई एक बड़ी भूल थी। इसने जम्मू-कश्मीर के लोगों को और भी मुश्किल में डाल दिया। राजनीतिक दल कई वर्षों से जम्मू-कश्मीर में चुनावों का इंतजार कर रहे हैं।

–गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी अध्यक्ष





| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 24.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 28.0 |

# गांधी व शास्त्री ने विश्व को शांति व अहिंसा का दिया संदेश : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर संसद परिसर में संविधान सदन के

- **संसद परिसर में महात्मा गांधी व शास्त्री के चित्रों पर की पुष्पांजलि अर्पित**
- **लोस अध्यक्ष ने महात्मा गांधी की शिक्षाओं का किया उल्लेख**

केंद्रीय कक्ष में उनके चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि दोनों नेता सादगी और विनम्रता के प्रतीक थे और उन्होंने दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश दिया। महात्मा गांधी की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि सत्यनिष्ठा, सादगी और आत्मनिर्भरता के प्रति गांधी की प्रतिबद्धता ने दुनिया पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

उन्होंने यह भी कहा कि गांधीजी के अहिंसा, सत्य और न्याय के सिद्धांतों से पूरी दुनिया में सामाजिक परिवर्तन और नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलनों को प्रेरणा मिली है। महात्मा गांधी मानते थे कि सच्चा परिवर्तन केवल शांतिपूर्ण तरीकों से ही प्राप्त किया जा सकता है। बिरला ने जय जवान जय किसान का शक्तिशाली नारा देने वाले स्वतंत्र भारत के दूसरे प्रधानमंत्री, भारत रत्न, लाल बहादुर शास्त्री के बारे में भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी का यह नारा हमारे देश की रक्षा और विकास में हमारे किसानों और हमारे सुरक्षा बलों के उल्लेखनीय योगदान की याद



**युवाओं को महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : ओम बिरला**

दिलाता है। उन्होंने छात्रों से महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेने और सादगी, स्वच्छता और सामुदायिक सेवा की उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। इससे पहले दिन में, लोकसभा अध्यक्ष महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने के लिए क्रमश: राजघाट और विजय घाट गए। बिरला ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान; केंद्रीय संसदीय कार्य तथा कोयला एवं खान मंत्री, प्रलहाद जोशी; राज्यसभा में विपक्ष के नेता, मल्लिकार्जुन खड़गे; संसद सदस्यों, पूर्व संसद सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोकसभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, पी.सी. मोदी ने भी महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर, प्राइड ने भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय तथा युवा मामले और खेल मंत्रालय के समन्वय से अपने नेता को जानें-हमारे राष्ट्रीय नेताओं को श्रद्धांजलि देने में हमारे देश के युवाओं की भागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया। देश भर के स्कूलों और कॉलेजों से चुने गए युवा प्रतिभागी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। चयनित प्रतिभागियों ने इन दोनों महान नेताओं के जीवन और शिक्षाओं के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

## सरलता व निष्ठा से ओत प्रोत थे लाल बहादुर शास्त्री : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को विजय घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। धनखड़ सुबह विजय घाट पहुंचे और उन्होंने शास्त्री को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। धनखड़ ने शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह सरलता और निष्ठा से ओत प्रोत थे और उनका प्रेम मातृभूमि के लिए था। असाधारण चुनौतियों के बीच जय जवान जय किसान के नारे के साथ भारत का नेतृत्व उनकी महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाता है। उप राष्ट्रपति ने कहा के शास्त्री जी का जीवन और दर्शन हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।



# उप्र के देवरिया में जमीनी विवाद में छह की हत्या

**लखनऊ/देवरिया,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के रूद्रपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह जमीनी विवाद में छह लोगों की हत्या कर दी गई जबकि एक गम्भीर रूप से घायल है। वहीं उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और दोषियों के प्रति कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

- **योगी ने घटना पर जताया दुख**

सदर क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर में दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर छह लोगों की हत्या कर दी गई। इस हिंसक वारदात में एक लड़की गम्भीर रूप से घायल है जिसको बेहतर इलाज के लिए डाक्टरों ने गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है। उन्होंने बताया कि फत्तेपुर गांव निवासी पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम यादव का गांव के ही सत्यप्रकाश दुबे के परिवार से जमीनी विवाद चल रहा था। आज तड़के प्रेम यादव का शव गांव के पास मिलने से हड़कंप मच गया। हत्या के प्रतिशोध में प्रेम यादव के समर्थकों ने सत्य प्रकाश दुबे के घर धावा बोल दिया तथा सत्य प्रकाश, उनकी पत्नी किरण दुबे, पुत्री सलोनी, नन्दनी और बेटे अनमोल की हत्या कर दी। मौके पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा पहुंचे है। वारदात से गांव में तनाव व्याप्त है जिसको देखते हुए एहतियात के तौर पर पीएसी बल तैनात किया गया है।

# मोदी तेलंगाना व छत्तीसगढ़ में कई योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ और तेलंगाना का दौरा करेंगे तथा दोनों राज्यों में करीब 34 हजार करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार मोदी सबसे पहले पूर्वाह्न 11 बजे छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर पहुंचेंगे और राज्य में 26,000 करोड़ रुपए से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे जिनमें नगरनार स्थित राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड का इस्पात संयंत्र का लोकार्पण भी शामिल है। मोदी इसके बाद अपराह्न लगभग तीन बजे तेलंगाना के निजामाबाद पहुंचेंगे, जहां वे बिजली, रेल व स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण सेक्टरों की लगभग 8000 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मोदी छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले में 23,800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनकर तैयार नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील



लिमिटेड के इस्पात संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। यह ग्रीन फील्ड परियोजना का संयंत्र है, जहां उच्च गुणवत्ता वाला इस्पात निर्मित होगा। नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का इस्पात संयंत्र हजारों लोगों को संयंत्र में और अनुषांगिक व सहयोगी उद्योगों में रोजगार के अवसर देगा। इलाके के सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाकर यह संयंत्र बस्तर को दुनिया के इस्पात मानचित्र में दर्ज कर देगा। इसके बाद करीब तीन बजे तेलंगाना में देश में ऊर्जा दक्षता में सुधार करते हुए बिजली उत्पादन बढ़ाने के बारे में प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप, एनटीपीसी की तेलंगाना सुपर थर्मल पॉवर परियोजना की पहले 800 मेगावॉट संयंत्र के प्रथम चरण का लोकार्पण किया जाएगा।

## तेलंगाना की रेल अवसंरचना में आएगी तेजी

प्रधानमंत्री द्वारा रेल परियोजनाओं के लोकार्पण की बदौलत तेलंगाना की रेल अवसंरचना में तेजी आ जायेगी। इन परियोजनाओं में मनोहराबाद और सिद्दीपेट को जोड़ने वाली नई रेल लाइन परियोजना तथा धर्माबाद-मनोहराबाद और महबूबनगर-कुरनूल के बीच विद्युतीकरण परियोजना शामिल है। इस तरह मनोहराबाद-सिद्दीपेट की 76 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के आसपास के इलाके में खासतौर से मेडक और सिद्दीपेट जिलों में सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी आएगी।

## सार संक्षेप

### मनोज सिन्हा ने राष्ट्रपिता की प्रतिमा का किया अनावरण

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यहां नागरिक सचिवालय में राष्ट्रपिता को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि के रूप में महात्मा गांधी की प्रतिमा और चरखा स्थापना का अनावरण किया। पूज्य बापू का हमेशा मानना था कि चरखे की परिधि का संदेश उसकी मूर्त परिधि से कहीं अधिक व्यापक है। चरखे का लक्ष्य मानव जाति की सेवा करना, दूसरों को नुकसान पहुंचाए बिना जीना, अमीर और गरीब, पूंजी और श्रम के बीच एक अविभाज्य बंधन बनाना है।

### नांदेड़ के सरकारी अस्पताल में 24 मरीजों की मौत

**नांदेड़।** महाराष्ट्र में नांदेड़ के शंकरराव चव्हाण सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित रूप से दवाओं की कमी के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम 24 गंभीर रूप से बीमार मरीजों की मौत हो गई। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि मृतकों में 12 नवजात शिशु भी शामिल हैं। बताया जाता है कि राज्य भर के सरकारी अस्पताल दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। इन सरकारी अस्पतालों में दवा सप्लाई करने वाली कंपनी हाफकिन इंस्टीट्यूट ने दवाइयों की खरीदारी बंद कर दी है जिसके कारण यह स्थिति निर्मित हुई है।

### मेघालय में भूकंप के झटके किए गए महसूस

**शिलांग।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि सोमवार शाम को मेघालय के उत्तरी गारो हिल्स क्षेत्र और असम के आसपास के जिलों में मध्यम तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई। मध्यम तीव्रता का झटका शाम छह बजकर 15 मिनट पर आया। उत्तरी गारो हिल्स व आसपास के पश्चिम व पूर्वी गारो हिल्स जिलों के साथ-साथ असम के निकटवर्ती इलाकों में भी जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप सतह से दस किमी की गहराई पर आया।

### बंगाल के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को कहा कि पड़ोसी राज्य झारखंड के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण राज्य के सात जिलों में बाढ़ का अनुमान है। झारखंड में ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में जारी और अनुमानित भारी बारिश के कारण राज्य के सात जिलों पश्चिम बर्धमान, बांकुरा, बीरभूम, पूर्व बर्धमान, पश्चिम मेदिनीपुर, हुगली और हावड़ा में बाढ़ का प्रबल अनुमान है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाने के लिए संबंधित जिलों के साथ तत्काल वर्चुअल बैठक कर सहमति बनाने का निर्देश दिया।

# बिहार सरकार की जातीय गणना रिपोर्ट में कई खामियां : उपेंद्र कुशवाहा

**पटना,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार में जातीय गणना के आंकड़े सार्वजनिक होने के साथ ही इसको लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। एक तरफ जहां सरकार आंकड़ों को जारी करने के

- **नीतीश सरकार द्वारा जारी किए गए आंकड़ों पर उठाए सवाल**

बाद अपनी पीठ थपथपा रही है तो वहीं दूसरी तरफ इसको लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने जातीय गणना के आंकड़ों को फर्जी बताया है और कहा है कि सरकार द्वारा जारी किए गए रिपोर्ट में कई खामियां है और ऐसा लगता है कि सरकार ने हड़बड़ी में जातीय गणना के आंकड़े जारी कर दिए हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि खुद उनसे उनकी जाति के बारे में नहीं पूछा है। यह एक व्यक्तिगत मसला हो सकता है लेकिन बहुत से ऐसे लोग हैं जो इस तरह की बात कह रहे हैं। जातीय गणना को लेकर उठ रहे सवालों को दूर करना सरकार की जवाबदेही है।




**सरकार ने हड़बड़ी में किए जातीय गणना के आंकड़े जारी : उपेंद्र कुशवाहा**

जातीय गणना का मामला कोर्ट में चल रहा था इस बीच सरकार ने कोर्ट में कह दिया कि जातीय गणना का काम पूरा हो चुका है। अचानक से कोर्ट में मामला चला तो उस पर सरकार ने जल्दीबाजी में आकर जैसे तैसे आंकड़ा जारी कर दिया, ऐसी आशंका जताई जा रही है। हड़बड़ी में आंकड़े जारी किए गए हैं तो यह भी स्वभाविक है कि बहुत से लोगों का नाम छूट गया होगा और कुछ लोगों का नाम जान बूझकर भी छोड़ दिया गया होगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने कोर्ट में यह दलील दी थी कि उसे जातीय गणना के आंकड़ों की जरूरत इसलिए है कि विकास में जो लोग पीछे रह गए हैं उनके लिए योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। अब जब आंकड़े सामने आ गए हैं तो सरकार अतिपिछड़ा समाज के लोगों के लिए ठोस योजना बनाए।

## पंचायत स्तर पर की जाए आंकड़ों की जांच

उपेंद्र कुशवाहा ने सरकार से मांग की है कि मतदाता सूची बनाने में जिस प्रक्रिया को अपनाया जाता है उसी प्रक्रिया को जातीय गणमा में भी अपनाया जाए। पंचायत स्तर पर आंकड़ों की जांच की जाए, ताकि हर व्यक्ति यह देख सके की उसके आंकड़े जोड़े गए हैं या नहीं। जातीय गणना की रिपोर्ट में संशोधन कर उसे फिर से जारी किया जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो लोगों के मन में जो आशंका है वह हमेशा बनी रहेगी।



■ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपिता की समाधि राजघाट पर महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे। वहीं दूसरी ओर पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। फोटो इम्तियाज खान

# निखत ज़रीन व अगासरा नंदिनी ने बढ़ाया देश व राज्य का गौरव : केसीआर



- **मुख्यमंत्री ने एशियन गेम्स में पदक जीतने पर खिलाड़ियों को दी बधाई**

**हैदराबाद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। चीन में चल रहे एशियन गेम्स में तेलंगाना के एथलीट अपना भरपूर दमखम दिखा रहे हैं। रविवार को आयोजित एशियाई खेलों में तेलंगाना के निखत ज़रीन और अगासरा नंदिनी को मुक्केबाजी और हेप्टाथलॉन खेल श्रेणियों में कांस्य पदक जीतने पर मुख्यमंत्री के.चन्द्रशेखर राव ने खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने प्रशंसा करते हुए कहा कि दोनों बच्चों ने ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं जिससे राज्य को गौरव महसूस हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़ी बात है कि गुरुकुल ने पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में देश के लिए मिसाल कायम कर एशियन गेम्स में अपनी ताकत दिखाई है। मुख्यमंत्री ने इस बात की सराहना की कि राज्य के खिलाड़ियों ने तेलंगाना के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिए गए प्रोत्साहन से तेलंगाना के बच्चे अपनी प्रतिभा दिखाकर न केवल तेलंगाना बल्कि देश के लिए पदक जीतकर खुश हैं। महिला मुक्केबाजी के सीनियर वर्ग में दिग्गज मैरी कॉम के बाद निखत ज़रीन एक से अधिक बार विश्व चैम्पियनशिप जीतने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज बन गईं।

## हमेशा खिलाड़ियों का समर्थन करेगी तेलंगाना सरकार : केसीआर

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सरकार हमेशा खिलाड़ियों का समर्थन करेगी और यह समर्थन जारी रहेगा। एशियाई खेलों में, तेलंगाना गुरुकुल की छात्रा अगासरा नंदिनी ने हेप्टाथलॉन में कांस्य पदक जीता। नंदिनी तेलंगाना राज्य की एकमात्र एथलीट हैं जिन्होंने एशियाई खेलों में एथलेटिक्स में भाग लिया है। निकहत ज़रीन ने 12 साल की उम्र में निज़ामाबाद में एक एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लिया था। वह लगातार दो बार विश्व चैंपियन बनीं।

# विपक्ष का विकास विरोधी रुख निंदनीय : नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को विपक्ष की जनविरोधी और विकास विरोधी रूख की आलोचना की और कहा कि विपक्षी दल ओडिशा की विकास यात्रा से खुश नहीं हैं और गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। पटनायक ने गांधी जयंती के दिन प्रदेश भर में बीजद पदयात्रा की शुरुआत करते हुए कहा कि गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह करना विपक्ष का एकमात्र काम रह गया है। उन्होंने जोर दिया कि जब भी कोई चुनाव होता है तो विपक्ष हमेशा ऐसी गतिविधियों में शामिल होता है लेकिन जनता ने हमेशा उन्हें खारिज कर दिया है। विपक्षी दल पुरी में श्रीजगन्नाथ मंदिर और भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर के चल रहे विकास कार्यों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी ऐसी गतिविधियों के लिए राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। बीजद पदयात्रा 11 अक्टूबर तक चलेगी। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण शिविर, रक्तदान शिविर और वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जाएगा।

# पथराव की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी सरकार : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईद मिलाद हिंसा को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि शिवमोग्गा शहर में हुई पथराव की घटना के सिलसिले में 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीएम ने साफ तौर पर कहा कि सरकार पथराव की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगी। शिवमोग्गा शहर शांतिपूर्ण है। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए सिद्दारमैया ने कहा कि हिंसा के लिए जिम्मेदार और पथराव करने वाले 40 से अधिक उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। हम उन पर मामले दर्ज कर रहे हैं क्योंकि धार्मिक जुलूस निकालते समय पथराव करना कानून के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इन गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी और उन पर लगाम लगाई जाएगी। उन्होंने कहा शिवमोग्गा शहर अब पूरी तरह से सामान्य है। पुलिस हरसंभव कार्रवाई कर रही है। पथराव की घटना के बाद शहर में शांति स्थापित हो गई है। हम शिवमोग्गा में शांति बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। सीएम ने आगे कहा, शिवमोग्गा में जब ईद मिलाद का जुलूस निकाला गया था, तो उपद्रवियों ने शहर के बाहरी इलाके के रागी गुड्डा इलाके में पथराव किया था। पुलिस पर भी पथराव हुआ था। पुलिस ने अनिवार्य रूप से लाठीचार्ज किया। तनाव बढ़ने के बाद कर्नाटक पुलिस ने सोमवार को पूरे शिवमोग्गा शहर में कर्फ्यू बढ़ा दिया। ईद मिलाद जुलूस के दौरान हिंसा के बाद रविवार को शहर के रागी गुड्डा इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई।



- **शिवमोग्गा हिंसा में 40 से अधिक उपद्रवियों को किया गिरफ्तार**

**फैसला** *केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में हुआ फैसला*

# छत्तीसगढ़ व राजस्थान में भी भाजपा आजमाएगी मप्र का फार्मूला

**नई दिल्ली, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव-2024 के पहले इस साल के आखिर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ने चुनाव जीतने के लिए नेताओं व कार्यकर्ताओं की फौज उतार दी है। मध्य प्रदेश में पार्टी अभी तक तीन केंद्रीय मंत्रियों व सात सांसदों को चुनावी मैदान में उतार चुकी है।**

इसी तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ व राजस्थान में केंद्रीय मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा। इसका फैसला गत रविवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में लिया गया।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ की बची 69 सीटों के लिए भी नाम तय कर दिए हैं। एक-दो दिन में ही इनका ऐलान किया जा सकता है। जबकि सूबे के लिए 21 उम्मीदवारों के नाम पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। छत्तीसगढ़ की सत्ता में फिर से वापसी के लिए भाजपा पूरी ताकत लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद लगातार सूबे का दौरा कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की तरह ही छत्तीसगढ़ में भी कुछ बड़े चेहरों प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के साथ ही केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी, रायपुर के सांसद सुनील सोनी, दुर्ग विजय बघेल सांसद को चुनावी अखाड़े में उतारा जा सकता है। वहीं भाजपा ने राजस्थान के लिए 54 उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए हैं। ये सीटें वे हैं,जहां भाजपा पिछली बार चुनाव हार गई थी।



- **चौकाने वाली हो सकती है राजस्थान के लिए घोषित होने वाली भाजपा के उम्मीदवारों की सूची**

सूत्रों के मुताबिक, पार्टी राजस्थान में भी तीन केंद्रीय मंत्रियों गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन राम मेघवाल और कैलाश चौधरी के अलावा चार सांसदों राज्यवर्धन सिंह राठौर, दिया कुमारी, राहुल कासवन और बाबा बालक नाथ को मैदान में उतार सकती है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उलझाने के लिए उनके सामने गजेंद्र सिंह शेखावत को मैदान में उतारा जाय। माना जा रहा है कि राजस्थान के लिए घोषित होने वाली भाजपा के उम्मीदवारों की सूची चौकाने वाली हो सकती है। पार्टी सूत्रों की मानें तो भाजपा जल्द ही राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों की पहली सूची और छत्तीसगढ़ उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर सकती है।

भाजपा छत्तीसगढ़ के लिए अपने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची 17 अगस्त को ही जारी कर चुकी है। भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष, देवेंद्र फडणवीस, बीएस येदियुरप्पा, सर्बानंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और भूपेन्द्र यादव सहित केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल अन्य नेता भी मौजूद रहें।

उल्टा पुल्टा

बेटा ( अपनी मां से ) : मम्मी, आज मेरे दोस्त घर आ रहे हैं। प्लीज मेरे सारे खिलौने आपकी अलमारी में छुपा दो।
मम्मी : क्यों, क्या तुम्हारे सारे दोस्त चोर हैं?
बेटा : नहीं, वे अपनी चीजें पहचान लेंगे!!

# सार्वजनिक परिवहन की सुविधाएं होंगी मजबूत

## उपराज्यपाल ने परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता में पीएमयू गठित करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने व्यापक परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) को गठित करने का निर्देश दिया है। यह इकाई मेट्रो स्टेशनों पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में काम करेगी। एमएमआई के तहत मेट्रो, बस सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के साथ लास्ट माइल कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। परिवहन आयुक्त की अध्यक्षता वाले पीएमयू में पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीएमआरसी, डीडीए और ट्रैफिक पुलिस के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। यह इकाई सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक एजेंसी व विभाग बिना किसी गड़बड़ी के अपनी भूमिका निभाए। पीएमयू यह सुनिश्चित करेगा कि एमएमआई योजनाएं प्रभावी हों और लक्ष्य को हासिल करें। बता दें कि एक जगह से दिल्ली मेट्रो, बस, कैब सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके तहत मेट्रो स्टेशनों पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) योजना विकसित की जाएगी। परिवहन आयुक्त इसे लेकर काम करेंगे। एलजी ने समन्वय और सहयोग की कमी पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे दूर करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी के तहत पीएमयू का गठन करने का निर्देश दिया।



- दिल्ली में मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन को मजबूत करेंगे पीएमयू
- एक ही जगह से मेट्रो, बसें सहित अन्य सार्वजनिक परिवहन की मिलेगी सुविधा

### मेट्रो स्टेशनों के साथ अन्य जगहों पर होगी सेवाएं

दिल्ली मेट्रो स्टेशनों के साथ सार्वजनिक परिवहन के अन्य परिसरों पर बेहतर सुविधा देने के लिए आयुक्त परिवहन को योजना बनाने का काम सौंपा गया है। आयुक्त मेट्रो स्टेशनों के साथ अन्य जगहों पर भी बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में काम करेंगे जिससे सार्वजनिक परिवहन की सुविधा बेहतर हो।

### मिलेगी बेहतर सुविधाएं

दिल्ली के विभिन्न इलाकों में प्रमुख सार्वजनिक परिवहन केंद्र के रूप में विकसित होने वाले विभिन्न मेट्रो स्टेशनों के मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन योजनाओं में इंटरकनेक्टेड स्ट्रीट नेटवर्क, स्ट्रीट डिजाइन, सिग्नलयुक्त और ग्रेड से अलग सड़क क्रॉसिंग, मॉडल इंटरचेंज और पार्किंग की सुविधा विकसित हो रही है। लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए साइकिल, बस, ऑटो रिक्शा और कैब व अन्य की सुविधा भी विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा सड़क पर पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, हॉकर जोन, साइनेज और सड़क मानचित्र और सार्वजनिक परिवहन को भी बेहतर बनाया जा रहा है।

### उपराज्यपाल ने जताई नाराजगी

सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए यूटीटीआईपीईसी की हालिया बैठक में यह बात सामने आई कि मेट्रो स्टेशनों के लिए शोध के बाद तैयार योजनाओं को सही से लागू करने की दिशा में काम किया जा रहा है। लेकिन मेट्रो के अलावा अन्य हितधारक एजेंसियों सही से काम नहीं कर रहे। उनकी प्रभावशीलता सीमित होने के कारण सेवाएं प्रभावी नहीं बन पा रही। इस पर एलजी ने नाराजगी जाहिर की। बीते बैठक में तीस हजारी, रिठाला और सीलमपुर मेट्रो स्टेशनों के लिए एमएमआई योजनाओं पर चर्चा के बाद इन्हें मंजूरी दी गई। वहीं इस साल मार्च में हुई बैठक में यूटीटीआईपीईसी ने शादीपुर, मयूर विहार और पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशनों के लिए एमएमआई योजनाओं को मंजूरी दे दी।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत : शैली

## मेयर ने महात्मा गांधी की जयंती पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर राजघाट जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले टाउन हॉल जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मेयर ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाकर हम गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। दिल्ली की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर राजघाट और आजाद पार्क टाउन हॉल पहुंची। वहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राजघाट समाधि कमेटी की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय सदस्य भी हैं। इस अवसर पर मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकारें देश के आदर्शों के सपनों को पूरा करने का काम कर रही हैं। सफाई से लेकर शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दे रही हैं।

### स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने को जुटा दिल्ली नगर निगम

दिल्ली नगर निगम गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांत हमेशा देशवासियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाकर हम गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इस अवसर पर निगम के क्षेत्रीय उपायुक्त, निगम पार्षदगण और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### आधुनिक बैटरियों के निर्माण को नया आयाम देगा बैटरी शो

**नई दिल्ली।** इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया 'द बैटरी शो इंडिया' के पहले संस्करण का आयोजन करने जा रहा है, जो देश में आधुनिक बैटरियों के निर्माण को नया आयाम देगा। यूएसए और यूरोप में बैटरी शो की ज़बरदत सफलता के बाद इसका भारतीय संस्करण सालाना आयोजन बन जाएगा, जो भारत के बैटरी, एनर्जी स्टोरेज एवं परिवहन क्षेत्रों को एक दूसरे के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शो का आयोजन एशिया के सबसे बड़े रीन्यूएबल एनर्जी इवेंट रीन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो के साथ 4-6 अक्टूबर 2023 को ग्रेटर नोएडा, दिल्ली-एनसीआर के इंडिया एक्सपो सेंटर में होगा। बैटरी शो इंडिया के आगामी पहले संस्करण पर विचार व्यक्त करते हुए योगेश मुद्रास, मैनेजिंग डायरेक्टर, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया ने कहा कि टीबीएसआई में बैटरी टेक्नोलॉजी की आधुनिक तकनीकों को पेश किया जाएगा, जो देश में एनर्जी स्टोरेज सेक्टर के विकास को गति प्रदान करेंगी। एक अनुमान के मुताबिक भारत में बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम अगले पांच सालों के दौरान 11.20 फीसदी की दर से बढ़कर 5.27 मिलियन के आंकड़े पर पहुंच जाएंगे।

### किरण क्लोदिंग ने एक्सक्लूसिव बॉयज वियर ब्रैंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** किरण क्लोदिंग ने भारत का अपना नवीनतम ब्रैंड - जूनियर किलर लॉन्च किया। यह नया ब्रैंड 4 वर्ष से 16 वर्ष तक के यंग लड़कों की सभी प्रकार की परिधान संबंधी ज़रूरतों को पूरा करते हुए फैशन के प्रति नजरिया बदलने को तैयार है। जूनियर किलर के व्यापक विकल्प उपलब्ध हैं। जूनियर किलर के प्रारंभिक कलेक्शन को आधुनिक समझदार यंग लड़कों की विशेष आवश्यकताओं, पसंद को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। व्यापक विकल्पों के साथ जूनियर किलर की तीन श्रेणियाँ हैं -कैजुअल, स्पोर्ट्स और क्लासिक। डेनिम्स से लेकर टी-शर्ट, शर्ट और को-ओर्ड्स तक, यह कलेक्शन विभिन्न अवसरों और स्टाइलों की जरुरत पूरी करता है। इस लॉन्च के बारे में केवल किरण क्लोदिंग के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, हेमंड जैन ने कहा कि हमने इस कलेक्शन को काफी सावधानी से तैयार किया है, जिनमें न केवल उनकी अद्वितीय स्टाइल झलकती है, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहकर दुनिया में अपनी छाप छोड़ने की शक्ति भी प्राप्त होती है।

### बीबीबीएस नौसेना सेक्टर के लिए विकसित तकनीकों का करेगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** डेफटेक सेक्टर में भारत के सबसे तेजी से विकसित होते स्टार्ट-अप बिग बैंग बूम सोल्युशन्स प्रा.लिमिटेड बीबीबीएस ने नेवल इनोवेशन एण्ड इन्डाइजेनिसेशन ओर्गेनाइजेशन की सालाना सेमिनार में हिस्सा लेने की है। सेमिनार का आयोजन 4 व 5 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में होगा। बीबीबीएस, स्प्रिंट पहल के तहत विकसित अपनी पुरस्कार विजेता तकनीकों को पेश करेगा। डॉ.आर शिवरमन, सह-संस्थापक एवं हैड ऑफ रीसर्च एण्ड प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट, बिग बैंग बूम सोल्युशन्स ने कहा कि स्प्रिंट सही मायनों में स्प्रिंट रहा है। पिछले कुछ महीनों में इसने जो कामयाबी हासिल की है, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी, यह पहल आने वाले सालों में डिफेन्स में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देगी। यह स्टार्ट-अप्स के लिए वरदान है। इस सफलता को देखकर अच्छा लगता है। एओएन के लिए 1500 करोड़ रुपए का ऑर्डर डोमेस्टिम डीफेन्स उद्योग के लिए सराहनीय है।

# राजधानी में स्वास्थ्य मॉडल ध्वस्त : वीरेंद्र

## केजरीवाल पर लगाया पंजाब के लोगों को गुमराह करने का आरोप

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा ने केजरीवाल पर पंजाब के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि केजरीवाल स्वास्थ्य सेवाओं पर पंजाब के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि दिल्ली में उनका स्वास्थ्य मॉडल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि अरविंद केजरीवाल स्वास्थ्य सेवाओं पर पंजाब के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि दिल्ली में उनका स्वास्थ्य मॉडल पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब दिल्ली सरकार में सेवाओं की बदहाली या डॉक्टरों और दवाओं की कमी की कोई नई खबर सामने न आती हो और ऐसे समय में



केजरीवाल द्वारा पंजाब के लोगों को बताना कि आम आदमी पार्टी सरकार दिल्ली की तरह पंजाब को भी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी आश्चर्यजनक है।

सचदेवा ने कहा कि आज जब केजरीवाल दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में पंजाब के सामने गलत बयानी कर रहे हैं, उस दिन अखबारों में दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान के खराब स्वास्थ्य की खबरें आ रही हैं, जहां बुनियादी मशीनें काम नहीं कर रही हैं, मेडिकल जांचें बहुत कम हो रही हैं और दवाएं गायब हैं। सरकारी अस्पतालों की हालत दयनीय है, रिपोर्टों में जीबी पंत जैसे अस्पतालों की खराब स्थिति सामने आई है। पंत अस्पताल का हाल बेहाल है जहां मरीजों को एमआरआई के लिए 39 महीने की तारीख दी जा रही है। मौलाना आज़ाद डेंटल कॉलेज दांत बदलने के लिए 13 महीने की तारीख दे रहा है। भाजपा नेता ने आगे कहा कि चाहे वह पूर्वी दिल्ली का जीटीबी अस्पताल और चाचा नेहरू अस्पताल हों, पश्चिमी दिल्ली का दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल हो या मध्य दिल्ली का एलएनजेपी अस्पताल, सभी में डॉक्टरों, बिस्तरों, पैरामेडिकल स्टाफ, साफ–सफाई के अलावा दवाओं की कमी के कारण खबरों में बने रहते हैं। मोहल्ला क्लीनिक को पूरी तरह से फेल बताया।




■ नई दिल्ली स्थित लोधी एस्टेट में टीडीपी प्रमुख व आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी के विरोध में आयोजित भूख हड़ताल के दौरान तेलुगु देशम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव नारा लोकेश व पार्टी समर्थक। फोटो इम्तियाज खान

# शहीद बबलू सिंह के सम्मान में उनके स्मारक पर रखा जाएगा आर्मी टैंक

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वाभिमान देश का संगठन, शहीदों और उनके परिवारों को सम्मानित करने के लिए 2017 से विभिन्न प्रयास करते आ रहा है। इसी कड़ी में स्वाभिमान देश का संगठन के संस्थापक सुरेंद्र सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में अमर शहीद बबलू सिंह सेना मेडल और उनके परिवार को सम्मानित करने हेतु झंडीपुर गांव, फरह ब्लॉक, जनपद मथुरा में भारतीय सेना द्वारा पुणे से लाएजा रहे टी–55 टैंक को उनके स्मारक पर रखेगा। पुणे के आर्मी कैंप से लाया जा रहा यह टैंक आने वाली 4 अक्टूबर, 2023 को मथुरा पहुंच जाएगा जहां इसे गांव में बने अमर शहीद बबलू सिंह स्मारक पार्क में रखा जायेगा। झंडीपुर गांव, मथुरा के निवासी बबलू सिंह, वर्ष 2005 में भारतीय सेना की जाट रेजीमेंट में सिपाही पद पर भर्ती हुए। प्रशिक्षण के पश्चात् उन्हें 18वीं जाट बटालियन में नियुक्त किया गया। वर्ष 2016 में सिपाही बबलू सिंह की नियुक्ति जम्मू कश्मीर के आतंकवाद विरोधी अभियानों के दमन हेतु 61 राष्ट्रीय राइफल्स के साथ की गई। 29 व 30 जुलाई, 2016 की मध्यरात्रि में नौगांव सेक्टर में सिपाही बबलू सिंह की दो आतंकवादी के साथ लंबी मुठभेड़ हुई। आतंकवादियों को मार गिराया और स्वयं बुरी तरह जख्मी हो गए। उनके गंभीर घावों की वजह से कुछ समय बाद उन्होंने अपने प्राण त्याग दिए।

# राजकुमार सिंह को किया गया सम्मानित



**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये भारत सरकार केंद्रीय फिल्म प्रमाणम बोर्ड के सदस्य राजकुमार सिंह को लाजपत नगर में राय इन्टरनेशनल एक्वीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान दिल्ली पुलिस के ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर विजय सिंह ने दिया। इस अवसर पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर विजय सिंह ने कहा कि राजकुमार सिंह समाजिक सरोकार से जुड़े और लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। राजकुमार सिंह ने कहा कि जब कोरोना काल में लोगों को अपने घरों से निकलने में डर लगता था तब वे स्वयं जाकर लोगों के बीच जाकर मास्क और सेनेटाइजर वितरित करते थे। राजकुमार सिंह ने कहा कि लोगों के बींच जाकर जो प्रेम व स्नेह मिलता है। वो ही हमें जरूरतमंद की सहायता के लिए प्रेरित करता है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पूर्वोत्तर अध्ययन यात्रा अगले महीने

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने पूर्वोत्तर भारत से शेष भारत के युवाओं को परिचित कराने हेतु पूर्वोत्तर अध्ययन यात्रा को आयोजित कराने की घोषणा की है। अगले माह आयोजित की जा रही इस यात्रा में देश भर से चयनित विद्यार्थी पूर्वोत्तर के राज्यों के जीवन एवं संस्कृति को समझने के लिए जगह जगह जाएंगे तथा स्थानीय विद्यार्थियों से परिचय भी करेंगे। संगठन ने यहां सोमवार को जारी एक विज्ञप्तित में कहा कि उसके शिलांग में इस समय चल रहे राष्ट्रीय अधिवेशन से में पूर्वोत्तर अध्ययन यात्रा की घोषणा की। पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध विरासत व संस्कृति से विद्यार्थियों को परिचय कराने के उद्देश्य से की जा रही है। एबीवीपी की दो दिवसीय अखिल भारतीय पदाधिकारियों की बैठक रविवार से शिलांग में चल रही है। इसके तहत पूर्वोत्तर के विभिन्न जनजातियों से आने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न प्रदेशों को भ्रमण करने का अवसर मिलता है, वहां उन्हें देश की सांस्कृतिक एकता, भाषाई विविधता तथा शैक्षणिक परिवेश को देखने और समझने का अवसर प्राप्त होता है। बयान में कहा गया है कि इस वर्ष नवंबर माह में प्रस्तावित अभाविप की पूर्वोत्तर अध्ययन यात्रा के माध्यम से अब भारत के अलग–अलग राज्यों से 75 छात्र–छात्राओं को पूर्वोत्तर भारत के अलग–अलग राज्यों में जाकर परंपरा, लोक व्यवहार तथा प्राकृतिक समृद्धि को जानने का अवसर मिलेगा।

**तैयारी** *लव-कुश रामलीला के मंच को लेकर तैयारियां तेज*

# दिल्ली–एनसीआर के बच्चे करेंगे संपूर्ण रामलीला का मंचन

**नई दिल्ली, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। लव-कुश रामलीला समिति के मंचन में दिल्ली-एनसीआर के स्कूली बच्चे संपूर्ण रामलीला प्रस्तुत करेंगे। लव कुश रामलीला दिल्ली की सबसे पुरानी व सबसे बड़ी रामलीला समिति, जो सालों से लाल किले पर मंचन करती आ रही है। इस मंचन के दौरान स्कूली छात्र-छात्राएं अलग-अलग पात्र में नजर आएंगे। तीन घंटे तक चलने वाली संपूर्ण रामलीला में बच्चे एक अलग छाप छोड़ेंगे।**

इस मंचन के बारे में अंतरराष्ट्रीय रामलीला समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने बताया कि 13 अक्टूबर को दिल्ली–एनसीआर के स्कूली बच्चे संपूर्ण रामलीला का मंचन तीन घंटे में करेंगे। जिसे पूरा भारतवर्ष में देखेगा। डॉ. वेद टंडन ने कहा कि 13 दिसंबर को शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक संपूर्ण रामलीला मंचन में कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन, वंदना इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर–10 द्वारका, गुरुग्राम ग्लोबल हाइट्स स्कूल सेक्टर–102 हरियाणा के छात्र अलग–अलग पात्र में नजर आएंगे। दिल्ली की सबसे बड़ी रामलीला के सबसे बड़ी मंच पर पहली बार स्कूली छात्र अपना अभिनय दिखाएंगे, जिसे देखकर दर्शक ओत–प्रोत हो जाएंगे। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वेद टंडन ने रामलीला महासंघ एवं लव–कुश रामलीला समिति, लाल किला के अध्यक्ष अर्जुन कुमार को श्री राम जी का स्मृति व गंदा भेट की। इस मौके पर डॉ. टंडन के साथ अंतरराष्ट्रीय रामलीला महोत्सव आयोजन समिति के चेयरमैन व लव–कुश रामलीला समिति लाल किला के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सत्यभूषण जैन भी मौजूद थे। इस मौके पर डॉ. वेद टंडन ने कहा कि रामलीला के माध्यम से भगवान श्री राम के आदर्शों का समाज अनुसरण करना सीखता है। अंतरराष्ट्रीय रामलीला समिति निरंतर रामलीलाओं का मंचन कर रही है। रामलीला से जुड़े पात्रों का अभिनय करने वाले सभी छात्र अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों को भावविभोर करते आए हैं। इस बार 13 अक्टूबर को दिल्ली के लाल किला मैदान में आयोजित रामलीला के मंच से पूरा देश संपूर्ण रामलीला का मंचन देख सकेंगे। इस मौके पर लव–कुश रामलीला कमेटी के चेयरमैन पवन गुप्ता, कमेटी के महामंत्री सुभाष गोयल उपस्थित थे।



■ रामलीला के माध्यम से भगवान श्री राम के आदर्शों का अनुसरण करना सीखता है समाज

# आपसी रंजिश में युवक की हत्या के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पुलिस ने आपसी रंजिश में एक युवक की चाकू से हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गोविंदपुरी निवासी अनुराग पालीवाल उर्फ निक्की के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक गत रविवार को एक युवक पर चाकू से वार करने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंचने पर पुलिस टीम ने पाया कि घायल आकाश को पहले ही एम्स ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित कर दिया गया था। बाद में वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) हर्ष इंदौरा ने बताया कि सूचना मिली थी कि घटना में शामिल आरोपी गोविंदपुरी स्थित अपने आवास में छिपा हुआ है।

अधिकारी ने कहा, इसके बाद एक संयुक्त टीम ने गोविंदपुरी स्थित उनके आवास पर छापा मारा और अनुराग को पकड़ लिया गया। पूछताछ में अनुराग ने बताया कि कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने उसकी पिटाई की थी। अतिरिक्त डीसीपी ने कहा, अनुराग ने पहले भी इन्हीं लोगों के साथ मृतक आकाश को दो से तीन बार देखा था। इसके बाद वह बदला लेने के लिए मौके का इंतजार कर रहा था। अधिकारी ने कहा, एक अक्टूबर को वह अपने दोस्तों के साथ मौजूद था, तभी उसने अग्रसेन मार्ग पर आकाश को देखा। उसने आकाश से उन लोगों के बारे में पूछा जिन्होंने कुछ दिन पहले आरोपी को पीटा था।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "इस बार दंगल के साथ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित करने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ व अकाउंट विषयों के अध्यापक रखकर बच्चों की कोचिंग की जाएगी। साथ ही बच्चों के लिए एक लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इसमें बच्चों को उनके विषयों और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तक उपलब्ध कराई जाएंगी : **अतर सिंह चौधरी**

## प्राधिकरण ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

**नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में नोएडा प्राधिकरण ने कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने दोनों महानायक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी सादगी की प्रतिमूर्ति थे। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके सरल और विचारशील जीवन के लिए उनके आदर्शों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सादगी केवल ब्रांडेड कपड़ों या भौतिक चीजों की जीवन से अनुपस्थिति तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह मन की एक अवस्था है। सादगी के लिए सरल दिमाग की आवश्यकता होती है जो क्षण में जीने और अपने परिवेश, साथी प्राणियों के बारे में सोचने को प्रोत्साहित करता है। सादगी सुंदर और आरामदायक है। सादे मन और बुद्धि का आनंद लेना ही स्वभाव की सरलता है। जीवन में छोटी-छोटी चीजों की सराहना करना ही सादगी है। इस मौके पर प्राधिकरण के एसीईओ व ओएसडी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## देशभक्ति नारों से गूंजा निगम

### उत्साह पूर्वक मनाई गई गांधी जयंती





**गाजियाबाद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में गांधी जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें महापौर सुनीता दयाल तथा निगम अधिकारियों द्वारा ध्वजारोहणकर कार्यक्रम की शुरुआत की माननीय पार्षदगण भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए, सभी ने एक स्वर में भारत माता की जय तथा देश के बलिदानों का जय घोष किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी जी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित किए गए सर्वप्रथम महापौर सुनीता दयाल द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं को माला अर्पण किया गया उसके बाद अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा महापुरुषों को नमन किया गया सभी उपस्थित पार्षदों तथा जनप्रतिनिधियों ने भी निगम अधिकारियों सहित पुष्पांजलि देते हुए महापुरुषों को नमन किया, महापौर सुनीता दयाल को भी उपस्थित जनों द्वारा जन्मदिन की शुभकामनाएं पुष्प कुछ भेंट कर दी गई।

■ **निगम अधिकारियों व पार्षदों ने महापौर को दी जन्म दिवस की शुभकामनाएं**

महापौर सुनीता दयाल द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई महात्मा गांधी जी के साथ साथ देश की बलिदानों को याद किया गया उनके पद चिन्ह पर चलने के लिए उपस्थित जनों को प्रेरित किया गया, शहर की स्वच्छता को तथा सुंदरता को बनाए रखने के लिए भी महापौर द्वारा सभी निगम अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को उत्साहित किया।

गांधी जयंती के अवसर पर नगर पालिका बालिका विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति गीत गायन प्रस्तुति की, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित गांधी जयंती कार्यक्रम में पार्षद उदित मोहन, विनील दत्त, नीरज गोयल, रामनिवास बंसल व अन्य गन माननीय तथा निगम अधिकारी व कर्मचारी गन उपस्थित रहे।

## भारत आज दुनिया का नेतृत्व करने की ओर, चंद्रयान व जी-20 इसका उदाहरण : भूपेंद्र चौधरी

■ **सेक्टर-37 में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे नोएडा**



**नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। हमारी सरकार गरीबों के लिए काम कर रही है। आज भारत देश दुनिया का नेतृत्व करने की तरफ है। चंद्रयान और जी-20 का इसका उदाहरण है। हमारी सरकार कानून, अपराध और विकास पर काम कर रही है। भाजपा अपने कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जा रही है। 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी है। यह बात नोएडा के सेक्टर-37 के अंबेडकर पार्क में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कही।

प्रदेश अध्यक्ष ने सबसे पहले डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर फूल अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया। उनके साथ स्थानीय नेताओं ने भी सड़क पर झाड़ू लगाई। यहां एससी /एसटी समुदाय के लोगों से भी मिले। उनसे बातचीत की। उनकी समस्याओं से अवगत हुए और आश्वस्त किया सभी समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चल रहे हैं। सोमवार को गांधी जयंती और लाल बहादुर जयंती पर सेवा पखवाड़े का आज समापन है। आज का दिन स्वच्छता दिवस पर हम सब प्रधानमंत्री के विजन और संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सरकार की अनेक योजना के तहत इसे आगे बढ़ाने का काम किया।

2014 से पहले लोग बाहर शौच के लिए जाते थे। महिलाओं और माताओं को सुरक्षा का विषय था। इसको स्वच्छता के माध्यम से प्रधानमंत्री ने इस विजन को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। गांधीजी के संकल्प को मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे एजेंडे में धारा 370, राम मंदिर, बिजली, पानी, सड़क और लोगों के जीवन स्तर को ऊपर ले जाने का काम किया। भाजपा की नीति में कोई भेदभाव नहीं है। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया, राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर, सांसद डॉ. महेश शर्मा के अलावा तमाम स्थानीय नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद वे नोएडा के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसमें आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर राजनीति की जाएगी।

**सार संक्षेप**

### जन कल्याण सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी ने गांधी जयंती मनाई



**बुलंदशहर।** सोमवार 2 अक्टूबर को नगर के राजे बाबू पार्क स्थित आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर जन कल्याण सेवा ट्रस्ट के दर्जनों पदाधिकारी ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर और पुष्प अर्पित करते हुए गांधी की जयंती मनाई। जन कल्याण सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता लोधी ने बताया कि आज 2 अक्टूबर के दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जाती है। इस मौके पर सुमित, संगीता मित्तल, नीलम,आशा, गुंजन, सलोनी, महक, सतीश आदि सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए भाजपा कटिबद्ध : डॉ. भोला सिंह



**बुलंदशहर।** समाज के कमजोर वर्ग विशेष रूप से अनुसूचित जाति के समुदाय के लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारें लगातार काम कर रही है। अब जल्द ही कमजोर वर्ग के लोग सामाजिक व आर्थिक स्तर पर मजबूत होकर उभरेंगे। उक्त बातें सांसद डॉ. भोला सिंह ने रविवार सांय गांव प्रेमनगर में अनुसूचित जाति बस्ती संपर्क अभियान के तहत कहीं। सभी के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित कर बाबा साहब डा.अंबेडकर के सपनो को पूरा अथक प्रयास कर रही है। कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं ने एससी समुदाय के बीच विश्ववसनीयता बनाई है। इस मौके पर सभासद रॉबिन चौधरी, मोहित चौधरी, जुगेंद्र, गांव प्रधान सुरजीत व सांसद प्रतिनिधि अशोक सैनी, परमानंद सैनी, अशोक लोधी, ओमप्रकाश लोधी, रामू, सुरेंद्र आदि मौजूद रहें। ग्रामीणों ने माला आदि पहनाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### आठ महीने पहले चोरी हुई बाइक का कटा चालान

**दनकौर।** करीब आठ महीने पहले क्षेत्र में स्थित खेरली नहर के पास से एक सेल्समैन की बाइक चोरी हो गई थी। उस वक्त पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। अब चोरी हुई बाइक का पीड़ित को चालान कटा मिलने का मैसेज मिला है। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बुलंदशहर निवासी रोहित ने बताया कि इसी वर्ष 2 फरवरी खेरली नहर के नजदीक से उसकी बाइक चोरी हो गई थी। पीड़ित का कहना है कि वह शराब के ठेके पर सेल्समैन है। घटना के दौरान उन्होंने पुलिस शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया था। जिसके बाद काफी समय तक पीड़ित कोतवाली के चक्कर काटता रहा। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। बाद में पीड़ित थक हारकर रुक गया। पीड़ित ने बताया कि 30 सितम्बर को उसके फोन पर मैसेज आया। जिसमें उसकी बाइक का चालान हुआ था। इसके बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से इस संबंध में शिकायत की। जिसके चलते पुलिस ने सोमवार को इस मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का कहना है की घटना के वक्त पुलिस कार्रवाई करती तो अब तक उसकी बाइक बरामद हो सकती थी।

## जीडीए कार्यालय में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई गांधी जयंती

**गाजियाबाद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। विकास प्राधिकारण (जीडीए) कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह व अपर अपर सचिव सीपी त्रिपाठी समेत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्वच्छता के मद्देनजर कार्यालय की गैलरी व अन्य स्थानों पर बड़े डस्टबिन भी रखे गए।

इस अवसर पर जीडीए सचिव ने अधिकारियों व कर्मचारियों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता आरके सिंह, प्रशांत गौतम समेत तमाम अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



## स्वच्छता पखवाड़े में गाजियाबाद नगर निगम प्रदेश में अव्वल

**गाजियाबाद,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वच्छता पखवाड़े में ग़ाज़ियाबाद नगर निगम ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक फिरोजाबाद दूसरे तथा लखनऊ तीसरे नम्बर पर रहा। महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक ने इस कामयाबी के लिए नगर निगम टीम को बधाई दी है। गाजियाबाद नगर निगम ने कुल 901 इवेंट आयोजित कर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि फिरोजाबाद नगर निगम ने 644 इवेंट आयोजित कर दूसरा और लखनऊ नगर निगम में 610 इवेंट आयोजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

Status of Top Performing ULBs in Swachhta Hi Sewa as per SHS Portal (As on 2nd October 2023)

| S.No | ULB Code | Division Name | DistrictName | ULBName | Total Events | Closed Events |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Top 3 Nagar Nigam | | | | | | |
| 1 | 800734 | Meerut | GHAZIABAD | GHAZIABAD (M. Corp) | 901 | 901 |
| 2 | 800816 | Agra | FIROZABAD | FIROZABAD (M.CORP.) | 644 | 644 |
| 3 | 800951 | Lucknow | LUCKNOW | LUCKNOW (M. Corp) | 610 | 610 |
| Top 3 NPP | | | | | | |
| 1 | 800733 | Meerut | GHAZIABAD | LONI (NPP) | 269 | 269 |
| 2 | 800915 | Lucknow | HARDOI | SHAHABAD (NPP) | 261 | 261 |
| 3 | 801136 | Devipatan | GONDA | COLONELGANJ (NPP) | 251 | 251 |
| Top 3 NP | | | | | | |
| 1 | 800727 | Meerut | BAGHPAT | KHEKADA (NP) | 127 | 127 |
| 2 | 801185 | Azamgarh | AZAMGARH | BILARIAGANJ (NP) | 125 | 125 |
| 3 | 800884 | Bareilly | SHAHJAHANPUR | POWAYAN (NP) | 120 | 120 |

## 16 अक्टूबर को होगा नोएडा में दंगल

**नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। हर बार की इस साल भी ऋषिपाल मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से ऋषिपाल गोल्ड कप का आयोजन किया जाएगा। ये आयोजन 16 अक्टूबर को ऋषिपाल पाल क्रीड़ा स्थल पर होगा। जिसमें एक लाख रुपए तक की इनामी कुश्ती भी लड़ी जाएगी। इस बार भी 150 से ज्यादा पहलवान अखाड़े में दमखम दिखाते नजर आएंगे। इससे पहले ट्रस्ट की ओर से सेक्टर-15 में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।



■ **1 लाख तक की होगी इनामी कुश्ती**

■ **150 से ज्यादा प्रतिभागी लेंगे हिस्सा**

इसमें बाल, महिला और पुरुष तीन वर्ग में कुश्ती का आयोजन होगा। प्रतियोगिता का निर्णय के लिए एक पूरी टीम बनाई गई है। बता दें कि यह दंगल किसान नेता दिवंगत ऋषिपाल की याद में हर वर्ष नया बांस में किया जाता है। 16 अक्टूबर 1994 को किसान नेता ऋषिपाल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इसके बाद से दंगल और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे है। अतर सिंह चौधरी ने बताया कि इस बार दंगल के साथ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षित करने के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ व अकाउंट विषयों के अध्यापक रखकर बच्चों की कोचिंग की जाएगी। साथ ही बच्चों के लिए एक लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। इसमें बच्चों को उनके विषयों और प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तक उपलब्ध कराई जाएंगी। वे यहां बैठकर पुस्तकों का अध्ययन कर सकेंगे। बैठक में ट्रस्ट के ट्रस्टी धर्मवीर चौधरी, अजब कसाना, केसरी सिंह अवाना, कृपा राम शर्मा, सुमेर रावत आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर को किया नमन



**नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा महानगर कांग्रेस ने सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई। शहर कांग्रेस कार्यालय पर दोनों चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर पूर्व सांसद स्वतंत्रता सेनानी मसूरिया दिन पाल्सी का जन्मदिन भी महानगर कांग्रेस कार्यालय पर मनाया गया।

इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहां कि देश ही नहीं विश्व को आदर्श, सिद्धांत, कर्मठता, अहिंसा, संकल्प का बोध करा कर मानवता, सौहार्द, एकता के विचारों को जन-जन के मन में स्थापित करने वाले महानायकों को शत् शत् नमन। महात्मा गांधी जी, लाल बहादुर शास्त्री जी के विचार, आदर्श, सिद्धान्त हमेशा ही प्रेरणा प्रदान करते है। वर्तमान परिदृश्य में भी उनके विचारों को आत्मसात कर एक-दूसरे के प्रति सौहार्द की भावना को मजबूती देने के साथ देश की एकता, अखंडता ही हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। भारतीयता का सिद्धांत ही राष्ट्र को मजबूती प्रदान करता है। इसके पश्चात अन्य पदाधिकारी, महिला पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने देश के महानायक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर फिरे सिंह नागर ने महानायकों के जीवन पर और उनके द्वारा देश की आजादी के लिए चलाए गए आंदोलन के बारे में सभी कांग्रेस परिवार को अवगत कराया। उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को जागरूक किया गया, उपाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा ने पूर्व सांसद मसूरिया दिन पासी के जीवन संघर्ष के विषय में कार्यकर्ताओं को जानकारी दी।

■ **महानगर अध्यक्ष ने कहा देश ही नहीं विश्व को पढ़ाया आदर्श, सिद्धांत, कर्मठता, अहिंसा का पाठ**

## आज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। डेंगू-मलेरिया, चिकनगुनिया आदि मच्छर जनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनसे बचाव के लिए जनपद में मंगलवार (तीन अक्टूबर) से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसी क्रम में 16 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, आदि की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले दस्तक अभियान में आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार व इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई) के रोगियों, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, के लक्षणयुक्त व्यक्तियों एवं कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करेंगी। इसके साथ ही निर्धारित प्रपत्र पर क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची तैयार करेंगी, जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो। सभी रिपोर्ट ई-कवच पोर्टल पर फीड की जाएंगी। इसकी नियमित समीक्षा और मॉनिटरिंग होगी। उन्होंने बताया कि माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान में घर-घर भ्रमण के दौरान आशा-आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संक्रमण से बचने व बुखार होने पर 'क्या करें, क्या न करें' का प्रत्येक प्रमुख स्थान पर प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगी।

■ **16 से 31 अक्टूबर तक चलेगा दस्तक अभियान**

**डेंगू से करें बचाव, घर और आस-पास न होने दें जलजमाव**

सीएमओ ने कहा बारिश का मौसम मच्छरों के लिए अनुकूल होता है। जहां जल जमाव होगा वहां मच्छर पैदा होंगे। इसलिए घर व आस-पास कहीं भी पानी जमा न होने दें। डेंगू का मच्छर 'एडीज़' साफ पानी में ही पनपता है।

## पत्रकारों की स्मृति में बने स्मारक का लोकार्पण

■ **त्रिकोणीय स्तंभ में बने स्मारक में देश के 497 पत्रकारों के नाम दर्ज, नेता और गणमान्य ने दी श्रद्धांजलि**

**नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोविड महामारी के दौरान अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शहीद हुए देश भर के पत्रकारों की याद में एक शहीद स्मारक नोएडा शहर के सेक्टर-72 में स्थापित किया गया है। इसका आज लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर यज्ञ का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार, राजनेता और सामाजिक कार्यकर्ता इकट्ठा हुए और शहीद पत्रकारों को पुष्प चढ़कर चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी।

महामारी के दौरान देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 497 पत्रकारों की मृत्यु हो गई थी। यह स्मारक दुनिया भर में अपनी तरह का एकमात्र स्मारक है। स्मारक पर सभी 497 पत्रकारों के नाम उत्कीर्ण हैं। इनमें सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश के 138 पत्रकार शामिल हैं। इसके बाद उत्तर प्रदेश के 96 पत्रकारों के नाम दर्ज किए गए है। एनएमसी के अध्यक्ष पंकज पाराशर ने बताया कि यह स्मारक त्रिकोणीय आकार का है, जिसके गोलाकार आधार पर तीन मुख हैं। इसकी ऊंचाई 6 मीटर है। त्रिकोणीयता मीडिया की तीन धाराओं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल को संदर्भित करती है। पूरा स्मारक काले संगमरमर से बना है, जो दिवंगत साथियों को हार्दिक श्रद्धांजलि का प्रतीक है। यह स्मारक कर्तव्य के प्रति समर्पण की भावना, भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की इच्छा और 'पहले समाचार' की भावना को दर्शाता है।यहां पत्रकारों को श्रद्धांजली देने के लिए रविवार शाम को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, आरएलडी के चीफ जयंत चौधरी के अलावा सांसद डॉ. महेश शर्मा, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के अलावा शहीद कैप्टन शशीकांत शर्मा के पिता जेपी शर्मा के अलावा तमाम पत्रकार और गणमान्य मौजूद रहे।





## शिक्षा व शोध में विशिष्ट योगदान करने वाले बिमटेक के 36वें स्थापना दिवस पर हुए सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती के साथ अपना 36वां स्थापना दिवस मनाया। 30 सितम्बर से शुरू हुए इस तीन दिवसीय उत्सव के सबसे बड़े आकर्षण रहे नाटक 'माई री मैं का से कहूं' और 'अंधायुग'। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा रिपर्टरी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक 'माई री मैं का से कहूं' का निर्देशन अजय कुमार ने किया। नाटक 'अंधायुग' नई दिल्ली के अस्मिता थिएटर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसका निर्देशन अरविन्द गौड़ ने किया। सोमवार को स्थापना दिवस समारोह में गूंज के संस्थापक अंशू गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि सीमित साधनों वाले एक प्रतिबद्ध परिवार से लेकर जीवन की जटिलताओं को देखने तक, मैंने सीखा कि चुनौतियां अलग-अलग रूपों में आपके सामने आती हैं। आइए हम अपनी पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना एक ऐसे राष्ट्र का निर्माण करने के लिए मिलकर काम करें, जहां ईमानदारी और महत्वाकांक्षा प्रगति को प्रेरित करती हो। बिमटेक के डायरेक्टर डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने अपने स्वागत भाषण में संस्थान की अब तक की विकास यात्रा को रेखांकित किया और बताया कि किस तरह नई दिल्ली के एक छोटे से बेसमेंट से शुरुआत करते हुए आज यह संस्थान टॉप के बिजनेस स्कूलों की जमात में पहुंचा है। उन्होंने कॉर्पोरेट और शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में ईएसजी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संस्थान के अथक प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने गांधी जी के सच्चे अनुयाई के तौर पर अंशू गुप्ता का स्वागत किया, उन्होंने कहा कि संगठन 'गूंज' वैश्विक चुनौतियों से निपटने में गांधी जी के सिद्धांतों का उदाहरण प्रस्तुत करता है और आज इस संगठन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल है। उन्होंने कहा कि सत्य, अहिंसा, सादगी और मानवता के प्रति कर्तव्य सहित महात्मा गांधी जी की ग्यारह प्रतिज्ञाएं न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में आज भी महत्व रखती हैं। इस अवसर पर बिमटेक विभिन्न पुरस्कार और सम्मान भी प्रदान किए। इनमें बसंत कुमार बिड़ला विशिष्ट विद्वान पुरस्कार-2022 और सर्वश्रेष्ठ शोधकर्ता और शिक्षण उत्कृष्टता पुरस्कार शामिल हैं। साथ ही 10 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले संकाय सदस्यों और कर्मचारियों का अभिनंदन भी किया गया। इस अवसर पर इंश्योरेंस इंडिया रिपोर्ट और वार्षिक गतिविधि रिपोर्ट भी जारी की गई। इंश्योरेंस इंडिया रिपोर्ट में उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित नामों के लेख हैं। समारोह का समापन बिमटेक के रजिस्ट्रार डॉ. के.सी. अरोड़ा के औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।




■ **तीन दिवसीय कार्यक्रम में कला, संस्कृति व सामाजिक कल्याण के लिए छात्रों को किया गया प्रेरित**

उवाच "

हमारे वेदों-पुराणों में जो बातें लिखी हैं, उनको महात्मा गांधी ने अपने जीवन में उतार कर दिखाया। हमें अपने बच्चों को महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों पर अमल करने की सीख देनी चाहिए। ये राष्ट्रीय पर्व हमें आत्म चिंतन के लिए प्रेरित करते हैं। एसीईओ ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री शास्त्री के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि सादगी से जीवन के पथ पर चलकर व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है : **पुलकित खरे, एसीईओ**



# ग्रेनो शहर को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने की मुहिम का आगाज

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर भर में पहले फेस में 16 ऐसे जगहों को चिंहित किया है जहां पर कूड़ा फेंका जा रहा है। प्राधिकरण इन जगहों की सफाई कराकर हरा-भरा बनाएगा और उसे सौंदर्यीकरण करेगा। इसका आगाज गांधी जयंती व शास्त्री जयंती पर सेक्टर पाई वन के रामलीला ग्राउंड से सोमवार को हुआ। अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने पौधे लगाकर इस अभियान की शुरुआत की।

- **अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने सेक्टर पाई वन में किया पौधारोपण**
- **फेस एक में कूड़े के ढेर वाले 16 जगह चिंहित, सफाई कराकर हरा-भरा करने का लक्ष्य**




दरअसल, शासन के 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने गांधी जयंती व शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा के अलग-अलग स्थानों पर सफाई अभियान चलाया है। प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग ने शहर में कुल 16 गार्वेज वलनेरेबल प्वाइंट (जीवीपी) को चिंहित किया है, जहां पर कूड़ा डाला जा रहा है। प्राधिकरण इन जगहों से कूड़े की सफाई कराकर पौधे और घास लगवाएगा। इन जगहों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बेंच भी लगाई जाएंगी। इसी कड़ी में सोमवार को सेक्टर पाई वन में प्राधिकरण और प्रशासन की तरफ से रामलीला ग्राउंड और आसपास की सफाई कराई गई। इस कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम भी शामिल हुए और पौधे रोपित किए। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी अतुल कुमार, प्राधिकरण के ओएसडी रजनीकांत पांडेय व वरिष्ठ प्रबंधक उत्सव निरंजन समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भी पौधे लगाए। इसी कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। प्राधिकरण के ओएसडी व स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी रजनीकांत पांडेय ने बताया कि अगले तीन साल तक प्राधिकरण इन पौधों की देखभाल भी कराएगा। इसी तरह गौड़ अतुल्यम सोसाइटी और सिग्मा टू के प्राइमरी स्कूल के पास भी कूड़ा के ढेर की सफाई कराकर पौधे व घास लगाई जा रही है।

प्राधिकरण इन सभी जगहों पर बेंच भी लगवाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ओएसडी ने कूड़े को इधर-उधर न फेंकने और ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ बनाने में सहयोग की अपील की है। सेक्टर पाई वन के कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा प्राधिकरण से प्रबंधक बृजेन्द्र कुमार व प्रशांत समदिया, सहायक प्रबंधक गौरव बघेल व मनोज कुमार आदि भी मौजूद रहे।

# स्वच्छ भारत निर्माण के लिए साफ सफाई को अपनी जीवन शैली का बनाएं अभिन्न अंग : एके शर्मा

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' अभियान के अंतिम दिन नगर पालिका परिषद, दादरी में पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके पश्चात उन्होंने नगर पालिका द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं साफ सफाई का गलियों में जाकर निरीक्षण किया, शुशोभन स्थल का भ्रमण किया। नगर पालिका द्वारा विकसित किए गए युवक मंगल दल पार्क में पहुंचकर वहां पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट 'लव दादरी' में सेल्फी भी खिंचवाई। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने और पौधों की रक्षा के लिए प्रेरित करने हेतु बाईपास के पास वहां की खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण भी किया। क्षेत्र के लोगों की मांग पर उन्होंने आश्वासन दिया कि दादरी को अति शीघ्र ही सीवर लाइन की सौगात मिलेगी।

नगर विकास मंत्री ने नगर पालिका परिषद, दादरी कार्यालय में सफाई मित्रों के सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से देशभर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक दुनिया का अब तक का सबसे बड़ा ऐतिहासिक स्वच्छता सफाई का आंदोलन चलाया गया, जिससे पूरी दुनिया अचंभित है कि कैसे देश का कोना-कोना साफ करने के लिए



- **नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए सफाई मित्रों को किया सम्मानित**

चलाया गया सफाई अभियान जन आंदोलन बन गया। देशवासियों ने पूज्य गांधी जी के स्वच्छ भारत के संकल्प को पूरा कर आज उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने सफाई मित्रों के कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें सम्मानित किया। पांच महिला और पांच पुरुष सफाई मित्रों को उन्होंने प्रशस्ति पत्र और सफाई किट प्रदान करते हुए कहा कि सफाई मित्रों का सच्चा सम्मान तो तभी होगा जब प्रदेश के सभी नगरी निकायों के नागरिक अनुशासित होकर अपने घरों के सूखे और गीले कूड़े कचरे को अलग-अलग कर समय



से उन्हें दें। उन्होंने आह्वान किया की यह साफ सफाई का कार्य निरंतर चलता रहना चाहिए और इसे हमें अपने जीवन शैली का एक अभिन्न अंग बनाना है।

नगर विकास मंत्री ने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष तथा अधिशाषी अधिकारी को कहा कि उन्हें पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। उनके मानदेय और सफाई किट आदि सुविधाओं को भी समय से उपलब्ध कराने की व्यवस्था हो। इस अवसर पर दादरी विधानसभा के विधायक तेजपाल सिंह नागर, शिक्षक विधायक श्रीचंद शर्मा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय भाटी, नगर पालिका परिषद की चेयरमैन गीता पंडित, उपजिलाधिकारी अलोक गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी दीपिका शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# 'गांधी व शास्त्री के व्यक्तित्व हमें सादगी भरे जीवन का संदेश देते हैं'

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। 'बहुत ही कम ऐसे व्यक्ति होते हैं जिनका जीवन उनके विचारों और सिद्धांतों पर टिका होता है, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री ऐसे ही व्यक्तित्व हैं। इन महान विभूतियों ने न सिर्फ बातें की,

- **गांधी व शास्त्री जयंती पर एसीईओ पुलकित खरे ने प्राधिकरण कर्मियों को किया संबोधित**
- **एसीईओ ने की अपने परिवार के साथ इन महापुरुषों के जीवन व्यक्तित्व पर चर्चा करने की अपील**

बल्कि अपने विचारों और जीवनशैली के माध्यम से उसे करके भी दिखा दिया। उनके जीवन से हमें सादगी का संदेश मिलता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ पुलकित खरे ने दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पंडित लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में प्राधिकरण के आडिटोरिम में आयोजित कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

कार्यक्रम में मौजूद प्राधिकरण कर्मियों को संबोधित



करते हुए एसीईओ पुलकित खरे ने कहा कि हमारे वेदों-पुराणों में जो बातें लिखी हैं, उनको महात्मा गांधी ने अपने जीवन में उतार कर दिखाया। हमें अपने बच्चों को महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों पर अमल करने की सीख देनी चाहिए। ये राष्ट्रीय पर्व हमें आत्म चिंतन के लिए प्रेरित करते हैं। एसीईओ ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री शास्त्री के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि सादगी से जीवन के पथ पर चलकर व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। उन्होंने अमेरिका के दबाव के आगे न झुक कर खाद्यान्न के आयात को कम करने के लिए एक दिन का उपवास शुरू कराया। खाद्यान्न में आत्मनिर्भर बनाने के लिए जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को दृढ़ संकल्प बनाया। प्रधानमंत्री भवन में खाली जमीन पर स्वयं खेती करके अन्न उपजाना उनके सिद्धांतों व मर्यादा को जाहिर करता है। एसीईओ ने अपील की कि आज के दिन हम अपने परिवार के साथ इन महापुरुषों के जीवन व्यक्तित्व पर जरूर चर्चा करें। एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाकर न सिर्फ अपना देश, बल्कि दुनियां के कई देशों ने आजादी प्राप्त की। एसीईओ ने महात्मा, बापू और राष्ट्रपिता की उपाधि दिए जाने पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित लाल बहादुर शास्त्री का व्यक्तित्व सरल, आदर्श, ईमानदारी पर आधारित था। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर राष्ट्रगान का भी आयोजन हुआ। इस दौरान ओएसडी हिमांशु वर्मा, ओएसडी विशु राजा, ओएसडी सतीश कुशवाहा, जीएम आरके देव, ओएसडी नवीन कुमार सिंह सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

# यीडा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह एवं प्राधिकरण के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बापू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी

**यमुना सीईओ ने महात्मा गांधी के सिद्धांतों का अमल करने एवं महात्मा गांधी द्वारा दिए गए अनुशासन, सिविल सेवा, समय की कद्र करने संबंधित सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने की दी सलाह**

शैलेंद्र भाटिया द्वारा महात्मा गांधी जी से संबंधित दक्षिण अफ्रीका का वृतांत सुनाया गया। अपर मुख्य अधिकारी कपिल सिंह द्वारा गांधी जी की पुस्तक माई एक्सपेरिएंस विद ट्रूथ से संबंधित घटनाओं को आज के संदर्भ में को-रिलेट कर प्रस्तुत किया गया।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने महात्मा गांधी के सिद्धांतों का अमल करने एवं महात्मा गांधी द्वारा दिए गए अनुशासन, सिविल सेवा, समय की कद्र करने संबंधित सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने की सलाह दी गई। महात्मा गांधी के स्वच्छता के सिद्धांत को



प्राधिकरण में आत्मसात करने की भावना के साथ अगले तीन माह में प्राधिकरण क्षेत्र में साफसफाई मेंटेनेंस ब्यूटिफिकेशन के कार्यों को करने का मंत्र दिया गया। आज राष्ट्र द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 119वीं जयंती भी मनाई जा रही है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर भी माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए तथा सभी से लाल बहादुर शास्त्री जी द्वारा जीवन में अपनाए गए सादगी वह सुचिता के मंत्र को आत्मसात् करने का मंत्र दिया गया।

# यीडा के आवासीय योजना के आवेदकों की सूची वेबसाइट पर अपलोड

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने आवासीय भूखंड योजना के आवेदकों की सूची अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। अगर किसी को इस सूची को लेकर आपत्ति है तो वह चार अक्टूबर तक अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद सात अक्टूबर को आवेदकों की सूची अपलोड कर दी जाएगी। यमुना प्राधिकरण ने आवासीय भूखंड की योजना निकाली थी। इस योजना में करीब 1.40 लाख आवेदन आए हैं। जांच के बाद प्राधिकरण ने अपनी वेबसाइट पर आवेदकों की सूची अपलोड कर दी है। प्राधिकरण के ओएसडी ने बताया कि अगर किसी को इस सूची को लेकर के आपत्ति है तो वह चार अक्टूबर तक अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है। इसका निस्तारण छह अक्टूबर तक कर दिया जाएगा। इसके बाद सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। इस योजना का ड्रा 10 अक्टूबर को किया जाएगा।

- **सूची को लेकर आवेदक अपनी आपत्ति चार अक्टूबर तक करा सकते हैं दर्ज**

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह का किया शुभारंभ

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ सूर्य प्रकाश केसरवानी वरिष्ठ न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद, मुख्य संरक्षक उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने वर्चुअल तरीके से किया। इसके बाद जिले में स्वच्छता जागरूकता अभियान के कार्यक्रम का आयोजन अवनीश सक्सेना जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोजित किया गया तथा महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर गांधी जी के जीवन चित्रण पर प्रकाश डाला गया। स्वच्छता जागरूकता अभियान की कार्य योजना के अनुसार न्यायालय परिसर में तथा कलेक्ट्रेट परिसर तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमे न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय स्टाफ, पराविधिक स्वंय सेवक एवं ईश्वरचंद इन्टर कालेज बादलपुर एवं सिटी हार्ट इंटर कालेज दादरी के विद्यार्थी द्वारा बैंड प्रस्तुति के साथ प्रभात फेरी के माध्यम से जन सामान्य को स्वच्छता जागरूकता विषय पर जागरूकता के संबंध में संदेश दिया गया। इसी के साथ न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें जिला अस्पताल के प्रशिक्षित चिकित्सा की टीम के साथ रक्तदान के लिए वैन उपलब्ध कराई गई रक्तदान शिविर में न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, न्यायालय स्टाफ एवं प्राविधिक स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर अवनीश सक्सेना जनपद न्यायाधीश, विकास नागर अपर जिला जज पोक्सो कोर्ट, ऋचा उपाध्याय अपर



जिला जज सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर, सुशील कुमार मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट, नीरज तंवर सचिव जिला बार एसोसिएशन शामिल हुए।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# गांधी व शास्त्री की जयंती पर माइक्रो मैराथन दौड़ का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने 1002 बूथों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफसफाई के कार्य किए और गोष्ठी का आयोजन कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट में माइक्रो मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया, दौड़ का नाम रन फार हेल्थ दिया गया। दौड़ को हरी झंडी भाजपा जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने दिखाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि दौड़ने से शरीर स्वस्थ रहता है हमें आगे बढ़ने के लिये भी दौड़ना चाहिए। मुख्य रूप से जिले में जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज मनोज गर्ग, धर्मेन्द्र कोरी, जिला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा, पवन रावल, सुनील भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, भाजयुमो अध्यक्ष राज नागर, रवि जिंदल, गौरव शर्मा भाजपा सूरजपुर मंडल अध्यक्ष मनोज भाटी, जीतेन्द्र भाटी, रजनी तोमर, उषा वत्स, महेश शर्मा, सोमेश गुप्ता, रवि भदोरिया मंडल मंत्री, अशोक चौधरी आदि कार्यकर्ता जयंती पर मौजूद रहे।



# तिरंगा फहराकर व पुष्प अर्पित कर मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

**जेवर,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में सोमवार को विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालयों व सरकारी संस्थानों में तिरंगा फहराने के बाद पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता व पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जेवर विधायक व जिला पंचायत अध्यक्ष ने भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत अलग अलग स्थानों पर विद्यालयों व ग्रामीणों से सम्पर्क स्थापित किया। भाजपा के जेवर मंडल अध्यक्ष अशोक शर्मा ने बताया कि भाजपा के 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतिम दिन कार्यकर्ताओं ने चौरोली, नीमका व थोरा में जनसम्पर्क स्थापित कर लोगों को पार्टी की रीति नीतियों की जानकारी से अवगत कराया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर षास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने मॉडल इंटर कॉलेज थोरा में पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी व भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री पश्चिमी उप्र आशीश वत्स ने चौरोली, नीमका व थोरा गांव में जनसम्पर्क स्थापित किया।



# जिला मुख्यालय पर मनाई गई गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दोनों महान विभूतियों के आदर्श एवं विचारों का अनुसरण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बृहद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री कोई साधारण व्यक्ति नहीं है। यह दोनों एक विचार हैं, जिसे भारत ही नहीं अपितु पूरे विश्व में गांधी विचारधारा एवं लाल बहादुर शास्त्री का सादा जीवन उच्च विचार का अनुसरण किया जा रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भारत ही नहीं पूरे विश्व के लिए एक आदर्श हैं सत्य और अहिंसा के मार्ग को विश्व में अहिंसा दिवस के रूप में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों से हमको निरंतर स्तर



- **जिलाधिकारी ने सभी गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के बताए मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित**

पर उनके विचार आदर्शों से शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने जीवन में उतार कर अपने पथ पर आगे बढ़ना चाहिए, जिससे कि समाज एवं प्रदेश तथा देश का विकास तीव्र गति के साथ संभव हो सके। इस अवसर पर उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि वह सादगी के एक उदाहरण हैं। उन्होंने देश को जय जवान जय किसान का नारा दिया। सादा जीवन उच्च विचार ही दोनों महापुरुषों की एक भारत में पहचान है। अत: आज हमको संकल्पित होकर इन महापुरुषों के विचारों एवं आदर्शों का अनुसरण करते हुए अपने जीवन में नित्य कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान, डिप्टी कलेक्टर भैरपाल सिंह, चारुल यादव, जिला मनोरंजन कर अधिकारी जेपी चंद, जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा, जिला खान अधिकारी रंजीत निर्मल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार अन्य संबंधित अधिकारी गण एवं कलेक्ट्रेट स्टॉफ उपस्थित रहा।

# गांधीजी व लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए बच्चों ने दी प्रस्तुति

**ग्रेटर नोएडा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंट जोसफ विद्यालय में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत प्रार्थना गीत के साथ दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉक्टर ऑलविन पिंटो एवं सिस्टर्स ने एक साथ लैंप जलाकर गांधी और शास्त्री जी के महान आदर्शों को प्रणाम किया। इसके बाद स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बेहद गर्म जोशी से विभिन्न रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया, जिसमें भारतीय संस्कृति और गांधी जी के संदेशों को दर्शाया गया।

समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉक्टर ऑलविन पिंटो ने एक प्रेरणादायक संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने महात्मा गांधी और



लाल बहादुर शास्त्री के योगदान का महत्व बताया तथा छात्रों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने की सीख दी। आज के कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह समारोह हमारी विरासत के महत्वपूर्ण हिस्से को याद करने और हमें गौरवान्वित करने का एक बड़ा कदम था, जिसने हम सभी को एक साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, मंगलवार 3 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# पुरानी पेंशन योजना लागू करे केन्द्र

पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में शासकीय कर्मचारियों का विशाल प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमें 20 राज्यों के लाखों कर्मचारी शामिल हुए। इसका आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के तत्वावधान में किया गया था। 'पेंशन शंखनाद महारैली' के नाम से आयोजित इस रैली का उद्देश्य मौजूदा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के बजाय पुरानी पेंशन योजना को लागू करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाना था। इतनी विशाल संख्या में हुए प्रदर्शन से साफ है कि कर्मचारियों का रुझान पुरानी पेंशन योजना की ओर है और उसे नयी पेंशन योजना बिलकुल रास नहीं आ रही है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार पुरानी योजना को फिर से लागू करना चाहिये क्योंकि वही कर्मचारियों के पसंद की है और उनके हित में भी।

वैसे तो इस मसले को राजनैतिक दृष्टिकोण से नहीं देखना चाहिये लेकिन यह सच है कि नयी योजना को भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार व उसके शासित ज्यादातर राज्यों की सरकारों का समर्थन है। दूसरी तरफ जहां गैर भाजपायी सरकारें हैं और उन राज्यों के कर्मचारी हैं, वे पुरानी स्कीम चाहते हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पंजाब में तो इसे लागू करने का फैसला भी लिया जा चुका है। रविवार को एकत्र हुआ कर्मचारियों का हुजूम बतलाता है कि यह मुद्दा न केवल इस साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों पर बल्कि 2024 में निर्धारित लोकसभा चुनावों पर भी असर करेगा।

उल्लेखनीय है कि 2004 में यूपीए की सरकार ने पुरानी योजना की जगह पर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की थी जो शेयर बाजार और अन्य निवेशों पर आधारित है। शेयर बाजार की स्थिति के आधार पर रिटर्न का भुगतान होता है। पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) में सेवानिवृत्ति के समय अंतिम मूल वेतन (बेसिक सैलरी) के 50 फीसदी तक निश्चित पेंशन मिलती है। एनपीएस में रिटायरमेंट के समय निश्चित पेंशन की कोई गारंटी नहीं होने से यह कर्मचारियों की पसंद नहीं रह गयी है। पुरानी पेंशन योजना में कर्मचारियों के वेतन से कोई कटौती नहीं होती थी जबकि एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन से 10 फीसदी की कटौती होती है। इतना ही नहीं, नई पेंशन स्कीम में ग्रेच्युटी प्राविडेंट फंड उपलब्ध नहीं है। पुरानी पेंशन स्कीम में यह सुविधा कर्मचारियों को मिलती है। पुरानी पेंशन योजना के और भी कई फायदे हैं। ओपीएस में रिटायर होने के बाद कर्मचारियों को चिकित्सा भत्ता और मेडिकल बिलों की सुविधा भी दी जाती है और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 20 लाख रुपये तक की ग्रेजुएटी की रकम भी मिलती है। इस योजना के तहत कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के समय की तनख्वाह की आधी राशि के बराबर की पेंशन मिलती है जिसका निर्धारण तत्कालीन वेतनमान एवं महंगाई सूचकांक के अनुसार होता है। साथ ही, कर्मचारी की मौत होने पर यह राशि उसके परिजनों को दी जाती है।

इस तरह देखें तो वर्तमान परिस्थितियों में यही पेंशन स्कीम कर्मचारियों के व्यापक हित में है। तत्कालीन सरकार ने जब इसे बन्द किया था तब का आर्थिक परिदृश्य काफी अलग था। देश की अर्थव्यवस्था बड़ी ऊंचाइयों पर थी। 1991 में आई नयी अर्थप्रणाली ने कार्पोरेट जगत को गतिशील बना दिया था जिसमें शेयर बाजारों में किया गया निवेश शर्तिया तौर पर फायदेमंद साबित होता था। 2008 की विश्वव्यापी आर्थिक मंदी ने निजी सेक्टर को काफी कमजोर किया था, बावजूद इसके कि भारत पर मंदी का बड़ा असर नहीं पड़ा था, लेकिन शेयरों में निवेश करना जोखिम पर आधारित अधिक हो चला था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों से भारत की अर्थव्यवस्था मुट्ठी भर कारोबारियों के लिये ही फायदेमंद रह गई है। पहले उद्योग-धंधों का स्वरूप विकेन्द्रित था। अब कुछ ही लोगों के शेयर उछाल मारते दिखते हैं जबकि ज्यादातर कम्पनियों के शेयरों में निवेश करना फायदे की गारंटी नहीं रह गई है। पुरानी पेंशन व्यवस्था की मांग करना एवं नयी योजना को नकारना दरअसल निवेश बाजार की गिरती साख का प्रतीक है। कर्मचारियों को पेंशन उनकी उम्र भर की कड़ी मेहनत से अर्जित की हुई होती है जिस पर उसकी सामाजिक सुरक्षा का पूरा भार होता है। इसी पेंशन के बल पर वे अपने बचे सपनों को पूरा करते हैं। बची आयु की रोजी-रोटी का जुगाड़ उसकी पेंशन से ही होता है और उसकी मृत्यु के बाद उसकी विधवा एवं नाबालिग बच्चों का भरण-पोषण भी इसी के जरिये सम्भव है। इस मुद्दे को इस लिहाज से नहीं देखा जाना चाहिये कि इसे किसने लागू किया या बन्द किया। इसका सम्बन्ध लाखों शासकीय कर्मचारियों के जीवन से जुड़ा हुआ है।

कुछ अरसा पहले राजस्थान में पुरानी पेंशन की बहाली का ऐलान सर्वप्रथम हुआ जिसका वहां के कर्मचारियों ने दिल से स्वागत किया है। हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी भी इससे खुश हैं। छत्तीसगढ़ में भी यही स्थिति है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पुरानी स्कीम का समर्थन करते हुए केन्द्र सरकार से निवेदन किया है कि दिल्ली के कर्मचारियों को पुरानी योजना के अनुसार पेंशन देने का ऐलान करे। कर्मचारियों की मांग जायज है अत: केन्द्र सरकार को चाहिये कि उनकी इच्छा के अनुरूप पुरानी पेंशन योजना बहाल करे। देखना होगा कि सामान्य रूप से जायज मांगों को पूरा करने में अपनी हेठी समझने वाली मोदी सरकार इस बार कर्मचारियों की बात मानती है या नहीं। उन्हें इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिये। इससे राजकोष पर भार तो बढ़ेगा लेकिन कर्मचारियों के व्यापक हित में उसे इस पहलू पर ध्यान नहीं देना चाहिये।

# भारत-कनाडा बिगाड़ : सावधान, आगे खाई है!

अक्सर कहा जाता है कि किसी देश की विदेश नीति, उसकी घरेलू नीति का ही विस्तार होती है। लेकिन, हरेक सामान्यीकरण की तरह, इस सूत्र में भी एक हद तक ही सच्चाई है। भारत और कनाडा के रिश्तों में ताजा बिगाड़ के सिलसिले में इस सच्चाई को याद रखना और भी जरूरी है। आखिरकार, कहा-सुनी के ताजा चक्र में कनाडा और भारत, एक-दूसरे पर विदेशी नीति के कदमों से, घरेलू तुच्छ राजनीतिक हित साधने के ही तो आरोप लगा रहे हैं। अगर भारत सरकार, कनाडा की ट्रूडो सरकार पर, अपने राजनीतिक लाभ के लिए, कनाडा को आधार बनाकर खासतौर पर भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने में लगे, खालिस्तान समर्थकों के प्रति नरमी बरतने से लेकर उन्हें संरक्षण देने तक के आरोप लगा रही है, तो दोनों देशों के रिश्तों में मौजूदा बिगाड़ आया ही ट्रूडो के अपने देश की संसद में खड़े होकर यह आरोप लगाने के बाद आया है कि कनाडा निवासी किंतु भारत में आतंकवाद के लिए वांछित, खालिस्तान समर्थक नेता, निज्जर की हत्या में, भारतीय एजेंसियों का हाथ लगता है।

विदेश नीति के कदमों से सीधे-सीधे घरेलू राजनीतिक स्वार्थ साधे जाने के आरोपों के बाद, मामला सिर्फ कहा-सुनी तक सीमित नहीं रह सकता था और नहीं रहा है। ट्रूडो के संसद में उक्त आरोप लगाने के बाद ही, कनाडा ने सुरक्षा मामलों से जुड़े भारत के एक शीर्ष राजनयिक अधिकारी को निष्कासित भी कर दिया तथा बात और भी बिगाड़ते हुए, उसका नाम मीडिया में लीक भी कर दिया। जवाब में भारत ने भी, आरोपों को सिरे से खारिज करने के साथ ही, कनाडा के एक राजनयिक को इसी प्रकार निष्कासित कर दिया। दोनों ओर से एक-दूसरे देश के लिए प्रतिकूल ट्रैवल एडवाइजरी जारी किए जाने के एक चक्र के बाद, अंतत: भारत ने कनाडा के लिए वीजा सेवाओं पर भी रोक लगा दी है। उसके ऊपर से कनाडा पर कूटनीतिक सुविधाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए, उसे भारत में अपने मिशन को सिकोड़ने के लिए भी कह दिया गया।

दुर्भाग्य से, भारत के इस 'मुंह तोड़' जवाब के बाद भी, कनाडा के पांव पीछे खींचने और तनाव में कमी के, कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। उल्टे इस बीच कनाडा ने निज्जर मामले में अपने आरोपों पर यह कहकर जोर और बढ़ा दिया है कि उसके पास भारतीय कूटनीतिज्ञों के संवादों के रूप में खुफिया जानकारियां हैं, जो संदेहों को पुख्ता करती हैं। इस दौरान उसने यह कहकर कि ये साक्ष्य उसे फाइव आईज़ नाम की, पांच पश्चिमी देशों की साझा खुफिया व्यवस्था में शामिल एक अन्य देश के जरिए हासिल हुए हैं, इस मामले में अमेरिका समेत अन्य पश्चिमी ताकतों को भी खींच लिया है। फाइव आईज़ में अमेरिका तथा कनाडा के अलावा यूके, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड भी शामिल हैं। भारत की मुश्किलें बढ़ाते हुए, अमेरिका समेत इन पश्चिमी ताकतों ने भी इन खुफिया जानकारियों को आम तौर पर स्वीकार ही किया है और कनाडा के आरोपों को गंभीर बताते हुए, भारत से जांच में सहयोग करने का ही आग्रह किया है। अब तक यह भी एक प्रकार से साफ ही हो चुका है कि ट्रूडो जिन खुफिया जानकारियों की दुहाई दे रहे हैं, वास्तव में फाइव आईज़ के हिस्से के तौर पर खुद अमेरिका द्वारा ही मुहैया कराई गई थीं।

जाहिर है कि यहां आकर यह विवाद, महज भारत-कनाडा विवाद नहीं रह गया है बल्कि कहीं बड़ा रूप ले चुका है। वास्तव में इस विवाद के ट्रूडो के संसद के बयान के जरिए सार्वजनिक होने के बाद से, यह जानकारी भी सामने आ चुकी है कि इससे पहले से कनाडा, भारत के साथ यह मामला उठा रहा था। यहां तक कि जी-20 के दौरान, विशेष रूप से मोदी-ट्रूडो की उप-वार्ताओं में न सिर्फ यह मुद्दा उठा था बल्कि उस पर तीखे मतभेद भी सामने आए थे। इतना ही नहीं, उसी दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया था और भारत तथा कनाडा के बीच बात बिगड़ने से बचाने की कोशिश की थी। बहरहाल, इस विवाद के सामने आने के बाद से पश्चिमी ताकतों का आम तौर पर जो रुख देखने को मिल रहा है, उससे इतना तो साफ ही है कि भारत उनसे, बीच-बचाव कराने से ज्यादा मदद या समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है।



राजेन्द्र शर्मा

कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है।

इसे देखते हुए, कनाडा के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति नरमी से लेकर, उसका राजनीतिक फायदा उठाने तक के भारत के आरोप, मुंहतोड़ जवाब के लिए सरकार के घरेलू समर्थकों से तालियां भले बजवा लें, पर कनाडा को अलग-थलग करने और भारत के लिए समर्थन जुटाने के लिए, खास मददगार नहीं हैं। उल्टे ऐसा लगता है कि इस मामले में भारत की एक कमजोरी ही पश्चिम के हाथ लग गई है, जिसका वह भारत को और दबाकर अपने खेमे में बांधे रखने के लिए इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेगा। कहने की जरूरत नहीं है कि मोदी राज में भारत में जिस तरह वास्तविकता में कानून का राज कमजोर हुआ है और एन्काउंटर से लेकर बुलडोजर तक के 'न्याय' को बढ़ावा दिया जा रहा है, उसने शेष दुनिया की नजरों में "यह भारत की नीति नहीं है" के हमारे खंडनों की साख को बहुत घटा दिया है। इज़रायल की मोसाद जैसी एजेंसियों की इसी तरह की कार्रवाइयों को वर्तमान भारतीय शासन किस तरह अनुकरणीय उदाहरण की तरह देखता है, जाहिर है कि यह भी बाकी दुनिया से छुपा हुआ नहीं है। लेकिन, यह किसी को नहीं भूलना चाहिए कि इज़रायल, पश्चिमी ताकतों के समर्थन के बल पर ही, दूसरे देशों की धरती पर अपने विरोधियों को खत्म या लिक्विडेट करने की कार्रवाइयां जारी रखे सका है। और सब कुछ के बावजूद भारत, पश्चिमी ताकतों के वैसे अकुंठ समर्थन की उम्मीद नहीं कर सकता है, जैसा समर्थन जाहिर है कि पश्चिम के अपने ही घरेलू राजनीतिक नीतिगत कारणों से, इज़रायल को सहज उपलब्ध है।

इन हालात में भारत को सरकार के घरेलू समर्थकों को संतुष्ट करने के लिए जैसे को तैसा जवाब देने के लालच में फंसने के बजाय, बारीक तथा धीरज की मांग करने वाले, कूटनीतिक तरीकों से ही रिश्तों की इस उलझी हुई गांठ को खोलने की कोशिश करनी चाहिए। कनाडा के लिए वीजा सेवाएं बंद करने जैसे कदम, ऐसी ही जवाबी प्रतिक्रिया के साथ, टकराव को और बढ़ाने के अलावा, कनाडा में रह रही भारतीय मूल के लोगों की खासी आबादी के लिए और कनाडा पढ़ने जाने वाले छात्रों की विशाल संख्या के लिए भी, परेशानी बढ़ाने का ही काम करेंगे। याद रहे कि पिछले साल कनाडा ने तीन लाख से ज्यादा भारतीयों के लिए वीजा दिए थे और भारत ने उससे थोड़े ही कम कनाडावासियों के लिए। इस विशाल संख्या को, बिगड़े रिश्ते की गांठ को खोलने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने में ही समझदारी है, न कि उसे गुरुगांठ में तब्दील करने का बहाना बनाने में।

इधर देश के अंदर, कनाडा स्थित नामित खालिस्तान समर्थक आतंकवादी, गुरुपतवंत सिंह पन्नू की पंजाब स्थित संपत्तियों को जब्त करने के फौरन बाद, राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनआइए) ने अपनी कार्रवाइयों का दायरा और बढ़ाया है। उसने कनाडा, अमेरिका, यूएई, आस्ट्रेलिया आदि में जमे, ऐसे 19 वांछितों की सूची जारी कर, उनके ओसीआई कार्ड रद्द कराने की तथा उनकी भारत स्थित संपत्तियों की पहचान से शुरू कर, आर्थिक मुश्कें कसने की कार्रवाइयां शुरू कर दी हैं। ये कार्रवाइयां सबसे पहले तो इन सभी के लिए भारत के दरवाजे बंद करेंगी। ये कार्रवाइयां चूंकि मूलत: अपने बचाव की कार्रवाइयां हैं, इसलिए इन पर अगर कोई वास्तविक सवाल उठ सकता है तो यही कि ये कदम पहले ही क्यों नहीं उठा लिए गए? जहां तक विदेश में शरण लिए बैठे खालिस्तान का प्रचार करने वालों का सवाल है, सीधे उन पर इन कदमों का खास असर तो शायद नहीं पड़े, पर ये कदम कम से कम उन्हें शरण देने वाले देशों के सामने भारत की चिंताओं की गंभीरता को तो रेखांकित करेंगे ही और उनकी भारतविरोधी गतिविधियों पर कुछ अंकुश लगाने का भी काम कर सकते हैं।

फिर भी इस सिलसिले में यह याद रखना चाहिए कि भारत में खालिस्तानी आतंकवाद-विरोधी सक्रियता, सिर्फ कनाडा आदि में बैठे खालिस्तान समर्थकों पर घेरा कसने का काम ही नहीं करेगी, वह खुद हमारे देश में खालिस्तान समर्थकों को पब्लिसिटी मुहैया कराने का भी काम करती है। दूसरे शब्दों में इस मामले में अनुपात तथा संयम का सहारा लेना इसलिए और भी जरूरी है कि कहीं भेड़िया आया, भेड़िया आया का शोर मचाने के चक्कर में, भेड़िये को न्यौत ही नहीं लिया जाए और पंजाब में, जहां अब तक खालिस्तानी आतंकवाद का शायद ही कोई समर्थन है, वास्तव में यह समस्या खड़ी ही नहीं हो जाए। यही इस मामले में विदेश नीति को संकीर्ण घरेलू नीति का विस्तार बनाने का, सबसे बड़े खतरा है। पंजाब में आतंकवाद के दौर तथा पंजाब के आतंकवाद की समस्या से उबरने के संघर्ष के अनेक प्रेक्षक, यह याद दिलाते हैं कि जिस तरह आतंकवाद की समस्या को विस्फोटक रूप दिलाने में, आतंकवाद-विरोधी छद्म युद्ध के तत्कालीन शासकों के कदमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी, उसी प्रकार मौजूदा शासन का अनुपातहीन सिख-आतंकवाद विरोधी गर्जन-तर्जन, आतंकवाद को पुनर्जीवित करने में ही मददगार हो सकता है। याद रहे कि मौजूदा शासन को, सिख आतंकवाद का हौवा दिखाकर, उसके विरोध के बहाने हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक गोलबंदी को आगे बढ़ाना नागवार नहीं होगा। यह भी याद रहे कि सबसे बढ़कर सिख आतंकवाद/खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों के संदर्भ के चलते, पिछली सदी के सत्तर के दशक से ही भारत और कनाडा के संबंध काफी खुरदुरे बने रहे थे और पिछले एक-डेढ़ दशक में ही उनमें सुधार हुआ था।

अब्दुर्रहीम खानखाना उर्फ रहीमदास ने कहा है:

"रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिए डार।
जहां काम आवै सुई, कहा करै तलवार।"

यह नहीं भूलना चाहिए कि कूटनीति का क्षेत्र, सुई का क्षेत्र है, वहां तलवार चलाना, काम बिगाड़ ही सकता है। बहरहाल, विदेश मंत्री जयशंकर, हाल के संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अमेरिका के दौरे के आखिर तक, जिस तरह के सुर की ओर बढ़ते नजर आए, उससे कुछ उम्मीद बनती है कि वर्तमान भारतीय शासन भी अब तक इस विवाद ने जो रूप लिया है, उस पर शेष दुनिया की प्रतिक्रिया से सबक लेकर, यहां से टकराव की जगह, समाधान का ही रास्ता तलाश करेगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# स्वामीनाथन ने भारत को खाद्यान्न मांगने वाले देश से निर्यातक देश में बदल दिया

■ **तीर्थंकर मित्र**

हरित क्रांति के वास्तुकार मनकोम्बु संबाशिवम स्वामीनाथन के लिए हरा जीवन का रंग था, जिसने भारत की छवि को भीख मांगने के कटोरे से अन्न भरी टोकरी में बदल दिया। एम एस स्वामीनाथन के मन में जीवन पर्यन्त आखिरी सांस तक यह धारणा बनी रही कि भूख गरीबी का सबसे खराब रूप है।

विचारों और विचारधारा के व्यक्ति, स्वामीनाथन ने चावल और गेहूं की उच्च उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने के लिए साथी वैज्ञानिक नॉर्मनबोरलॉग और अन्य के साथ सहयोग किया। इन उत्कृष्ट कृषि वैज्ञानिकों के कार्य के लिए इससे अधिक उपयुक्त समय पर फलीभूत होने वाला और क्या हो सकता था, क्योंकि तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बड़े पैमाने पर उभर रहे खाद्य संकट से निपटने के लिए राष्ट्र से एक दिन का भोजन छोड़ने का आह्वान किया था।

देश को खाद्य संकट से उबारने के लिए शास्त्री के पास स्वामीनाथन से बेहतर कोई कप्तान नहीं हो सकता था। सामने आई चुनौती का जवाब देना केरल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों के लिए कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं थी।

कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

1943 के मानव निर्मित बंगाल अकाल से बहुत स्वामीनाथन बहुत प्रभावित हुए, जिसके परिणामस्वरूप 30 लाख लोगों की मृत्यु हो गई थी। उस समय वह केरल विश्वविद्यालय के छात्र थे। उन्होंने गरीब किसानों को अधिक उत्पादन करने में मदद करने के लिए कृषि अनुसंधान का उपयोग करने का मन बनाया था। अनजाने में, वह उस व्यक्ति के शब्दों को लागू करने का निर्णय ले रहे थे जिन्होंने देश के पहले प्रधानमंत्री के रूप में कहा था-'कृषि इंतजार नहीं कर सकती।'

कृषि उत्पादन में लंबी छलांग वास्तव में समय की मांग थी। विदेशों से भोजन की सहायता से जुड़े तार दृष्टि में थे, लेकिन जल्द ही यह प्रक्रिया भोजन के साथ बेड़ियों में बदलने की धमकी दे रही थी। लेकिन समय के साथ, वह आदमी आया। स्वामीनाथन के काम ने भारतीय कृषि में क्रांति ला दी, जिससे देश को अकाल से निपटने और खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिली।

हालांकि स्वामीनाथन का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन उन्हें जल्द ही यह एहसास हो गया कि भारत में कृषि को अकाल और ग्रामीण आजीविका दोनों से लड़ने के लिए हथियार बनाया जाना चाहिए। उनके साथ काम करने वाले लोगों के साथ मिलकर उनके प्रयासों से चार फसल मौसमों में देश की फसल की पैदावार 120 लाख टन से लगभग दोगुनी होकर 230 लाख टन हो गई।

उपरोक्त आंकड़ों का अक्सर उपहास किया जाता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे अनाज आयात पर देश की निर्भरता खत्म हो गई। चीजों की उपयुक्तता में, स्वामीनाथन को उच्च उपज वाले गेहूं और चावल की किस्मों को पुरस्कृत करने में उनकी भूमिका के लिए पहली बार विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

भारत की अर्थव्यवस्था और स्थिति को बदलने वाले वैज्ञानिक को मैग्सेसे, पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण सहित कई सम्मानों से नवाजा गया, लेकिन भारत रत्न नहीं। शायद उनकी उपलब्धियां इस कसौटी पर खरी नहीं उतरीं और न ही उनकी लॉबी इतनी मजबूत थी।

अगर तत्कालीन महत्वपूर्ण व्यावहारिकता की बात करें तो स्वामीनाथन की विजय अधिक उर्वरक और पानी के अनुप्रयोग के प्रति उत्तरदायी नये सामान्य उपभेदों या 'पौधे के प्रकार' की क्षमता को पहचानने में निहित है। यह याद रखने की जरूरत है कि उनके पास भाखड़ा नांगल बांध और दामोदर घाटी निगम की सुविधाएं थीं। स्वामीनाथन कृषि विज्ञान के नवीनतम विकास से अवगत थे। इसके साथ-साथ उनकी क्षमता भी थी, जो पूरे देश में फसल क्षेत्रों में अपनी रणनीतिक दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए नौकरशाही कठोरता और राजनीतिक प्रतिष्ठान के माध्यम से काम करने वाले वैज्ञानिकों के समूह के बीच दुर्लभ थी।

भारतीय कृषि क्षेत्र आज बेहतर स्थिति में है। लेकिन अभी एम एस स्वामीनाथन जैसे व्यक्तित्व का अभाव है जो मिशनरी उत्साह के साथ कृषि क्षेत्र के लिए रणनीतिक उद्देश्यों का पालन करेगा।

किसी को सी सुब्रमण्यम और बीशिव रामकृष्णन जैसे मंत्रियों और नौकरशाहों को उनका हक देना चाहिए जो वैज्ञानिक राय को महत्व देते थे और साहसिक निर्णय ले सकते थे। बोरलॉग के मैक्सिकन गेहूं के 18,000 टन बीजों का आयात करना एक ऐसा निर्णय था जिसका उल्लेख किया जाना चाहिए। स्वामीनाथन नहीं रहे, लेकिन उनके विचार और उत्साह अल्पपोषण से लेकर पर्यावरणीय क्षरण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी उभरती चुनौतियों का समाधान निकालने में लगे हुए हैं।

हो सकता है इस राज्य (पंजाब) के मुख्यमंत्री से उर्वरक की बढ़ती कीमतों का कारण पूछने पर एक किसान को जेल में डाल दिया गया होगा, और उर्वरक मूल्य वृद्धि की समस्या ने इस प्रख्यात वैज्ञानिक को परेशान कर दिया होगा, और उन्होंने इसे कम करने के लिए खुद ही रास्ता तैयार कर लिया होगा। स्वामीनाथन के कितने ही सपने अधूरे रह गये। लेकिन उन्हें किसी भी हालत में नहीं छोड़ा जा सकता, अधूरा नहीं छोड़ा जा सकता है।

स्वामीनाथन द्वारा जलाई गई मशाल को आगे बढ़ाना युवा ब्रिगेड पर निर्भर है। वह और उनकी टीम भारत से होने वाले वैश्विक खाद्य निर्यात के 40 प्रतिशत के लिए पूरे श्रेय के पात्र हैं। जलवायु परिवर्तन और घटते संसाधनों के साथ चुनौती बड़ी है। स्वामीनाथन ने इसका पूर्वाभास किया और एक 'सदाबहार क्रांति' की कल्पना की, जिसे 'पारिस्थितिकी क्षति के बिना निरंतर उत्पादकता में सुधार' द्वारा शुरू किया जा सकता है। ऐसी उनकी दृष्टि थी।

## गुरवाणी विचार

# उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे

जीवन पदवी हरि के दास जिन मिलिआ आतम परगसु।
हरि का सिमरन सुन मन कानी सुख पावहि हरि दुआर परनि।
आठ पहर धिआइऔ गोपाल नानक दरसन देख निहाल।

इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि ये पंक्तियां गुरु ग्रंथ साहिब के 200 अंग पर सुशोभित है। जो प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन हर वक्त करते रहते हैं। सही मायने में ही प्रभु के दास हैं। हर के सेवक को उच्च आत्मिक दर्जा प्राप्त हो जाता है। उनसे जो भी प्राणी मिलता है उस पर भी इस बात का असर हो जाता है और उन्हें भी आत्मिक ज्ञान मिल पाता है अर्थात उनकी आत्मा को भी प्रकाश मिल जाता है इसीलिए मन को संबोधित करते हुए समस्त जीवों को समझा रहे हैं कि-

ऐ मेरे मन हर वक्त ध्यान लगा कर प्रभु परमात्मा का नाम सुना कर उस की ऐसी संगत में जाया कर जहां केवल प्रभु नाम का कीर्तन कथा होती रहती हो, क्योंकि वहां प्रभु परमात्मा का निवास होता है-विच संगति हरि प्रभु बसे जीओ।

हमें कहीं बैकुंठ जाने का प्रयास नहीं करना है क्योंकि गुरुदेव समझा रहे हैं कि साध संगत में ही बैकुंठ है इसलिए हर वक्त साध संगत में जाकर कीर्तन सुनना, प्रभु परमात्मा का सिमरन करना ही असल बैकुंठ की प्राप्ति है। प्रभु परमात्मा जपते रहने पर प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष नजरें इनायत हो पाएगी। उनकी कृपा दृष्टि मिल जाने पर ही हमारा कल्याण हो पाएगा।

हमें कहीं जंगलों में, पहाड़ों में जाकर तपस्या करने की जरूरत नहीं है परन्तु गृहस्थ जीवन में रह कर अपना कार-विहार करते हुए अपने घर अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए वह भी जरूरी है। कार विहार करते हुए मन प्रभु परमात्मा से जुड़ा रहना चाहिए।

नामा कहे त्रिलोचना मुख ते राम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि-
उठत बैठत सोवत जागत ए मन तुझे चितारे।

अतएव गृहस्थ आश्रम को सब से अच्छा माना गया है। वन-कंदराओंस में रहने वाले साधु संन्यासी को भी गृहस्थी के घर जाकर भिक्षा मांगनी पड़ती है तभी उनका उदर पोषण हो पाता है। बिना गृहस्थी के उनका भी गुजारा नहीं हो पाता इसीलिए गुरुदेव समझा रहे हैं गृहस्थ में रहकर अपना कार विहार करते हुए मन निरंकार से जुड़े रहना चाहिए।

याद रहे कि हमें हमारे पूर्व जनमों के कुछ अच्छे पुण्य कर्मों के कारण हमें यह मानव जनम मिला है इसलिए हमें चाहिए कि प्रत्येक श्वांस का उपयोग प्रभु सिमरन करने में लगाना है इसलिए गुरवाणी हमें समझा रही है-

राम सिमर राम सिमर ऐहो तेरो काज।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज

भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्तरूप दिया गया था। समय-समय में सरकारें बदलती रहीं और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढ़ता रहा। आज वर्तमान में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है। दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नालॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है। अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति में भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है।

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है। अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का निर्माण करवाया था।

यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है। आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है। भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, ब्राजील, इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है।

भारत अभी वैज्ञानिक, तकनीकी और सुरक्षा के उच्च स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। जिससे वह हर देश से आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से संतुलन बनाकर आमने सामने बैठ कर बात कर सके और इतना सामर्थ हो भारत कि हम संयुक्त राष्ट्रसंघ की सुरक्षा परिषद के आमंत्रित सदस्य बनकर बुलाए जाएं। गांधी जी ने स्वतंत्रता के बाद कहा था कि- मेरे सपनों का भारत कैसा भारत हो जिसमें गरीब से गरीब और वंचित से वंचित तथा पिछड़ा व्यक्ति भी भारत को अपना देश समझे तथा भारत की सरकार ऐसी सरकार जो अपनी नीतियां अंतिम व्यक्ति को सोचकर बना सके और उस व्यक्ति को सर्वाधिक लाभ प्राप्त हो सके। गांधी जी के सपनों के भारत को बनाने के लिए देश को सामाजिक, सांस्कृतिक, संस्कारिक, वैज्ञानिक और राजनीतिक रूप से शक्तिसंपन्न बनाना होगा तभी भारत का हर नागरिक अपने भारत के नागरिक होने पर गर्व उच्च स्तर पर कर सकेगा।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## मिस्र में पुलिस मुख्यालय में आग लगने से 25 घायल

**काहिरा।** मिस्र के स्वेज नहर शहर इस्माइलिया में एक सुरक्षा निदेशालय में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम 25 लोग घायल हो गए। सरकारी नाइल टीवी ने यह जानकारी दी। आग बुझाने के लिए स्थानीय नागरिक सुरक्षा और सशस्त्र बलों को तैनात किया गया है, जबकि आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चला है। इस बीच, घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाने के लिए 30 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गयी हैं। रिपोर्ट में बताया है कि पुलिस मुख्यालय में लगी आग चौथी मंजिल तक पहुंची गयी है।



# तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन ने लिया नया संविधान बनाने का संकल्प

**अंकारा,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने संसद के नए कार्यकाल में एक नया संविधान बनाने का संकल्प लिया है। राष्ट्रपति ने सभी राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

एर्दोगन ने संसद के नए विधायी वर्ष के उद्घाटन समारोह में एक भाषण में कहा, अब हमारे सामने एक नया कार्य और एक नया अवसर है। इसका उद्देश्य हमारे देश को एक नया और नागरिक संविधान देना है। उन्होंने कहा, हम सभी दलों, सभी सांसदों (संसद के सदस्यों), सभी सामाजिक वर्गों और इस मुद्दे पर अपनी राय और प्रस्ताव रखने वाले सभी लोगों को रचनात्मक समझ के साथ एक नए संविधान के आह्वान में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। एर्दोगन



■ सभी राजनीतिक दलों और समाज के सभी वर्गों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया

ने कहा कि उनकी सत्तारूढ़ जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (एकेपी) संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए सभी प्रकार के समझौतों के लिए तैयार है, और वे अन्य राजनीतिक अभिनेताओं से भी इसी तरह के रचनात्मक दृष्टिकोण की उम्मीद करते हैं। एर्दोगन वर्तमान संविधान के स्थान पर एक नए संविधान पर जोर दे रहे हैं।

पुराना संविधान 1982 में अनुमोदित किया गया था और तब से इसमें 19 बार संशोधन किया गया है। 2017 में अंतिम संशोधन ने राष्ट्रपति प्रणाली की शुरुआत की और संसदीय प्रणाली को समाप्त कर दिया। 2003 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से एर्दोगन देश का नेतृत्व कर रहे हैं। वह 2017 में एक संवैधानिक जनमत संग्रह के बाद 2018 में तुर्की के पहले कार्यकारी राष्ट्रपति बने, जिसने तुर्की संसदीय प्रणाली को राष्ट्रपति प्रणाली में बदल दिया।

## तुर्की ने कुर्द विद्रोहियों के खिलाफ हवाई हमले किए शुरू

**अंकारा।** तुर्की सेना ने उत्तरी इराक में हवाई हमले किए और प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के 20 ठिकानों को नष्ट कर दिया। देश के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार शाम मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि तुर्की के हवाई हमलों ने गारा, हाकुर्क, मेटिना और कंदील में पीकेके ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य अभियान रविवार सुबह दो हमलावरों द्वारा राजधानी अंकारा में तुर्की के आंतरिक मंत्रालय की इमारत के सामने बम हमले का प्रयास करने के बाद शुरू हुआ, जिसमें दो पुलिस अधिकारी मामूली रूप से घायल हो गए। आत्मघाती बम विस्फोट करने के बाद एक हमलावर की मौत हो गई, जबकि दूसरे को पुलिस ने गोली मार दी।

# जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने की कोशिश शर्मनाक : मस्क





**सैन फ्रांसिस्को,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने सोमवार को कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने की कोशिश के लिए आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया।

ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करने के बाद दी प्रतिक्रिया

उन्होंने कनाडा सरकार द्वारा ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्मों के लिए पंजीकरण अनिवार्य करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की। लेखक-पत्रकार ग्लेन ग्रीनवाल्ड ने एक्स पर पोस्ट किया- दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंसरशिप योजनाओं में से एक से लैस कनाडाई सरकार ने घोषणा की है कि पॉडकास्ट की पेशकश करने वाली सभी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं को अनुमति के लिए औपचारिक रूप से पंजीकृत होना चाहिए। ट्रूडो कनाडा में अभिव्यक्ति की आज़ादी को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। शर्मनाक। जब उनके एक अनुयायी ने पोस्ट किया कि ट्रूडो को अपना नाम बदलकर फाल्सेड्यू कर लेना चाहिए, तो टेक अरबपति ने रोते हुए चेहरे वाले इमोजी के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की।

## सुडोकू 6335

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

ग्रह स्थिति : मंगलवार 3 अक्टूबर, 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 5

### राशिफल

मेष -शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ स्वादिष्ट भोजन करने तथा आनंदपूर्वक समय व्यतीत करने का योग बनेगा। भविष्य के लिए आप बेहतर आर्थिक योजना बना सकेंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी।

वृषभ -आज का दिन उत्साह और प्रसन्नतापूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से सुख और आनंद की अनुभूति होगी। सगे-संबंधियों या मित्रों से उपहार मिलेगा। कहीं घूमने जाना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को खुशहाल बनाएगा।

मिथुन -आज संयमशील और विचारपूर्ण व्यवहार आपको बहुत से अनिष्टों से बचा लेंगे। आपके वाणी- व्यवहार से गलतफहमी पैदा न हो इस बात का ध्यान रखें। शारीरिक कष्ट, मन को भी अस्वस्थ बनाएंगे।

कर्क -आकस्मिक धन प्राप्ति का लाभ होगा। आज का दिन अत्यंत रोमांचक और आनंदप्रद बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यापारियों को मुनाफा वाले सौदे होंगे। पुत्र और पत्नी से लाभ होगा।

सिंह -आज का दिन नौकरी और व्यवसाय के लिए लाभदायक है। अपने काम से सभी को प्रभावित करेंगे। दृढ़ता और आत्मविश्वास के कारण अपने काम को अच्छी तरह से पूरा कर सकेंगे। अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

कन्या -आपका आज का दिन धार्मिक काम में व्यतीत होगा। किसी धार्मिक स्थान पर जा सकेंगे। विदेश जाने का अवसर मिलेगा। दोस्तों से लाभ मिलेगा। कार्यालय में उच्च अधिकारियों से बातचीत में सावधान रहें।

तुला -आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक -आज आपके दैनिक काम में परिवर्तन हो सकेगा। आज पूरी तरह से मनोरंजन और मौजमस्ती के मूड में रहना चाहेंगे। मित्रों और परिवार के सदस्यों का साथ मिल सकेगा। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

धनु -आज आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा। नौकरी में लाभ और आय में वृद्धि होगी। सहकर्मियों से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी।

मकर -आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है।

कुंभ -मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। नींद नहीं ले पाएंगे। मां के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मीन -आज नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। भाइयों के साथ आनंद के पल गुजारेंगे। मानसिक स्वस्थता के साथ निर्णय ले सकेंगे। विरोधियों के समक्ष आपकी जीत होगी। किसी के साथ प्रेम संबंध में बंधने की संभावना है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

# सेना प्रमुख तंजानिया की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए सोमवार को तंजानिया की आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुए। मंत्रालय ने कहा कि सेना प्रमुख की यात्रा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए है। इसमें कहा गया है कि वह तंजानिया के कई गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा और बैठकों में शामिल होंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा, अपनी यात्रा के दौरान, सीओएएस के तंजानिया गणराज्य की राष्ट्रपति महामहिम सामिया सुलुहु हसन से मुलाकात करने की संभावना है। इसमें कहा गया कि सेना प्रमुख रक्षा मंत्री स्टरगोमेना लॉरेंस टैक्स और रक्षा बल के प्रमुख जनरल जैकब जॉन मकुंडा से भी मुलाकात करेंगे। इसमें कहा गया है कि सेना प्रमुख ज़ांज़ीबार का भी दौरा करेंगे जहां वह राष्ट्रपति हुसैन अली म्विनी से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा 101वीं इन्फेंट्री ब्रिगेड के कमांडर जनरल सैदी हामिसी सैदी के साथ बातचीत का भी कार्यक्रम है। जनरल मनोज पांडे राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज को भी संबोधित करेंगे और मेजर जनरल विल्बर्ट ऑगस्टीन इबुगे कमांडेंट और संकाय के साथ बातचीत करेंगे।

# मेक्सिको में चर्च की छत गिरने से नौ की मौत

**मेक्सिको सिटी,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। मैक्सिकन शहर स्यूदाद माडेरो में एक चर्च की छत गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई है और 40 अन्य घायल हो गए हैं। मैक्सिकन सार्वजनिक सुरक्षा सचिवालय के क्षेत्रीय विभाग द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। तमाउलिपास राज्य के सुरक्षा विभाग ने एक्स लिखा, इस हादसे में नौ लोगों की मौत और 40 के घायल होने की सूचना मिली है। आगे की जानकारी बचाव कार्य पूरा होने के बाद ही मिलेगी। मीडिया ने बताया कि बचावकर्मी अन्य 30 लोगों की




तलाश कर रहे हैं जिनके मलबे में फंसे होने की आशंका हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग ने एक्स पर कहा, दस लोगों के मरने और 60 के घायल होने की सूचना है, जिनमें से 23 को अस्पताल ले जाया गया। दो लोगों की हालत नाजुक है।

## मेक्सिको में सड़क दुर्घटना में 10 क्यूबाई प्रवासियों की मौत

मेक्सिको सिटी। क्यूबा के 27 नागरिकों को ले जा रहा एक मालवाहक ट्रक दक्षिण मेक्सिको के सीमावर्ती राज्य चियापास में पलट गया। जिससे उसमें सवार 10 महिलाओं की मौत हो गई और 17 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने कहा कि पिजिजियापान-टोनाला राजमार्ग के तटीय क्षेत्र में सुबह-सुबह यह दुर्घटना हुई। बताया गया है कि, प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था, उसने इकाई पर नियंत्रण खो दिया और पलट गई।

## वर्ग पहेली 6335



**बायें से दायें:-**

१. सम्मोहित
३. गणेश
५. गर्व, घमंड
६. प्राप्त, लब्ध (उर्दू)
७. श्रीकृष्ण के भाई
८. अंधाधुंध, लगातार
१३.आवरणहीन, उजागर (उर्दू)
१५. प्रारब्ध, भाग्य
१६. मददगार
१७. निखार, दीप्ति
१८. खिताब, पदवी
२०. दूसरों के साथ किया जाने वाला व्यवहार
२२. संतुलित नापतौल किया गया
२३. नई नवेली दुल्हन

**ऊपर से नीचे:-**

१. धीमी हँसी
२. गलतफहमी, भ्रम, भ्रांति (उर्दू)
३. अव्यवस्था, घपला
४. पत्थरबाजी
५. अल्पवयस्क, मासूम, निर्दोष
९. हठात्
१०. तहकीकात
११. सौर-मंडल का एक ग्रह
१२. नुमाइंदा
१४. नाक़ाबिलियत
१७. प्रकाशित, आलोकित (उर्दू)
१९. पृथ्वी, संबंधी
२०. विपत्ति, प्रेत-बाधा (उर्दू)
२१. कानन, विपिन

### वर्ग पहेली-6334



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# जिम्बाब्वे विमान दुर्घटना में भारतीय व्यवसायी, बेटे सहित छह की मौत

**हरारे,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे में सोना, हीरे और कोयला खनन में रुचि रखने वाले भारतीय अरबपति और उनका बेटा उन छह व्यक्तियों में शामिल थे, जिनकी विमान दुर्घटना में जान चली गई।



सरकारी संडे टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एकीकृत खनन और धातुकर्म कंपनी रियोजिम के मालिक हरपाल रंधावा 29 सितंबर को राजधानी हरारे से दक्षिण-पश्चिमी जिम्बाब्वे में मुरोवा हीरा खदान के लिए उड़ान भर रहे थे, जब विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस ने कहा कि विमान, जो कथित तौर पर रियोजिम का था, माशावा के ज़वामांडे इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी छह लोग मारे गए, जिसमें चार विदेशी और दो जिम्बाब्वे के लोग शामिल थे। ऐसा संदेह है कि यह दुर्घटना किसी यांत्रिक खराबी के कारण हुई है। पुलिस ने कहा, जिम्बाब्वे पुलिस ने एक विमान दुर्घटना की रिपोर्ट दी है, जो 29 सितंबर को सुबह 7.30 से 8 बजे के बीच हुई, जिसमें छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा, व्हाइट और रेड जकैम विमान सुबह 6 बजे हरारे से खदान के लिए निकला था और माशावा से लगभग 6 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रियोजिम, जो पहले ब्रिटिश-ऑस्ट्रेलियाई खनन समूह रियो टिंटो का हिस्सा था, ने दुर्घटना की पुष्टि की और कहा कि वह अधिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। जिम्बाब्वे रिपब्लिक पुलिस (जेडआरपी) के प्रवक्ता, सहायक आयुक्त पॉल न्याथी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि वे अभी भी इस बारे में और जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं।

# सऊदी अरब ने स्वीडन में कुरान जलाने पर की निंदा

**रियाद,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब ने रविवार को स्वीडिश शहर माल्मो में इस्लामी पवित्र ग्रंथ कुरान की एक प्रति को जलाने की कड़ी निंदा की है। सऊदी प्रेस एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्रालय ने 'ऐसे अपमानजनक कृत्यों को देश की अस्वीकृति को दोहराया,' और कहा कि इस तरह के कदम ने दुनिया भर में लाखों मुसलमानों की भावनाओं को भड़काया है। मंत्रालय ने स्वीडिश अधिकारियों से कुरान का अपमान करने वालों से सख्ती से निपटने और उन लोगों को अनुमति देना बंद करने का आह्वान किया जो इसी तरह की कार्रवाई करने की योजना बना रहे हैं।

गौरतलब है कि इराकी मूल के सलवान मोमिका ने शनिवार को माल्मो में पहले कुरान के पन्ने फाड़े और फिर उसे जला दिये। स्वीडिश मीडिया ने बताया कि स्वीडिश पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और कुछ अन्य लोगों को वापस भेज दिया, जिन्होंने इस कदम को रोकने की कोशिश की थी। पिछले महीनों में स्वीडन, डेनमार्क और नीदरलैंड सहित कई देशों में इस्लाम विरोधी व्यक्तियों या समूहों द्वारा कुरान की प्रतियों को फाड़ना और जलाकर पवित्र ग्रंथ का बार-बार अपमान किया गया था, जिससे दुनिया भर के मुस्लिम-बहुल देशों में आक्रोश और इसकी आलोचना हो रही है।

## आज का इतिहास

1735 – फ्रांस और छठे कैरल सम्राट ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1831 – मैसूर (अब मैसुरु) पर ब्रिटेन ने क़ब्ज़ा किया।
1880 – पहले मराठी संगीत नाटक 'संगीत शाकुन्ताल' का पुणे में मंचन किया गया।
1915 – नेवादा के प्लेजेंट वैली में 7.8 रिक्टर पैमाने का भूकंप आया।
1932 – इराक यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
1977 – पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
1978 – कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहला और दुनिया के दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
1984 – भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गयी।
1992 – गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता।
1994 – भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
1995 – चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति।
1999 – आण्विक पदार्थों के आवागमन और आण्विक दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सं.रा. अमेरिका तथा रूस ने संयुक्त संकट केन्द्र की स्थापना की।
2002 – नोबेल शान्ति पुरस्कार के लिए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर को संयुक्त रूप से देनी की सिफ़ारिश की गई।
2003 – पाकिस्तान ने हल्फ-ड्ढड्ढ मिसाइल का परीक्षण किया।
2004 – लश्कर-ए-तैयबा का राजनीतिक संगठन दो हिस्सों में बंटा।
2006 – संयुक्त राष्ट्र संघ के नये महासचिव दक्षिण कोरिया के बान की मून होंगे।
2008 – टाटा मोटर्स के चेयरमैन रतन टाटा ने सिंगूर से नैनो कार परियोजना अन्यत्र ले जाने की घोषणा की।

**सराहना** *ग्रामीण पर्यटन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है चीन*

# ग्रामीण पर्यटन में चीन को यूएनडब्ल्यूटीओ की प्रशंसा मिली

**बीजिंग, 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन ग्रामीण पर्यटन में विश्व में अग्रणी स्थान रखता है। संयुक्त राष्ट्र का विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) उत्सुकता से चीन के इनबाउंड और आउटबाउंड पर्यटन बाजार की व्यापक बहाली की प्रतीक्षा कर रहा है। हाल ही में पर्यटन बाजार सूचना और प्रतिस्पर्धा के लिए यूएनडब्ल्यूटीओ की प्रभारी सैंड्रा कारवाओ ने एक साक्षात्कार में यह बात कही। सैंड्रा कारवाओ ने कहा कि चीन एक बड़ा पर्यटन देश है। चीन का विकास विश्व पर्यटन उद्योग के लिये काफी महत्वपूर्ण है।**

उनका मानना है कि सभी लोग चीन से इनबाउंड और आउटबाउंड पर्यटन में वृद्धि का उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। कई पर्यटन स्थल भी चीनी पर्यटकों के जल्द से जल्द लौटने के लिए उत्सुक हैं।

सैंड्रा कारवाओ ने अपील की कि ग्रामीण विकास को राष्ट्रीय नीति समर्थन से अलग नहीं किया जा सकता। चीन इन देशों में से एक है, जो ग्रामीण विकास में पर्यटन उद्योग की भूमिका को सबसे अधिक महत्व देता है। चीन



ने इसके लिए विशिष्ट नीतियां बनाई हैं। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि कैसे चीन बुनियादी ढांचे के निर्माण आदि विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्रों का समर्थन करता है। ये महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण पर्यटन के विकास में चीन का एक बड़ा लाभ उसके विशाल घरेलू पर्यटन बाजार में निहित है। इस बात के बारे में सैंड्रा कारवाओ ने कहा, इसका मतलब है कि पूरे साल में पर्यटन बाजार में पर्याप्त मांग रहेगी, जिससे बुनियादी ढांचे और सेवाओं के निर्माण में चीन सक्षम है। अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन एक पूरक भूमिका निभाता है।

## नए स्तर पर पहुंची चीन की वन्यजीव सुरक्षा

**बीजिंग।** 'विश्व पशु दिवस' की शुरुआत 13वीं शताब्दी में एक इतालवी भिक्षु सेंट फ्रांसिस की पहल से हुई थी। वह लंबे समय तक जंगल में रहा था और जानवरों के साथ 'भाई और बहन' का रिश्ता स्थापित किया था। फ्रांसिस ने इंसानों और जानवरों के बीच सामान्य और सभ्य रिश्ता स्थापित करने का आदर्श पेश किया। उनकी याद में लोगों ने 4 अक्टूबर को विश्व पशु दिवस के रूप में नामित किया है। जानवरों की रक्षा करना दुनिया के दस पर्यावरण संरक्षण कार्यों में से है। 1920 के दशक से, विभिन्न देशों के पर्यावरण समूहों ने 4 अक्टूबर को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की हैं।

## दुनिया को जानें

# पाकिस्तानी सैटेलाइट लॉन्च करेगा चीन का चंद्र मिशन

**इस्लामाबाद,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन का चंद्रमा पर नया चांग ई 6 मिशन 2024 की पहली छमाही में लॉन्च किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वह एक पाकिस्तानी सैटेलाइट को भी चंद्रमा पर ले जाएगा। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने सोशल मीडिया साइट वीबो पर एक बयान में कहा है कि चांग ई 6 मिशन 2024 की पहली छमाही में चंद्रमा पर लॉन्च किया जाएगा। द न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, मिशन पाकिस्तान, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए), फ्रांस और इटली से चंद्रमा पर पेलोड ले जाएगा। चांग ई 6 मिशन फ्रांसीसी उपकरणों को ले जाएगा जो रेडियोधर्मी गैस का परीक्षण करेंगे। इसी तरह ईएसए के नेगेटिव आयन डिटेक्टर और इटली के वैले ब्रेट रडार सिस्टम को भी इस मिशन द्वारा चंद्रमा पर ले जाया जाएगा। द न्यूज की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्यूबसैट नाम का पाकिस्तान का उपग्रह भी चंद्रमा की कक्षा में भेजा जाएगा। चीन अंतर्राष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन परियोजना में तेजी ला रहा है और इसके अधिक अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां होने की उम्मीद है।

# प्रादेशिकी

## मोदी 5 अक्टूबर को जोधपुर आएंगे : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 अक्टूबर को जोधपुर का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी के दौरे को लेकर पश्चिमी राजस्थान में जबरदस्त उत्साह है। शेखावत ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन और महिला आरक्षण विधेयक पारित होने के बाद मोदी का यह पहला जोधपुर दौरा होगा। उन्होंने कहा, 'लोग पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। लोग प्रधानमंत्री का अभिनंदन और स्वागत करने के लिए उत्साह से भरे हुए हैं। पीएम एम्स में नए ट्रॉमा सेंटर की आधारशिला रखेंगे। वह हवाईअड्डे के विस्तार कार्यों की आधारशिला रखेंगे और आईआईटी में नए शैक्षणिक कार्यों का भी उद्घाटन करेंगे।'

## करीब तीन महीने बाद शिमला पहुंची ट्रेन

### आज से शुरू होगी नियमित सेवाएं

**शिमला,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। पहाड़ों की रानी शिमला घूमने के लिए आने वाले पर्यटकों और अन्य यात्रियों के लिए खुशखबरी है। शिमला-कालका रेलवे हैरिटेज ट्रैक पर ट्रेन की आवाजाही शुरू हो गई है. रविवार को रेलवे ने इंजन का सफल ट्रॉयल किया है। सोमवार दोपहर यहां से शिमला से खाली ट्रेन कालका की तरफ गई, शाम के वक्त यह ट्रेन यात्रियों को लेकर शिमला पहुंची। यह ट्रॉयल सफल होने के बाद आज यानी मंगलवार से ट्रेन की नियमित आवाजाही शुरू हो जाएगी।



**6 जुलाई से बंद थी आवाजाही**

गौरतलब है कि भारी बारिश की वजह से शिमला-कालका रेलवे हैरिटेज ट्रैक पर शिमला के लिए 6 जुलाई से ही ट्रेन की आवाजाही बंद थी। 14 अगस्त की सुबह यहां समरहिल के पास पुल क्षतिग्रस्त हो गया। इस पुल के क्षतिग्रस्त होने की वजह से यहां ट्रेन की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई, रेलवे ने युद्ध स्तर पर इसकी मरम्मत का काम किया और करीब डेढ़ महीने की कड़ी मेहनत के बाद यहां सीसी ग्रिप के जरिए पुल तैयार कर दिया गया है।

**पर्यटक ले सकेंगे खूबसूरत सफर का मजा**

मंगलवार से पहाड़ों की रानी शिमला घूमने के लिए आने वाले पर्यटक टॉय ट्रेन के सफर का मजा ले सकेंगे। इसके अलावा पश्चिम बंगाल से नवरात्रि के मौके पर शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में शीश नवाने के लिए आने वाले पर्यटकों को भी सुविधा मिल सकेगी, यही नहीं, यहां आने वाले प्रवासी मजदूर भी बड़ी संख्या में इसी ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं. प्रवासी मजदूरों को भी ट्रेन की आवाजाही शुरू होने से फायदा पहुंचेगा. रेलवे ने रिकॉर्ड समय में पुल तैयार कर सभी को बड़ी सुविधा दी है।

14 अगस्त की सुबह शिमला में आई आपदा में समरहिल के नजदीक रेलवे का यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इसी हादसे में शिमला के शिव बावड़ी में 20 लोगों की जान चली गई थी, यह भूस्खलन शिमला के एडवांस स्टडी के नजदीक से शुरू होकर यूनिवर्सिटी रोड को नुकसान पहुंचता हुआ रेलवे ट्रैक और शिव मंदिर तक पहुंचा था। अगस्त महीने के अंत में यहां पुल को ठीक करने का काम शुरू हुआ और 30 सितंबर को इसे पूरा कर लिया गया।

## मंत्रिमंडलीय उप समिति तैयार करेगी 5 लाख युवाओं को रोजगार देने का रोडमैप

**शिमला,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में गठित मंत्रिमंडलीय उप समिति 5 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने का रोडमैप तैयार कर रही है। इसके तहत सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के विकल्प तलाशे जा रहे हैं। सरकार बनने के बाद समिति की बैठकें भी हुई है तथा निकट भविष्य में भी इसका आयोजन होगा। इसके लिए सरकारी विभागों, निगम व बोर्ड से खाली पदों का विवरण भी मांगा गया है। हालांकि हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग को भंग करने के बाद भर्ती की यह प्रक्रिया रुकी थी, अब प्रदेश में नया चयन आयोग गठित होने के बाद सरकारी क्षेत्र में ग्रुप-सी भर्ती प्रक्रिया का सिलसिला शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा निजी क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों के माध्यम से इंटरव्यू व कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए इस वर्ष जनवरी से अगस्त माह तक 262 स्थानों पर कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया तथा विभिन्न माध्यमों से 7,557 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ।

मंत्रिमंडलीय उप समिति सरकारी क्षेत्र में विभागों, निगम व बोर्ड में रोजगार के विकल्प तलाशे जा रहे हैं। इसके तहत शिक्षा, ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, तकनीकी शिक्षा, कृषि-बागवानी, जल शक्ति, स्वास्थ्य, उद्योग, शहरी विकास, राजस्व, बिजली बोर्ड व एच.आर.टी.सी. सहित अन्य विभागों, निगम व बोर्ड में रोजगार के विकल्प तलाशे जा रहे हैं। मंत्रिमंडल उप समिति कुछ बदुओं पर भी काम कर रही है। इसमें स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना, शिक्षण संस्थानों में कैंपस इंटरव्यू प्रक्रिया को बढ़ाना, उद्योगों को प्रोत्साहन देना एवं पी.एस.यू. में खाली पदों को भरने की दिशा में आगे बढ़ना शामिल है।

## राजस्थान में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों की पूरे देश में चर्चा : गहलोत

**जयपुर,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं और प्रदेश में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों की पूरे देश में चर्चा हो रही है। श्री गहलोत सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर खेतड़ी से आए प्रतिनिधिमण्डल को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रखी गई है। खेतड़ी सहित पूरे प्रदेश में विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। राज्य में हुए विकास कार्यों की पूरे देश में चर्चा हो रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को 25 लाख का बीमा कवर दिया जा रहा है, जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार कानून बनाकर आमजन को स्वास्थ्य का अधिकार प्रदान किया गया है। साथ ही राज्य में दवाइयां एवं स्वास्थ्य जांचें भी पूर्णतया नि:शुल्क है। श्री गहलोत ने कहा कि राज्य में लगभग एक करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है तथा न्यूनतम पेंशन राशि बढ़ाकर एक हजार रूपए की गई है। प्रदेशभर में महंगाई राहत शिविर लगाकर आमजन को महंगाई से राहत दी है। राज्य में महज 500 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराया जा रहा है जबकि केन्द्र सरकार ने सिलेण्डर पर केवल 200 रुपए कम किए हैं। केन्द्र सरकार को भी राजस्थान की तरह पूरे देश में 500 रुपए में गैस सिलेण्डर मुहैया करवाकर आमजन को राहत देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती केन्द्र सरकार ने शिक्षा, सूचना, खाद्य सुरक्षा एवं महात्मा गांधी नरेगा संबंधी कानून बनाकर लोगों को अधिकार प्रदान किए।



**राज्य में हुए विकास कार्यों की पूरे देश में चर्चा हो रही है, प्रदेश में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से प्रदेशवासियों को 25 लाख का बीमा कवर दिया जा रहा है, जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं है: अशोक गहलोत**

### भाजपा के पास जनता के लिए कोई विजन नहीं: पायलट



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने दावा करते कहा है कि प्रदेश में सरकार और संगठन मिलकर काम रहे हैं और कार्यकर्ताओं की ताकत पर सरकार रिपीट होगी जबकि भारतीय जनता पार्टी के पास जनता के लिए कोई विजन नहीं हैं। श्री पायलट सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से यह बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सरकार एवं संगठन मिलकर काम कर रहे है। तभी तो जनता विश्वास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई विजन नहीं हैं और वह सदन के अंदर एवं बाहर पिछले पौने पांच साल में कोई विजन, सोच, रोडमेप राजस्थान के बारे में नहीं दे सकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा आलोचना करना, छोटा-मोटा हंगामा करने की कोशिश की है और विवादित मुद्दों हिन्दु-मुस्लिम, भाषा इन पर चर्चा कर लोगों का केवल ध्यान हटाने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश के नेताओं की राजस्थान में पार नहीं पड़ेगी, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार राजस्थान के दौरे कर रहे हैं।

## सार संक्षेप

### हिमाचल में बस पर पहाड़ी से गिरे पत्थर, तीन यात्री घायल बड़ा हादसा टला

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रोहड़ू के झड़ासली से सोमवार सुबह शिमला की ओर जा रही एचआरटीसी बस पर पहाड़ी से पत्थर गिरने के कारण तीन यात्री घायल हुए हैं। पर, एक बड़ा हादसा होने से टल गया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचा दिया है। जानकारी के अनुसार झड़ासली से शिमला के लिए सोमवार सुबह रवाना हुई बस भोलाड़ नाले के पास सड़क पर मलबा पड़ा होने के कारण खड़ी थी। बस के अंदर करीब एक दर्जन सवारियां भी बैठी थीं। इस दौरान पहाड़ी से एक पत्थर गिरकर बस की खिड़की के शिशे को तोड़कर अंदर घुस गया। इसकी चपेट में आने से तीन यात्री घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच की और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यदि चलती बस पर पत्थर गिरा होता तो चालक के संतुलन खोने से बड़ा हादसा हो सकता था। घायलों में रामेश्वरी पत्नी ज्ञान सिंह निवासी गांव भोलाड़, कमल पुत्र लाल बहादुर व भीम पुत्र नीलधर शामिल हैं।

### कस्तूरबा गांधी वृद्ध आश्रम में चलाया सफाई अभियान

**सिरसा।** दि सिरसा स्कूल के स्टॉफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आश्रम में सफाई अभियान चलाया। इस अवसर पर निदेशक व प्रधानाचार्या मनीषा गोदारा ने सफाई अभियान का शुभारंभ कर विद्यार्थियों का मार्गदशन किया। सुश्री मनीषा गोदारा ने विद्यार्थियों को अपने आस-पास सफाई का खास ध्यान रखने और सफाई के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता के लिए जन आंदोलन का उत्सव मनाने के लिए दो अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो महात्मा गांधी को उनकी जयंती के दिन श्रद्धांजलि है। सुश्री गोदारा ने बताया कि स्वच्छता अभियान स्वैच्छिक होना चाहिए और हमें अपने और आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने के लिए मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का सार्थकता तभी है, जबकि प्रत्येक नागरिक इसमें अपनी सहयोग रूपी आहूति डाले। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे लोगों का कुशलक्षेम भी जाना। उधर, जेसीडी विद्यापीठ में स्थित जेसीडी शिक्षण महाविद्यालय में गांधी जयंती की 154वीं वर्षगांठ पर आज महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी तथा शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद दिल्ली और भारतीय पुनवाज़्स परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में स्वच्छता पखवाड़ा योजना के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

### सुडोकू 6335 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 6 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 8 |
| 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 2 | 1 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## पंजाब के सेकेंडरी स्वास्थ्य सुविधाओं का 1300 करोड़ के साथ होगा कायाकल्प

**पटियाला,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज 1300 करोड़ रुपए की लागत से राज्य भर में माध्यमिक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के बुनियादी ढांचे के उन्नयन/मजबूतीकरण के लिए एक बड़े अभियान की शुरुआत की।

इस मुहिम के अंतर्गत भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने आज पटियाला में अपग्रेडेशन के बाद माता कौशल्या अस्पताल लोगों को समर्पित किया, जो ऐतिहासिक शहर पटियाला और इसके पास के इलाके के लगभग 20 लाख लोगों की आबादी को स्वास्थ्य सहूलियतों मुहैया करेगा। इस अस्पताल में 300 बेड हैं और अब इस प्रतिष्ठित अस्पताल में 66 बेड का विस्तार किया गया है। अस्पताल को 13.80 करोड़ रुपए की लागत के साथ मज़बूत किता गया है और अब यह अस्पताल आई. सी. यू, एन. आई. सी. यू और अन्य सहूलियतों के साथ लैस है।

**■ भगवंत मान व अरविंद केजरीवाल ने पटियाला में अपग्रेडेशन के बाद माता कौशल्या अस्पताल लोगों को समर्पित किया**



राज्य में स्वास्थ्य क्रांति के युग की शुरुआत करते हुये सरकार ने वित्तीय साल 2023- 24 के अपने बजट में कम्युनिटी हैल्थ सैंटरों, सब डिवीजनल अस्पतालों और ज़िला अस्पतालों की मज़बूती के लिए 1300 करोड़ रुपए की अंदाज़न लागत के साथ विशेष प्रोजैकट का ऐलान किया है और इस प्रोजैकट को क्रमवार पूरा किया जायेगा। आज 19 ज़िला अस्पतालों, 6 सब डिवीजनल अस्पतालों और 15 सी. एच. सी. को कवर करने वाले प्रोजैकट के पहले पड़ाव की शुरुआत की गई, जिस पर 402 करोड़ की लागत आयेगी। इस प्रोजैकट के अंतर्गत सरकार ने अस्पतालों में सेवाएं जैसे अलग- अलग सहूलतों सम्बन्धित मरीजों की सहायता और मार्गदर्शन के लिए एक समर्पित मरीज़ सुविधा केंद्र स्थापित करने का फ़ैसला किया है।

इनमें से हरेक हेल्थ केयर फैसिलिटी में पूरी तरह लैस माड्यूलर आपरेशन थियेटर ( ओ. टीज़) का निर्माण किया जायेगा और वैंटीलेटरों, कार्डिअक मॉनीटरों और अन्य सभी उपकरणों की उपलब्धता के साथ एमरजेंसी ब्लाकों को और मज़बूत किता जायेगा। सभी ज़िला अस्पतालों में इंटेंसिव केयर यूनिट ( आई. सी. यू) खोले जाएंगे। पंजाब सरकार ने लोगों को प्राइमरी स्वास्थ्य सेवाओं को उनके घरों तक प्रदान करने के मकसद के साथ पिछले एक साल में राज्य में 664 आम आदमी क्लीनकों की स्थापना की है।

## नई ई-व्हीकल पॉलिसी को धरातल पर उतारने की कवायद तेज

**शिमला**, 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूबे में नई ई. व्हीकल पॉलिसी को धरातल पर उतारने की कवायद तेज हो गई है। सरकार एक पखवाड़े में ई. व्हीकल पॉलिसी को जारी करेगी। पॉलिसी के तहत सरकारी अदारों में ई. टैक्सियों को चलाया जाना है। ई. व्हीकल पॉलिसी के पहले चरण में परिवहन विभाग 500 ई टैक्सियों को परमिट देगी। इसके लिए परिवहन विभाग बेरोजगारों से आवेदन मांगेगा। ई. व्हीकल पॉलिसी के तहत टैक्सी परमिट व उपदान लेने वाला बेरोजगार युवक ही इसमें चालक होगा।

**■ परिवहन विभाग 500 ई टैक्सियों को परमिट देगा**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक सरकार की सोमवार को ई. व्हीकल पॉलिसी को जारी करने की योजना थी, मगर अपरिहार्य कारणों से इसे पखवाड़े भर आगे खिसकाया गया है। पॉलिसी को ड्रा ट पूरी तरह से तैयार है और किस विभाग को कितनी ई.टैक्सी चाहिए उसका खाका भी आ चुका है मगर योजना की लॉन्चिंग में अभी समय लगेगा। बताया जाता है कि इस दौरान सीएम के कई बड़े कार्यक्रम होने के चलते ई.व्हीकल की इस योजना को अभी कुछ समय बाद सामने लाया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक पहले चरण में 500 ई.टैक्सी के लिए लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। तय नियम व शर्तों के आधार पर लोगों को ई.टैक्सी के लिए अपलाई करना होगा। योजना का भविष्य लोगों द्वारा किए जाने वाले आवेदनों पर निर्भर करता है। देखना होगा कि कितने लोग इस योजना के लिए आवेदन करेंगे। परिवहन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिखा था जिनसे उनकी ई. टैक्सी की जरूरत बारे जानकारी मांगी गई थी। परिवहन विभाग के पत्र के बाद अन्य सरकारी अदारों ने अपनी ई. टैक्सियों की मांग उसे भेज दी है। विभागों ने पहले से ही किराए पर फॉसिल यूल से चलने वाली टैक्सियां ली हुई हैं। ई. व्हीकतल नीति आने के बाद इनके स्थान पर इलेक्ट्रिक टैक्सियां विभाग किराए पर लेंगे। इसके अलावा भी लोगों को ई.टैक्सी लेने के लिए बुलाया जाएगा। बताया जा रहा है कि नई ई. व्हीकल नीति में शर्त यही है कि जो व्यक्ति ई.टैक्सी सबसिडी के लिए अप्लाई करेगा वही टैक्सी चलाएगा भी। यानि उस व्यक्ति की टैक्सी होगी और सरकार उसे रोजगार भी देगी। वह किसी अन्य को चालक के रूप में नहीं रख सकता है। इस शर्त के आधार पर यहां सरकारी महकमों में ई.टैक्सी चलेगी। वहीं टैक्सी की सभी किश्तें भी सरकार भरेगी वहीं चालक जो मालिक होगा उसका वेतन भी विभागों द्वारा ही दिया जाएगा।

## अस्पताल वार्ड के उद्घाटन पर करोड़ों खर्च करने को लेकर अकाली दल ने आप को निशाने पर लिया



**चंडीगढ़,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब में आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर करोड़ों रुपये खर्च करने का आरोप लगाते हुए शिरोमणि अकाली दल ने माता कौशल्या अस्पताल में एक वार्ड का उद्घाटन करने और कोविड-19 महामारी के दौरान केंद्र द्वारा आपूर्ति की गई मशीनरी स्थापित करने के बाद आप की आलोचना की। माता कौशल्या अस्पताल में एक विशेष सुविधा को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान पर पंजाबियों को बेवकूफ बनाने के लिए करोड़ों रुपए बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए शिअद कानूनी सेल के प्रमुख अर्शदीप सिंह क्लेर ने कहा, 'सच्चाई यह है कि इमारत को केवल नया रंग-रोगन दिया गया है और केंद्र सरकार द्वारा आपूर्ति की गई मशीनरी दो साल के अंतराल के बाद स्थापित की गई है।' उन्होंने दावा करते हुए कहा कि अब भी कुछ ठोस नहीं किया गया है। क्लेर ने कहा, 'आप सरकार ने अस्पताल में स्थायी रूप से तैनात करने के बजाय आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के एक दिवसीय दौरे के लिए अस्पताल में नौ डॉक्टरों को तैनात किया।' मुख्यमंत्री से इस पर स्पष्टीकरण मांगते हुए क्लेर ने कहा, 'आप दोबारा रंगी गई इमारतों का उद्घाटन करने के लिए बड़े कार्यक्रम आयोजित करके पंजाबियों को बेवकूफ नहीं बना सकते, जैसा कि आपने पहले भी तथाकथित प्रतिष्ठित स्कूलों के मामले में किया था।' उन्होंने केजरीवाल की मेजबानी के लिए पटियाला को ठप करने और शहर में 1.5 किलोमीटर तक 660 होर्डिंग्स लगाने के लिए भी आप सरकार की निंदा की।

## पंजाब में ट्रंक में मिले तीन नाबालिग बहनों के शव, माता-पिता गिरफ्तार

**चंडीगढ़,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक दिन पहले लापता हुई तीन नाबालिग बहनों के शव सोमवार को पंजाब के जालंधर शहर के पास एक ट्रंक में पाए गए। पुलिस ने माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया, जिन पर दैनिक दिनचर्या के लिए जाने से पहले तीनों को जहर देने और शवों को ट्रंक में भरने का दोषी ठहराया गया था। पुलिस ने बताया कि प्रवासी मजदूर के परिवार में पांच बच्चे थे। करतारपुर के पुलिस उपाधीक्षक बलबीर सिंह ने कहा कि तीनों बहनें घर में एक ट्रंक में मृत पाई गई। उन्होंने बताया, 'हमें रात करीब 11 बजे (रविवार को) कानपुर गांव से तीन बहनों के लापता होने की जानकारी मिली। परिवार बिहार से है और वे प्रवासी मजदूर हैं। रविवार को उनके माता-पिता काम पर गए थे और जब वे घर लौटे तो उनके तीन बच्चे लापता थे। पुलिस मौके पर गई थी। सोमवार सुबह एक सब-इंस्पेक्टर फिर से घटनास्थल पर गया। उसे ट्रंक में शव मिले। पड़ोसियों ने घर के बाहर पड़े ट्रंक को खोला तो शव मिले। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घर के मालिक सुरिंदर सिंह ने मीडिया को बताया कि हत्या का संदिग्ध लगभग ढाई महीने से उनके घर पर रह रहा था, वह शराब पीने का आदी था और उसे घर खाली करने के लिए कहा गया था।



## क्षेत्र के विकास में नहीं आने देंगे कोई कमी: सिंह


**शिमला,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल के लोक निर्माण, युवा सेवाएं व खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को रोहड़ू उपमंडल के चिड़गांव में नव युवक मंडल सुंधा द्वारा चिडगांव खेल मैदान में आयोजित 45वीं गांधी जयंती तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समोरह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह ने क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है और इसी विकास को आगे ले जाते हुए हमें नए आयाम स्थापित करने हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों की सरकार के साथ उम्मीदें जुड़ी हुई हैं और उन उम्मीदों को पूरा करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भारी आपदा से लगभग 12 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है जिसमें लोगों के घरों, सड़कों, बगीचे आदि को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने आपदा से निपटने के लिए केंद्र सरकार से समय-समय पर मामले को उठाया लेकिन केंद्र सरकार से ज्यादा सहयोग हमें नहीं मिला। प्रदेश की विपरीत आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद भी हिमाचल प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों को 4500 करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने आपदा राहत मैन्युअल में भी संशोधन कर क्षतिग्रस्त घरों के लिए 7 लाख, आंशिक क्षतिग्रस्त घरों के लिए डेढ़ लाख एवं क्षतिग्रत गौ शाला के लिए 50 हजार रुपए देने की घोषणा की है।

## दैवीय आपदा का दौर थमने के बाद सैलानी फिर से हिमाचल के पहाड़ों का रुख करने लगे

**■ हिमकिरण मांटा**

**शिमला,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। दैवीय आपदा का दौर थमने के बाद सैलानी फिर से हिमाचल के पहाड़ों का रुख करने लगे हैं। सैलानियों की आमद बढ़ना पर्यटन उद्योग के पटरी पर लौटने का संकेत है। यूं तो वीकेंड पर शिमला, धर्मशाला व मनाली में सैलानी पहुंचते हैं, मगर प्राकृतिक आपदा के चलते सडक़ों के क्षतिग्रस्त होने की वजह व भूस्खलन के खौफ के चलते जुलाई व अगस्त माह में प्रदेश में सैलानियों की आमद सिर्फ 5 फीसद तक सिमट गई थी, मगर इस सप्ताहांत के साथ गांधी जयंति का अवकाश होने की वजह से शिमला के होटलों में 60 तथा मनाली में 40 फीसद तक ऑक्यपेंसी रही। भुंतर- अमृतसर हवाई सेवा शुरू होने के बाद जहां मनाली व कुली वैली के पर्यटन कारोबारियों को सैलानियों की आमद में इजाफा होने की उम्मीद है, वहीं 76 दिन बाद शिमला-कालका धरोहर रेलवे ट्रैक पर टॉय ट्रेन का संचालन शिमला तक शुरू हो सका है। टॉय ट्रेन सेवा बहाल होने से सैलानियों की आमद में इजाफा होना तय माना जा रहा है।



बीते जुलाई व अगस्त माह में कुदरत का कहर हिमाचल पर बरपा। दैवीय आपदा ने 481 जिंदगियां छीन ली, 40 लोग अभी भी लापता हैं। भारी बारिश व भूस्खलन की वजह से सड़कें व पुल क्षतिग्रस्त हुए। मनाली को जोड़ने वाला फोरलेन के साथ साथ चक्की मोड़ के पास शिमला- कालका फोरलने क्षतिग्रस्त हुए। शिमला - कालका हेरिटेज रेल मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ। उत्तर रेलवे ने 15 करोड़ की रकम खर्च कर 176 जगहों पर हेरिटेज रेल मार्ग को दुरुस्त किया। सरकार व नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने लगातार काम कर सडक़ों पर यातायात बहाल किया। आलम यह है कि बीते रोज मनाली के लिए 60 वोल्वो बसें पहुंची। सैंकड़ों छोटी गाड़ियां व वोल्वो बसें शिमला पहुंची। नतीजतन पर्यटन कारोबारियों के चेहरों पर रौनक लौटी।

## भाजपा नौकरी से हटाए गए कोरोना आउट सोर्स कर्मियों के समर्थन में खुल कर सामने आई

**शिमला,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिमाचल भाजपा नौकरी से हटाए गए कोरोना आउट सोर्स कर्मियों के समर्थन में खुल कर सामने आई है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने सरकार से इन कोरोना आउट सोर्स की नौकरी अविलंब बहाल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पांच सालों में 5 लाख नौकरियां देने की गारंटी देकर सत्ता में आई कांग्रेस ने गांधी जयंति के मौके पर प्रदेश में 1844 कोरोना आउट सोर्स को नौकरी से निकाला है।

डॉ बिंदल ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने सत्ता प्राप्ति के लिए बेरोजगार युवकों को झूठी गारंटियां दी और घर घर में जाकर घोषणा की कि कांग्रेस की सरकार बनते ही एक लाख बेरोजगारों को सरकारी नौकरी देंगे और उसकी व्याख्या की कि हिमाचल प्रदेश में 67 हजार पद खाली हैं और 33 हजार पद हम नए सृजित करेंगे। इस प्रकार एक लाख बेरोजगारों को पहली कैबिनेट में सरकारी नौकरी देंगे। यह गारंटी वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी व सभी कांग्रेस के नेताओं ने घर घर जाकर दी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के गठन को लगभग एक साल होने को है, मगर एक लाख तो क्या वर्तमान सरकार ने एक भी नौकरी नहीं दी है। नौकरी देने के बजाय कोरोना आउट सोर्स की नौकरी सरकार से छीन ली।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार में कोरोना से लड़ने के लिए युवक, युवतियों को भर्ती किया गया जिन्होनें भयावह वायरस से लड़ते हुए रोगियों की सेवा की। जिन कोविड रोगियों को उनके परिवारजन भी हाथ नहीं लगाते थेए उनकी सेवा करते हुए अपने जीवन को खतरे में डाला। ऐसे कोविड वारियर्स को नौकरी से निकालने का निंदनीय कार्य कांग्रेस सरकार ने किया है।

# प्रादेशिकी

## ग्रीन फील्ड कॉरिडोर के समर्थन में चला हस्ताक्षर अभियान

**फर्रुखाबाद।** चौक पर ग्रीन फील्ड कॉरिडोर एक्सप्रेसवे के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान का प्रारंभ किया गया इस अभियान से सोमवार को लगभग 4000 लोगों ने अपने हस्ताक्षर करके ग्रीनफील्ड कॉरिडोर एक्सप्रेसवे फर्रुखाबाद से होकर निकले इसके लिए अपना समर्थन दिया। यह अभियान सांयकाल 7 बजे तक चला। महिलाओं एव युवतियों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्ग एवं सम्प्रदाय के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया इस अभियान मे शामिल होने वाले सभी लोगों के दिल मे एक ही कसक थी कि हमारे जनपद के जनप्रतिनिधि विल्कुल नकारा है किसी का कोई भी ध्यान विकास के लिए नहीं है आज आसपास के सारे जनपद फर्रुखाबाद से विकास के मामले मे बहुत आगे निकल गए और हम लगातार पिछड़ते चले जा रहे हैं।

## 'उप्र में बाढ़ प्रभावित जिलों में नहीं सोया कोई भूखा'

- प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले योगी की समीक्षा बैठक का दिखा असर
- प्रदेश के 37 जिलों में हुई सामान्य से अधिक बारिश, बाढ़ से प्रभावित हुए 34 जिले

**लखनऊ,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। योगी सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनहानि को रोकने में काफी हद तक कामयाब रही है। इसकी वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों का लगातार हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर वहां के लोगों से संवाद के साथ उनके लिए की गई व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया। ऐसे में अत्याधिक बाढ़ प्रभावित 20 जनपदों की 84 तहसीलों में 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। साथ ही 2647 मेडिकल टीम का गठन किया गया। वहीं 69,726 खाद्यान्न सामग्री पैकेट और 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में 1 जून से 15 सितंबर तक अतिवृष्टि यानी 120 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी है। इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी यूपी के हैं। इसी तरह प्रदेश के 24 जिलों में सामान्य से अधिक यानी 120 से 80 प्रतिशत बारिश दर्ज की गयी है। इनमें ज्यादात्तर इलाके पश्चिमी, मध्य और बुंदलेखंड के जिले शामिल हैं। वहीं 31 जिलों में सामान्य यानी 80 से 40 प्रतिशत बारिश हुई है। उधर, प्रदेश के 7 जिलों में सामान्य से कम यानी 40 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की थी। बैठक में उन्होंने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनमानस और मवेशियों को हर संभव मदद देने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये थे। इसके लिए पहले से पूरी पुख्ता तैयारियों रखने के आदेश दिया था ताकि जन हानि को शून्य किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का असर भी देखने को मिला। प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित 37 जनपदों में राहत कार्यों के चलते जन हानि काफी कम रही। राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश के 37 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इनमें से 34 जिले बाढ़ से प्रभावित रहे। वहीं प्रदेश के 20 जिले अत्याधिक बाढ़ प्रभावित रहे, जहां पर युद्धस्तर पर राहत कार्य किए गए। उन्होंने बताया कि इन 20 जिलों में पश्चिम यूपी के 14 जिले मुजफ्फनगर, बिजनौर, फर्रुखाबाद, सहारनपुर, आगरा, अमरोहा, मेरठ, बागपत, मथुरा, शामली, बदायूं, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर और गाजियाबाद शामिल हैं जबकि अवध के पांच जिले बाराबंकी, खीरी, हरदोई, गोंडा और सीतापुर बाढ़ से प्रभावित रहे हैं।

वहीं पूर्वांचल का एक जिला बस्ती अत्याधिक बाढ़ से प्रभावित रहा है। इन जिलों की 84 प्रभावित तहसील के 1287 गांव के करीब पांच लाख लोगों को राहत पहुंचाने के लिए 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। वहीं मेडिकल संबंधी समस्या से निपटने के लिए 2647 मेडिकल टीमों को एक्टिव किया गया। इसी तरह बाढ़ पीड़ितों को भोजन की समस्या न हो इसके लिए 69,726 खाद्यान्न पैकेट सामग्री के बांटे गये। इस दौरान 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये। अत्याधिक बाढ़ प्रभावित जिलों में फर्रुखाबाद पहले स्थान पर रहा, जहां 116 गांवों के 75,453 लोग बाढ़ की चपेट में आएं।

### सनातन ही धर्म, बाकी सब संप्रदाय व उपासना पद्धति : मुख्यमंत्री



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धर्म एक ही है, वह है सनातन धर्म। बाकी सब संप्रदाय और उपासना पद्धति हैं। सनातन धर्म मानवता का धर्म है। यदि सनातन धर्म पर आघात होगा तो विश्व की मानवता पर संकट आ जाएगा। मुख्यमंत्री योगी गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 9वीं पुण्यतिथि समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में अंतिम दिन सोमवार शाम विश्राम सत्र को संबोधित कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत का सार समझने के लिए विचार में संकीर्णता नहीं होनी चाहिए। संकुचित सोच वाले विराटता का दर्शन नहीं कर सकते। सीएम योगी ने कहा कि इस कथा ज्ञान यज्ञ में सातों दिन पूरी तन्मयता के साथ आप सभी ने कथा का श्रवण किया। यह निश्चित ही जीवन में कुछ अच्छे परिवर्तन का कारण बनेगा। भागवत कथा तो अपरिमित है। इसे दिन या घंटों में बांधा नहीं जा सकता है। यह कथा सनातन रूप से प्रवाहित होती रहेगी और हम सभी श्रद्धालु भागवत रस का जीवन में पान करते रहे हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर ने कहा कि सभी भारतवासियों को गौरव की अनुभूति करनी चाहिए कि हमे भारत में जन्म मिला है। क्योंकि, भारत में जन्म लेना दुर्लभ है। और, उसमें भी मनुष्य का शरीर पाना और भी दुर्लभ है।

## गांधी आश्रम से शहीद स्मारक तक निकाली गई प्रभात फेरी

- उमंग, उत्साह और प्रेरक उदघोष के साथ संपन्न हुई प्रभात फेरी
- जिलाधिकारी ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को किया नमन



**मेरठ,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गांधी आश्रम से शहीद स्मारक तक जिलाधिकारी दीपक मीणा के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी मार्ग में चौक चौराहे पर महापुरुषों की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा जगह-जगह स्कूली बच्चों स्वयंसेवी संस्थाओं आदि के द्वारा प्रभात फेरी का उमंग और उत्साह उदघोष के साथ स्वागत किया गया। शहीद स्मारक पहुंच कर जिलाधिकारी ने देश के अमर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। हम सभी देशवासियों के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जीवन प्रेरणादायक है, दोनो के जीवन मूल्य एवं उनके द्वारा दी गयी शिक्षाओ को हम सभी को आत्मसात करना चाहिए तथा उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलकर राष्ट्र उन्नति के लिए सदैव अग्रसर रहना चाहिए। इस अवसर पर ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पारसनाथ, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य लोग, स्कूली बच्चे, स्वयंसेवी संस्थाओ के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने किया चिल्ड्रन कार्निवाल का उद्घाटन

**मेरठ।** जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में महात्मा गांधी जी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सात दिवसीय चिल्ड्रन कार्निवाल का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिराम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### एशियन गेम्स में मेरठ की बेटी ने जीता सिल्वर

**मेरठ।** मेरठ की बेटी पारुल चौधरी ने एशियन गेम्स 2023 के 3000 मीटर स्टीपल चेज इवेंट रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। चाइना के हांगझाऊ में चल रहे एशियन गेम्स के ट्रेक एंड फील्ड इवेंट में पारुल ने पदक कब्जाया है। चाइना के हांगझाऊ में चल रहे एशियन गेम्स के ट्रेक एंड फील्ड इवेंट में पारुल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है। पारुल ने 3000 मीटर स्टीपल चेज स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। बताया गया कि बहरीन की यावी विनफ्रेड मुतिले ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि पारुल दूसरे स्थान पर रहीं।

### सुभारती विवि में एलुमनाई टॉक का आयोजन

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के पैरामेडिकल साइंसेज विभाग के द्वारा एलुमनाई टॉक का आयोजन किया गया। इस टॉक में बिलाल खान अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। टॉक का विषय नवजात शिशु का हेमोलिटिक रोग पर चर्चा एवं अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का संचालन सुश्री याशिका भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डायरेक्टर जनरल डॉ. डी.सी. सक्सेना व विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. पंकज किशोर मिश्रा ने किया। डॉ. डी.सी. सक्सेना ने छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्रो. डॉ. पंकज किशोर मिश्रा ने उनके भविष्य के आजीविका के संबंध मे निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान छात्र छात्राओं को उनके भविष्य के आजीविका के संबंध मे निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना, और मार्गदर्शन करना है। इस प्रतियोगिता में बीएमएलटी, बीओटीटी, बीआरआईटी, एवं बीओपीटी के छात्रों ने भाग लिया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को फल वितरित किए

**मवाना।** मवाना तहसील परिसर में महात्मा गांधी जयंती पर एसडीएम मवाना अखिलेश यादव ने सोमवार को राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद तहसीलदार आकांक्षा जोशी, नायब तहसीलदार अंकित तोमर व कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मवाना पर जाकर मरीजों को फल वितरित किये। नगर पालिका चयेरमैन अखिल कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव जैन व सभासदों ने झंडा फहराकर राष्ट्रीय गान का गायन किया। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की मूर्तियों पर फूल अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की। चेयरमैन ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र व शॉल व माला देकर सम्मानित किया गया। 25 टाई साइकिलों को अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने हरी झन्डी दिखाकर नगर में रवाना किया।

### विवाहिता को जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप

**मेरठ।** पीड़िता महिला के मायके पक्ष का आरोप है कि मकान के बंटवारे को लेकर समां और उसके पति शाहरुख से उसके ससुराल वालों की कहासुनी हो गई थी। इसी के चलते ससुराल पक्ष के लोगों ने समां से रंजिश रखने लगे।

## पश्चिम उत्तर प्रदेश बने अलग राज्य : संजीव बालियान

- अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का आयोजन
- देश-विदेश से जाट समुदाय के लोग पहुंचे

**मेरठ,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामली लोकसभा 2024 के चुनाव से पहले पश्चिम यूपी में राजनीतिक गतिविधियां जोर पकड़ते दिख रहीं हैं। हर दल अपने-अपने पत्ते खोलने के लिए अलग अलग मुद्दे उठा रहे हैं। इसी क्रम में पश्चिमी यूपी को अलग राज्य बनाने की मांग उठाई जा रही है। केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने इस मांग को दोहराया है। रविवार को अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का आयोजन किया गया था। जिसमें देश-विदेश से जाट समुदाय के लोग पहुंचे थे। इसी कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया। जिससे राजनीति की जमीन फिर से गरमाने लगी है। संजीव बालियान ने कहा कि वेस्ट यूपी एक अलग राज्य बनना चाहिए और मेरठ को इसकी राजधानी बनाया जाए। केंद्रीय मंत्री बालियान ने तर्क दिया कि पश्चिमी यूपी की आबादी 8 करोड़ है। इसको अलग राज्य बनना ही चाहिए। बहुत से छोटे-छोटे प्रदेश हैं, जिस दिन पश्चिमी अलग राज्य बन जाएगा तो यह देश का सबसे अच्छा और समृद्ध प्रदेश होगा। अलग-अलग पार्टियों और नेताओं के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। यह मेरा अपना विचार है कि पश्चिमी यूपी को एक अलग राज्य बनाया जाए। मैं इस सपने को सच होने का इंतजार कर रहा हूं। छोटे राज्यों का विकास तेजी से होता है। अपनी इस मांग को पार्टी हाईकमान तक पहुंचाएंगे।



## कॉलेज व स्कूलों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गांधी जयंती

- अध्यापकों, बच्चों व अभिभावकों ने रैली निकाली
- गांधी जयंती मनाकर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का हुआ समापन

**किठौर/माछरा,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। 2 अक्टूबर को माछरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बहरोडा के आदर्श प्राथमिक विद्यालय नव 2 व उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोड़ा में अध्यापकों, बच्चो व अभिभावकों द्वारा रैली निकालकर लाल बहादुर शास्त्री व गांधी जयंती हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई सरकार द्वारा 15 सितम्बर से चलाया जा रहा स्वच्छता ही सेवा कार्यकम का आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर समापन किया गया। स्वच्छता भारत सरकार की प्राथमिकता वाली अति महत्वपूर्ण योजना है। इसके साथ किठौर क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में गांधी जयंती हरसोलस के साथ मनाई गई। इस मौके पर स्टार अलफला इंटर कॉलेज ,जीनियस एम एल यू राधना, आरके कॉलेज आदि दर्जनों सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में गांधी जयंती पर प्रभात फेरी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। भारत देश की तस्वीर को इस योजना को अपना कर ही बदली जा सकती हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरोडा वह प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 बहरोडा में अध्यक्षता गुलाम बख्शी ने की तथा संचालन तशरीफ अली ने किया।

स्टार अल्फा इंटर कॉलेज में कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ नुसरत अली ने वह आरके कॉलेज में कार्यक्रम की अध्यक्षता सलमान मुलाकात है वह जीनियस अलफ्ला में जावेद अली ने की किठौर थाना में कार्यक्रम की अध्यक्षता किठौर इंस्पेक्टर ने की एम एल यू राधन में मास्टर इमरान ने कि ।

## जनता सेवा समिति ने रक्तदान शिविर लगाया



**मेरठ,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जनता सेवा समिति की और से सहारा चेरिटेबल क्लिनिक पिलोखड़ी पुल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समिति के प्रदेश अध्यक्ष उमर राणा ने बताया कि शिविर में लोगों ने 40 यूनिट रक्तदान किया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जान बचाने के लिए रक्तदान देना हमारा कर्तव्य हैं और जिम्मेदारी के साथ हमें रक्तदान करना चाहिए। समिति के कानूनी सलाहकार जीशान सिद्दीकी एडवोकेट ने कहा कि रक्तदान से लोगों का जीवन बचता है, इसलिए हर किसी स्वस्थ इंसान को इस नेक काम में आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर है। रक्तचाप और अन्य बीमारियों से पीड़ित कुछ लोगों का रक्त नहीं लिया जा सका। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। इस दौरान उमर अनवार, उमर राणा, जीशान सिद्दीकी एडवोकेट, कादर सैफी, सुब्हान खान, साजिद मलिक, बिलाल, मारूफ खान, आदिल, हजमा, दाऊद, सादिक आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बापू ने देश को जोड़ने का कार्य किया : अखिल कौशिक



- राष्ट्रीय गान के साथ गांधी जयंती मनाई, दी पुष्पांजलि
- लाल बहादुर शास्त्री को भी दी श्रद्धांजलि

**मवाना,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सोमवार को गांधी जयन्ती के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने सयुक्त रूप से झंडा फहरा राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। तदोपरांत महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की मूर्तियों पर फूल अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि हमे आज बापू की राह पर चलना चाहिये जिन्होने देश को जोडने का कार्य किया है। महात्मा गांधी जी ने कहा था कि अहिंसा परमोंधर्म है व हमे सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। हमे कभी भी किसी की बुराई नही करनी चाहिये। गांधी जी ने असहयोग आन्दोलन चलाया था जिसमे हमारे देश के बहुत से महापुरुषों ने हिस्सा लिया था। जिसके पश्चात अधिशासी अधिकारी ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत अच्छा कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र व शॉल एवं माला देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभासद सलीम, शफीक मलिक, विशाल कुमार, अतीक, नीरज खटीक, मनीष यादव, रबनवाज, अमीर आजम, शाहआलम पालिका लिपिक लाखन सिंह, लिपिक फिरोजा परवीन, उमेश कुमार, व अन्य पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चित्रकला प्रतियोगिता में राधिका व कृष्ण प्रथम



**मवाना,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना चित्रकला प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में राधिका व जूनियर वर्ग में कृष्ण सक्सेना प्रथम रहे। निबंध प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सानिया व जूनियर वर्ग में आयुष कुमार, वॉल पेंटिंग में दिव्या व माही प्रथम स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं का आयोजन महात्मा गांधी जयंती तथा लाल बहादुर शास्त्री की के जन्मदिन पर किया गया। उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव, प्रबंध समिति के प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी तथा प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने छात्र-छात्राओं के साथ ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता के लिए कला शिक्षिका कुमारी सोनिया को उपजिलाधिकारी ने बधाई दी। कला प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में कृष्णा सक्सेना प्रथम, संदीप दूसरे, खुशी तीसरे स्थान पर रही। सीनियर वर्ग में राधिका निवाती प्रथम, पूर्वी दूसरे तथा माही नाज तीसरे स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में आयुष कुमार प्रथम, सलोनी दूसरे तथा विराट गौतम तीसरे स्थान पर रहा सीनियर वर्ग में सानिया प्रथम, देवेश सागर दूसरे तथा वंशिका तीसरे स्थान पर रही।

## तक्षशिला में मनाई गई गांधी व शास्त्री की जयंती



- बच्चों को गांधीजी के बताए अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए किया प्रेरित

**मेरठ,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती तथा लालपुर लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी व लाल लाल बहादुर शास्त्री जी को माल्यार्पण करके किया गया जो विद्यालय के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह तथा प्रधानाचार्य डा. प्रवीन कुमार पथरा द्वारा किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा रघुपति राघव राजा राम गीत गाया गया। जिससे सारा वातावरण राममय हो गया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डा. ओमपाल सिंह द्वारा बच्चों को महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री से संबंधित अनेक प्रसंग सुनाए गये और बच्चों को गांधीजी के बताए अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा गांधीजी के तीन बंदरों का जिक्र करते हुए कहा कि बुरा मत देखोए बुरा मत सुनोए बुरा मत कहो। लाल बहादुर शास्त्री जी द्वारा दिया गया नारा जय जवान, जय किसान लगवाया गया और इसका मतलब बच्चों को बताया गया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सच्चाईए ईमानदारी व कर्मठता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

**आयोजन** | *सीसीएसयू में मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती*

## सत्य और अहिंसा समय की सबसे बड़ी जरूरत : प्रो.संगीता

**मेरठ,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। सत्य और अहिंसा समय की सबसे बड़ी जरूरत है पिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सत्यता के साथ अपना काम ईमानदारी से करें सत्य और अहिंसा के सबसे बड़े पुजारी थे वही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने ईमानदारी से पूरा जीवन व्यतीत किया। यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कही। इससे पूर्व विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभी महापुरुषों की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।



- सभी महापुरुषों की मूर्ति पर किया माल्यार्पण
- विश्वविद्यालय परिसर में रामधुन एवं शांति मार्च निकाला

सोमवार 2 अक्टूबर 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व जय जवान जय किसान का नारा देने वाले देश के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में रामधुन एवं शांति मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला, कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर वाई विमला, चीफ प्रॉक्टर एवं शोध निर्देशक प्रोफेसर बीरपाल, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर विग्नेश कुमार, समन्वयक प्रोफेसर नीलू जैन गुप्ता, प्रोफेसर दिनेश कुमार, डॉ प्रदीप चौधरी, मदन मोहन मालवीय विद्या मंदिर की प्राचार्य शमिष्ठा, अध्यापक प्रीति आदि के सानिध्य में मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें विश्वविद्यालय परिसर के सभी अधिकारी गण शिक्षक गण एवं कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे। जयंती के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी देश भक्तों को पुष्पाचित कर याद किया गया जिन्होंने भारतवर्ष के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में स्थित मदन मोहन मालवीय विद्या मंदिर के छात्रों ने स्वतंत्रता सेनानी के किरदारों से रूबरू कराकर उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद दिलाया। विश्वविद्यालय परिसर में ही स्वामी विवेकानंद जी के प्रांगण में विद्या मंदिर के छात्रों एवं योग विज्ञान विभाग के छात्रों ने बहुत सुंदर कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया तथा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई छात्र साहित्यिक सांस्कृतिक क्लब के कर्मठ पवन अनित शशांक शिवम एडविन रितेश हर्षित प्रबुद्ध आदि सभी का महत्वपूर्ण योगदान सराहनीय रहा। मंच संचालन प्रोफेसर विग्नेश कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में इंजीनियर मनीष मिश्रा, प्रवीण कुमार, मितेंद्र गुप्ता, योग विभाग से अध्यापक डॉक्टर नवज्योति सिद्धू, अमरपाल, अंजू मलिक, परिषद स्टाफ दीपक त्यागी, शालिनी त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाई गांधी व शास्त्री की जयंती

**मवाना,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंचायती धर्मशाला में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस का एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष योगराज सिंह नंबरदार ने तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य राजेंद्र कुमार जाटव ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम गाँधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धानजलि अर्पित की। संचालन कर रहे राजेंद्र कुमार वर्मा, रामकृष्ण यादव एडवोकेट, जगवीर सिंह एडवोकेट, हाजी इकराम इलाही कुरेशी आदि ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के आदर्श जीवन के समबन्ध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में रामकृष्ण यादव एडवोकेट, ब्रहमसिंह नागर एडवोकेट, विचित्रानंद वर्मा, दीन मोहम्मद, हाजी इकराम इलाही, फाजिल एडवोकेट, जगवीर एडवोकेट, चौ.संदीप सिंह, मो.समी एडवोकेट, सभासद शफीक आदि मौजूद रहे।

## जनता का प्यार मुझे हर प्रदर्शन में अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करती है : वरुण शर्मा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण शर्मा, जिन्होंने 'फुकरे' फ्रेंचाइजी में चूचा का किरदार निभाया है, ने कहा कि यह फिल्म उनके दिल में एक विशेष स्थान रखती है। उन्हें यह अविश्वसनीय लगता है कि वह अभी भी दर्शकों को कैसे हंसा रहे हैं। हाल ही में, मुंबई के सबसे आइकॉनिक सिंगल-स्क्रीन सिनेमा में से एक, गेयटी गैलेक्सी में एक ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने वरुण के टैलेंट की पुष्टि की, उन्होंने 'फुकरे' फ्रेंचाइजी में चूचा के रूप में अपनी भूमिका दोहराई थी। इसके बारे में बात करते हुए, वरुण ने कहा कि दर्शकों से इतना प्यार पाकर मैं वास्तव में विनम्र महसूस कर रहा हूं। जनता का प्यार और स्वीकार्यता ही मुझे हर प्रदर्शन में अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित करती है।

# बच्चों में मोटापे के जोखिम को बढ़ा सकते हैं फिजी पेय पदार्थ

### शिशु के आहार पैटर्न की शुरुआत में सोडा देना, बचपन में ही शरीर में वसा के स्तर को प्रभावित करना है



- शिशुओं को कम से कम छह महीने तक कराया गया स्तनपान
- 700 से अधिक मां-बच्चे के जोड़ों के डेटा का किया विश्लेषण

**न्यूयॉर्क,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। शिशुओं को शुरुआत में फॉर्मूला मिल्क और फिजी (गैस मिश्रित) पेय पदार्थ देने से बचपन से ही शरीर में वसा के उच्च स्तर का खतरा बढ़ जाता है। एक शोध में पाया गया कि जिन शिशुओं को कम से कम छह महीने या उससे अधिक समय तक स्तनपान कराया गया था, उनमें नौ साल की उम्र तक शरीर में वसा का प्रतिशत उन लोगों की तुलना में कम था, जिन्हें छह महीने तक स्तन का दूध नहीं मिला था। अमेरिका में यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो अंसचुट्ज मेडिकल कैंपस की एक टीम के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला, 'जिन बच्चों को 18 महीने से पहले सोडा नहीं दिया गया था, उनमें भी नौ साल की उम्र में वसा का द्रव्यमान कम था।' जर्मनी के हैम्बर्ग में यूरोपियन एसोसिएशन फॉर द स्टडी ऑफ डायबिटीज (ईएएसडी) की चल रही वार्षिक बैठक में प्रस्तुत निष्कर्ष इस सिद्धांत का समर्थन करता है कि जिस तरह से बच्चे को बचपन में खिलाया जाता है, वह बाद में जीवन में मोटापे के प्रति उनकी संवेदनशीलता से जुड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालय की प्रमुख शोधकर्ता कैथरीन कोहेन ने कहा कि शिशु के आहार पैटर्न, विशेष रूप से छोटी स्तनपान अवधि, शुरुआत में सोडा देना और उनके संयुक्त प्रभाव बचपन में ही शरीर में वसा के स्तर को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अध्ययन इस कमजोर जीवन चरण के दौरान बच्चे को बिना किसी पोषण मूल्य वाला ऊर्जा-सघन पेय सोडा देने में देरी करने के संभावित महत्व का भी समर्थन करता है। टीम ने 700 से अधिक मां-बच्चे के जोड़ों के डेटा का विश्लेषण किया। भर्ती के समय माताओं की औसत आयु 29 वर्ष थी, 51 प्रतिशत शिशु लड़के थे।

इसके बाद शोधकर्ताओं ने शिशुओं को स्तनपान की अवधि (छह महीने या अधिक बनाम छह महीने से कम) के अनुसार समूहीकृत किया, जिस उम्र में उनके बच्चे को पूरक आहार देना शुरू किया गया था। (चार महीने या उससे पहले या पांच महीने और उससे अधिक)। साथ ही जिस उम्र में उन्हें सोडा से परिचित कराया गया था उस पर थी बात रखी। (18 महीने या अधिक बनाम 18 महीने से कम)। उन्होंने पाया कि जिन शिशुओं को छह महीने से कम समय तक स्तनपान कराया गया था, उनमें नौ साल की उम्र में औसतन छह महीने या उससे अधिक समय तक स्तनपान करने वाले शिशुओं की तुलना में शरीर में 3.5 प्रतिशत अधिक वसा थी।

## तनाव पाचन समस्याओं का प्रमुख कारण



**लखनऊ,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट की समस्याओं का तनाव से क्या संबंध है? लगभग 80 प्रतिशत मामलों में तनाव गैस, कोलाइटिस और अमाइलॉइडोसिस जैसी विभिन्न पाचन समस्याओं को पैदा करने में प्रमुख भूमिका निभाता है। इंडियन सोसाइटी ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (आईएसजी), उत्तर प्रदेश चैप्टर के विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पुनित मेहरोत्रा ने कहा कि कई स्टडी में पाया गया है कि तनाव मस्तिष्क और आंत के बीच संचार को बाधित कर सकता है, जिससे विभिन्न प्रकार की पाचन समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

यह आंत के संकुचन और विश्राम को परेशान करता है जो यह निर्धारित करता है कि भोजन आंतों के माध्यम से कितनी तेजी से आगे बढ़ता है। इससे विभिन्न समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अंत:स्त्रावी तंत्र शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को सक्रिय करने के लिए स्टेरॉयड हार्मोन का उत्पादन बढ़ाता है, जिसमें कोर्टिसोल भी शामिल है। यह पाचन को भी प्रभावित कर सकता है और आंतें किन पोषक तत्वों को अवशोषित करती हैं। उन्होंने कहा कि पुराने तनाव वाले व्यक्तियों में चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम (आईबीएस), सूजन आंत्र रोग (आईबीडी) और पेप्टिक अल्सर जैसे विकार होने की अधिक संभावना है। इस बीच, केजीएमयू के मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर सुमित रूंगटा ने एनएएफएलडी (गैर-अल्कोहल फैटी लीवर रोग) के बढ़ते मामलों का हवाला दिया। रूंगटा ने कहा कि दो दशक पहले, यह उन मरीजों में होता था, जो शराब का सेवन करते थे या हेपेटाइटिस बी या सी से पीड़ित थे।



## सेकंड प्रग्नेंसी की अफवाहों के बीच पैपराजी से बचती नजर आई अनुष्का शर्मा, वीडियो वायरल

**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा की प्रेग्नेंसी की अफवाह जोरों पर है। उन्होंने फोटोग्राफरों को पोज देने से इनकार कर दिया, जिससे उनकी प्रेग्नेंसी की अटकलों को और हवा मिल गई। एक्ट्रेस के दूसरी बार प्रेग्नेंट होने की खबर है। हालांकि कपल ने अभी तक सेकंड प्रग्नेंसी की अनाउंसमेंट नहीं की है। हालांकि, हाल ही में जो वीडियो ऑनलाइन सामने आया है, उसमें अनुष्का ढीले कपड़ों में अपनी कार की सीट पर बैठी हैं और फोटो खिंचवाने से बचने की कोशिश कर रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि वीडियो प्रेग्नेंसी के दावे सामने आने से पहले लिया गया था। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ आदित्य चोपड़ा निर्देशित फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत करने वाली अनुष्का ने दिसम्बर 2017 में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली से शादी की। दंपति ने 11 जनवरी, 2021 को अपने पहले बच्चे, बेटी वामिका का स्वागत किया। वर्कफ्रंट की बात करें तो, एक्ट्रेस जल्द ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक में नजर आएंगी। यह फिल्म 5 साल के अंतराल के बाद अनुष्का की स्क्रीन पर वापसी का प्रतीक है और नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## सारेगामा ने शुरू किया कॉन्टेस्ट हम भोजपुरी सुपरस्टार




**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। सारेगामा ने कॉन्टेस्ट हम भोजपुरी सुपरस्टार शुरू किया है। सारेगामा इंडिया के एक्सक्यूटिव वॉइस प्रेसिडेंट कुमार अजित ने बताया कि यदि आपमें गाने और डांस करने की प्रतिभा है तो 'हम भोजपुरी सुपरस्टार' आपके लिए एक परफ़ेक्ट मौका है। इस कांटेस्ट में आपको 45 सेकेंड या उससे ज्यादा में अपना हुनर का प्रदर्शन करते हुए वीडियो बनाकर वाट्सएप नंबर 8657008866 पर भेजना है और हम भोजपुरी सुपर स्टार बनने का मौका पाना है।

उन्होंने कहा कि अक्सर कहा जाता है कि भोजपुरी में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन बेहतर मंच नहीं मिलने की वजह से वे गुमनामी में खो जाते हैं। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जिनमें प्रतिभा है और जिनको लगता है कि उन्हें कोई मौका नहीं मिल रहा है, वे अब 2 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक हम भोजपुरी सुपरस्टार कॉन्टेस्ट में भाग ले सकते हैं। कुमार अजित ने बताया कि जब सब लोग अपने सिंगिंग और डांसिंग के वीडियो 30 नवम्बर तक सबमिट कर देंगे, उसके बाद 1 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक उनकी स्क्रूटनी की जाएगी और सबसे पहले टॉप 100 का सलेक्शन होगा। जिसे सारेगामा हम भोजपुरी द्वारा प्रशिक्षित भी किया जाएगा। उसके बाद टॉप 50, टॉप 20 और टॉप 10 का सेलेक्शन होगा। अंत में जनवरी महीने में टॉप 5 प्रतिभागियों का चयन होगा और उन्हें सारेगामा अपने लेवल से सुपर स्टार के रूप लॉन्च करेगी। इसमें मेल और फ़ीमेल दोनों शामिल हो सकते हैं।

इस अवसर पर सारेगामा के संजय चौरसिया, निशांत, नेहा, श्रीरंग, सिद्धार्थ, गायिका शिल्पी राज, गायक रंजीत सिंह, विजय चौहान, शिवम् सिंह, रंजन सिन्हा, अभय पांडेय के साथ अन्य कलाकार उपस्थित थे।

## माहिरा खान ने अपने प्रेमी सलीम करीम से की शादी



**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तानी स्टार माहिरा खान, जिन्होंने 2017 की भारतीय फिल्म 'रईस' में शाहरुख खान के साथ अभिनय किया था, ने अपने ब्वॉयफ्रेंड सलीम करीम के साथ शादी कर ली है। माहिरा ने वीकेंड पर शादी की और ये उनकी दूसरी शादी है। 2007 में उन्होंने अपने पहले पति अली अस्करी से शादी की थी। हालांकि, 2015 में दोनों अलग हो गए। उनका एक 13 साल का बेटा अजलान है। माहिरा की मैनेजर मलीहा रहमान द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में एक्ट्रेस को शानदार आइवरी पेस्टल लहंगे में देखा जा सकता है। वह घूंघट में नजर आ रही हैं। दोनों एक दूसरे को गले लगाते दिख रहे है।

मलीहा रहमान ने कैप्शन में लिखा कि माहिरा खान और सलीम करीम के लिए प्यार और प्रार्थना, उनकी शादी के इस खूबसूरत छोटे वीडियो में देखा जा सकता है। उनका आने वाला जीवन खुशियों से भरा रहे।

माहिरा हफीज खान ने अपने करियर की शुरुआत 2006 में वीजे के रूप में की थी। एक्ट्रेस को रोमांटिक-ड्रामा 'हमसफर' में खिरद हुसैन की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। उन्होंने बड़े पर्दे पर आतिफ असलम के साथ रोमांस फिल्म 'बीओएल' से डेब्यू किया। उन्होंने सफल पाकिस्तानी फिल्म 'बिन रोये', 'हो मन जहां' और 'सुपरस्टार' में भी काम किया है। उन्होंने स्पोर्ट्स वेब सीरीज 'बरवान खिलाड़ी' से बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू किया था।

## चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



नई दिल्ली 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। 2 अक्टूबर को नेशन फस्ट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के तहत माता सुखदेवी स्कूल नंगलीपूना मे फुटबॉल के 4 मैचों में पहला मैच आदर्श नगर और कराला के बीच खेला गया जिसमें आदर्श नगर 5-2 से विजयी रहा। दूसरा मैच कुतुबगढ़ वनाम खेड़ा खुर्द के बीच खेला गया जिसमें खेड़ा खुर्द ने 3-2 से जीत हासिल किया। तीसरा मैच वाजिदपुर वनाम नांगल ठाकरान के बीच खेला गया जिसमे वाजिदपुर ने 1-0 से जीत हासिल किया वहीं चौथे मैच दरियापुर वनाम स्वरूप नगर के बीच खेला गया जिसमे दरियापुर 4-1 से विजयी रहा। पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में क्रिकेट का पहला मैच प्रह्लादपुर वनाम सिरसपुर के बीच खेला गया जिसमें सिरसपुर ने मैन ऑफ़ द मैच चिराग राणा के शानदार आल राउंड प्रदर्शन के बदौलत 9 विकेट से जीत हासिल किया। दूसरा मैच क्रिकेट ग्राउंड में बेगमपुर और पूठ कलां के बीच खेला गया जिसमें पूठ कलां ने मैन ऑफ द मैच ऋषभ के 4 विकेट और 12 रनो की बदौलत 52 रन से शानदार जीत हासिल किया। तीसरा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में बवाना वनाम उज्ज्वा गांव के बीच खेला गया जिसमें मैन ऑफ द मैच अंशुल के 5 विकेट की शानदार बॉलिंग के बदौलत बवाना ने 103 रनो से जीत हासिल किया। नेशन फस्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया और कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता है क्योंकि यहीं के खिलाड़ी भविष्य में देश के लिए खेलेंगे।

## तनेजा अस्पताल में निशुल्क जांच शिविर




नई दिल्ली 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। गांधी जयंती के अवसर पर आज तनेजा अस्पताल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन सीनियर भाजपा नेता डॉ सुधीर सेनी ने किया ।उन्होंने कहा कि डॉ तनेजा अस्पताल में डॉ एम के तनेजा गत 42 वर्षों से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया का आयोजन कर नाक कान और गला गला का इलाज कर रहे हैं ।डॉ सुधीर ने कहा कि डॉ एम के तनेजा ने उत्तर प्रदेश,तेलंगाना,उत्तराखंड,मुम्बई सहित अन्य राज्यों में लोगॉ के बीच जाकर शिविर लगाकर नाक कान और गला जेसी बीमारी का इलाज किया और जागरुक भी किया है ।

इस अवसर पर ई एन टी विशेषज्ञ डॉ एम के तनेजा ने बताया कि माइक्रो सर्जरी और अब टेलीस्कोप के माध्यम से कान के समस्त ऑपरेशन संभव है ।डॉ तनेजा ने कहा कि इस ऑपरेशन से सामान्यत: कोई निशान नहीं आता है और लगभग 99 प्रतिशत रोगी का ऑपरेशन सफल हो जाता है ।डॉ तनेजा ने बताया कि 20 वर्षों में उन्होंने दो हजार से ज्यादा रोगियों के सफल इलाज किये हैं ।उन्होंने कहा कि वे पूरे देश में नाक कान और गला रोगियो को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिये समय समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं ।



## सोशल मीडिया की थकान आपको विश्वास करने, गलत सूचना साझा करने पर कर सकती है मजबूर

**सिंगापुर,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि जो लोग सोशल मीडिया से थक गए हैं या उत्साहित हैं वह गलत सूचनाओं पर विश्वास करते हुए उन्हें ऑनलाइन साझा करते हैं। गलत सूचना के उदाहरण के रूप में कोविड-19 फर्जी खबरों का उपयोग करते हुए अध्ययन में पाया गया कि सोशल मीडिया की थकान का अनुभव करने वाले आत्ममुग्ध व्यक्ति गलत सूचना साझा करने की अधिक संभावना रखते हैं। साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में प्रकाशित यह अध्ययन सिंगापुर, संयुक्त राज्य अमेरिका, मलेशिया, चीन, थाईलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया और फिलीपींस के प्रतिभागियों के 8,000 से अधिक सर्वेक्षण प्रतिक्रियाओं पर आधारित है।

नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर (एनटीयू सिंगापुर) के शोधकर्ताओं ने कहा कि लाखों उपयोगकर्ता समाचार और मनोरंजन के स्रोत और संचार के साधन के रूप में सोशल मीडिया पर भरोसा करते हैं, इसलिए सोशल मीडिया की थकान और इसके परिणामों को संबोधित करना जरूरी है।

एनटीयू के वी किम वी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन एंड इंफॉर्मेशन में सहायक प्रोफेसर, प्रमुख लेखक सैफुद्दीन अहमद ने कहा कि सोशल मीडिया की थकान सूचना का अधिभार पैदा करती है जो सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के संज्ञानात्मक निर्णय को बाधित करती है।

ऐसी परिस्थितियों में, व्यक्ति अभिभूत हो जाते हैं और अपने सामने आने वाली गलत सूचनाओं का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने के लिए संघर्ष करते हैं, चाहे वह कोविड-19 से संबंधित हो या अन्य विषयों से संबंधित हो।

सोशल मीडिया थकान के इस प्रभाव का एक और स्पष्टीकरण यह है कि कैसे सोशल मीडिया एल्गोरिदम विवादास्पद सनसनीखेज और भावनात्मक रूप से आरोपित सामग्री को प्राथमिकता देते हुए कार्य करते हैं। ऐसी सामग्री के बार-बार संपर्क में आने से व्यक्ति इसे सटीक मान सकते हैं। अहमद ने कहा कि हमने दिखाया है कि व्यक्ति अपनी संज्ञानात्मक क्षमता और आत्ममुग्धता जैसे गहरे व्यक्तित्व लक्षणों के कारण अनजाने में गलत सूचना फैलाने में योगदान दे सकते हैं।

सोशल मीडिया साक्षरता के महत्व और सोशल मीडिया थकान को कम करने की पहल पर जोर देते हुए निवारक उपायों को आकार देने के लिए इस तरह की अंतर्दृष्टि का लाभ उठाया जा सकता है। इसके अलावा टीम ने पाया कि सभी आठ देशों में आत्ममुग्धता में उच्च अंक और संज्ञानात्मक क्षमता में कम अंक पाने वाले व्यक्तियों में सोशल मीडिया की थकान के कारण गलत सूचना साझा करने की सबसे अधिक संभावना थी।

अहमद ने समझाया कि उच्च स्तर की थकान के साथ ये व्यक्ति गलत सूचना साझा कर सकते हैं क्योंकि वे आलोचनात्मक सोच लागू किए बिना ध्यान आकर्षित करने और सामाजिक प्रभाव हासिल करने की कोशिश कर रहे होंगे।

## एलओसी से सटे गुरेज में किसान आलू दफनाने को कोल्ड स्टोरेज नहीं जमीन का करते हैं इस्तेमाल

■ सुरेश एस डुग्गर



**जम्मू,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। जैसे ही उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले की गुरेज़ घाटी में सर्दी की ठंडक महसूस होने लगती है, गहरी परंपराओं और अपनी भूमि से गहरा संबंध रखने वाले स्थानीय किसान कोल्ड स्टोरेज के लिए सदियों पुरानी प्रथा को अपनाते हैं और ताजा आलुओं को वे जमीन में दफना देते हैं ताकि सर्दियों के भयानक दिनों में वे जीवित रहने के लिए उनका इस्तेमाल कर सकें। दरअसल बर्फ से जमी हुई धरती के नीचे आलू को दफनाने की कालातीत तकनीक आने वाले कई महीनों तक उनके संरक्षण और उपयोगिता को सुनिश्चित करती है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह प्राचीन भंडारण विधि गुरेज के लिए अद्वितीय नहीं है, यह पूरे गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रचलित है, जो स्थानीय लोगों की अपने पर्यावरण के अनुकूल ढलने की सरलता और साधन संपन्नता का प्रमाण है।

जमीन से गहरा जुड़ाव रखने वाले एक स्थानीय किसान गुलाम रसूल कहते थे कि हमारे पूर्वजों ने हमें आलू संरक्षण की कला सिखाई थी। हम बर्फ से जमी हुई धरती में गहराई तक खुदाई करते हैं, जैसा उन्होंने किया था, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे आलू उतने ही ताजा रहें जितने पहले थे। वे कहते थे कि यह सिर्फ खेती नहीं है, यह जीवन जीने के तरीके को संरक्षित करना है।

■ प्रत्येक आलू में हमारी विरासत का एक टुकड़ा

गुरेज की समृद्ध और काली मिट्टी से भरे अपने हाथों से आलुओं को दफनाने की प्रक्रिया में जुटी नसरीना बानो कहती थी कि जब हम अपने आलू को दफनाते हैं, तो हम सिर्फ भोजन का भंडारण नहीं कर रहे हैं, हम कड़ी मेहनत और समर्पण की यादें संग्रहीत कर रहे हैं। प्रत्येक आलू में हमारी विरासत का एक टुकड़ा होता है।

जानकारी के लिए गुरेज घाटी पहले से ही भारत के आलू उत्पादन में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता है, जो सालाना लगभग 15,000 टन इस स्टार्चयुक्त प्रधान पदार्थ का उत्पादन करती है। हालांकि, जो चीज गुरेज को अलग करती है वह है इसकी अनूठी जलवायु और उपजाऊ मिट्टी, जो इसे आलू की खेती के लिए एक आदर्श क्षेत्र बनाती है। समुद्र तल से लगभग 8,000 फीट की ऊंचाई वाली यहां की ऊंचाई अद्वितीय चुनौतियां प्रस्तुत करती है, लेकिन कृषि के लिए विशिष्ट लाभ भी प्रस्तुत करती है।

इस साल की शुरुआत में, वैश्विक खाद्य और पेय पदार्थ कंपनी पेप्सिको तब सुर्खियों में आई जब उसने गुरेज के किसानों से आलू खरीदने की योजना की घोषणा की। वर्ष 1989 में भारतीय बाजार में प्रवेश करने वाली अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निगम पेप्सिको का यह कदम सुदूर घाटी और इसकी पारंपरिक कृषि पद्धतियों को सबके समक्ष उजागर करता था।

यही नहीं कश्मीर के सबसे खूबसूरत गांवों में से एक तुलैल गांव, इस कृषि उद्यम में सबसे आगे है। यहां लगभग हर परिवार अपनी आजीविका के लिए आलू की खेती पर निर्भर है। तुलैल के निवासियों के लिए, उनके आलू सिर्फ फसल नहीं हैं, वे गर्व और जीविका का स्त्रोत हैं।

वर्ष 2015 में कश्मीर को पर्यटन के लिए खोले जाने के बाद गुरेज घाटी के आलू उद्योग की संभावनाएं सामने आईं। इसकी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता की ओर आकर्षित पर्यटकों की आमद ने घाटी की कृषि पेशकशों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। विशेष रूप से, लगभग 40,000 लोगों की आबादी वाली वैली, हर साल लगभग छह महीने तक कश्मीर के बाकी हिस्सों से कटी रहती है, जिससे चिकित्सा और आवश्यक आपूर्ति की कमी होती है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम रविवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## कच्चे तेल की तेजी से चालू खाता घाटा बढ़ा, रुपया दबाव में

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देखने को मिला है, जिससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ने और आने वाले समय में रुपये पर और अधिक दबाव की आशंका बढ़ गई है। देश अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है और वैश्विक कीमतों में किसी भी वृद्धि से आयात खर्च बढ़ जाता है। चूंकि कच्चा तेल खरीदने के लिए बड़ा भुगतान डॉलर में करना पड़ता है, इसलिए अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया कमजोर होता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड जुलाई-सितंबर की तिमाही में 29 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद सोमवार को 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया, जो लगभग दो दशकों में सबसे बड़ी तीसरी तिमाही बढ़त है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड पहले से ही 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास मंडरा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 83 रुपए के निचले स्तर पर आ गई है।

पिछले सप्ताह जारी आरबीआई के आंकड़ों के



- **अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देखने को मिला**
- **भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ने और आने वाले समय में रुपये पर और अधिक दबाव की आशंका बढ़ गई**

अनुसार, भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) अप्रैल-जून तिमाही में सात गुना बढ़कर 9.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि इससे पहले की तिमाही में यह आंकड़ा 1.3 अरब डॉलर था। तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और वैश्विक बाजारों में मांग में गिरावट के कारण निर्यात में कमी आई है जिससे इसके और बढ़ने की संभावना है।

वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए कैड जीडीपी का 1.1 प्रतिशत था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, तेल की ऊंची कीमतों, उच्च कोर आयात और सेवाओं के निर्यात में और मंदी के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में 'सीएडी का पर्याप्त विस्तार' जीडीपी के 2.4 प्रतिशत तक हो जाएगा। आगे चलकर बहुत कुछ वैश्विक बाज़ारों में तेल की कीमतों पर निर्भर करेगा।

आरबीआई रुपए को सहारा देने के लिए बाजार में डॉलर जारी कर रहा है, लेकिन इससे भारतीय मुद्रा की गिरावट को रोका नहीं जा सका है। इससे सितंबर में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट आई है। आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि 22 सितंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह गिरकर 590.7 अरब डॉलर के चार महीने के निचले स्तर पर आ गया। तीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 8.2 अरब डॉलर घट गया विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट चिंता का कारण है क्योंकि आरबीआई के पास अपने बाजार हस्तक्षेप के माध्यम से रुपए में अस्थिरता रोकने के लिए कम गुंजाइश बची है।

## 2024 में ग्लोबल लेवल स्तर पर डिजिटल आईडी वेरिफिकेशन 70 बिलियन से अधिक हो जाएगी

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। डिजिटल आइडेंटिटी वेरिफिकेशन की संख्या 2024 में 70 बिलियन से ज्यादा हो जाएगी, जो पिछले साल की 61 बिलियन की संख्या से 16 प्रतिशत अधिक है। एक नई रिपोर्ट सोमवार को सामने आई। जुनिपर रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, अकाउंट टेकओवर और कार्ड-नॉट-प्रेजेंट फ्रॉड से निपटने के लिए बिजनेस द्वारा मजबूत बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन मैथर्ड को अपनाने से यह वृद्धि हो रही है।

इस तरह की धोखाधड़ी के खिलाफ बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन मैथड अत्यधिक प्रभावी हैं, स्पूफिंग को रोकने के लिए जीवंतता जांच का उपयोग किया जाता है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2024 में 37 बिलियन के साथ बैंकिंग में चेक की सबसे बड़ी मात्रा देखी जाएगी, जो ग्लोबल आइडेंटिफिकेशन मार्केट के 53 प्रतिशत के बराबर है।

लेखक माइकल ग्रीनवुड ने कहा, 'चेहरे की पहचान की असली ताकत अतिरिक्त जांच हैं, जिन्हें जोड़ा जा सकता है। चेहरे की पहचान के शीर्ष पर उम्र का अनुमान लगाने से वेरिफिकेशन को ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया जा सकता है।' उन्होंने कहा कि वेरिफिकेशन सिस्टम जो एक चरण में कई जांच कर सकती हैं, लिगेसी सिस्टम

- **पिछले साल की 61 बिलियन की संख्या से 16 प्रतिशत अधिक है**



की तुलना में काफी मजबूत यूजर एक्सपीरियंस प्रदान करती हैं, और अगले कुछ सालों में आम हो जाएंगी।

आइडेंटिटी वेरिफिकेशन वेंडर्स को सर्विस तक आसानी से पहुंचने में सक्षम बनाने के लिए कोर बैंकिंग सिस्टम प्रोवाइडर्स के साथ साझेदारी करनी चाहिए, अन्यथा वे बेहतर-कनेक्टेड कंपटीटर्स से हार जाएंगे। रिपोर्ट में सुरक्षा को मजबूत करने और यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए बायोमीट्रिक वेरिफिकेशन के साथ-साथ निष्क्रिय जांच के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

## बुजुर्गों के लिए कांगड़ा बैंक की ऋण योजना शुरू

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में प्रवासी हिमाचलियों द्वारा चलाये जा रहे कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड ने बच्चों द्वारा त्यागे या प्रताड़ित बजुर्गों की मदद के लिए एक ऋण योजना शुरू की है। बैंक के अध्यक्ष लक्ष्मी दास ने यहां इसकी घोषणा करते हुये कहा कि महानगरों में कुछ सालों से बजुर्ग माता पिता को त्यागने/प्रताड़ित करने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखने में मिल रही है और उम्र के अंतिम पडाव में बजुर्ग लोगों को खाने और दवाई तक जैसी मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष करना पड़ता है क्योंकि माँ बाप अपनी जीवन भर की जमा पूंजी बच्चों के कैरियर और शादी विवाह आदि पर खर्च कर देते हैं और बच्चे बाद में उनसे किनारा कर लेते हैं। माता पिता को दयनीय स्तिथि में छोड़ कर स्वतन्त्र जीवन यापन करना शुरू कर देते हैं जिससे बजुर्ग मानसकि और आर्थिक तौर पर पूरी तरह टूट जाते हैं।

उन्होंने कहा कि यह योजना कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड के सदस्यों के लिए लागू की गयी है जिसके अंतर्गत ऐसे बजुर्गों को अपनी चल-अचल सम्पति जैसे मकान, फ्लैट, जेवर, प्लाट आदि को गिरबी रख कर बैंक उनकी जरूरतों के अनुरूप ऋण प्रदान करेगा तथा बैंक उन्हें यह ऋण मासिक /पाक्षिक तौर पर उनकी जरूरतों के अनुसार उनको प्रदान करेगा।

## त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग के बीच कारों, एसयूवी के दाम बढ़े

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग के बीच ऑटोमोबाइल निर्माताओं ने 1 अक्टूबर से कारों और एसयूवी के दाम बढ़ा दिये हैं जिससे उपभोक्ताओं

- **उपभोक्ताओं को अब इनके लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी**

को अब इनके लिए अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने थार, स्कॉर्पियो, एक्सयूवी 300 और एक्सयूवी 700 मॉडल की कीमतें 81 हजार रुपए तक बढ़ा दी हैं, जबकि दक्षिण कोरियाई ऑटो प्रमुख किआ ने अपनी लोकप्रिय एसयूवी सेल्टोस और बहुउद्देशीय वाहन कैरेंस की कीमत 50 हजार रुपए बढ़ाई है। देश की दूसरी



सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी हुंडई ने अपनी एसयूवी वेन्यू और टक्सन की कीमतों में 48 हजार रुपए तक की बढ़ोतरी की है। जापानी कार निर्माता होंडा ने अपने लोकप्रिय सिटी और अमेज़ मॉडल की कीमत में लगभग आठ हजार रुपए की मामूली बढ़ोतरी की है। कार निर्माता दावा करते रहे हैं कि पिछले साल लागत बढ़ने के बावजूद उन्होंने उसका बोझ ग्राहकों पर नहीं डालने का फैसला किया। स्पष्ट रूप से, चूंकि इन लोकप्रिय मॉडलों की मांग स्थिर बनी हुई है, उनमें से कुछ के पास ग्राहकों की प्रतीक्षा सूची भी है। किआ इंडिया ने कहा कि कंपनी ने शुरुआती कीमतों को एक परिचयात्मक पेशकश के रूप में पेश किया था और अब उसके सेल्टोस के मामले में छह महीने के बाद संशोधन किया गया है। कार निर्माता एक-दूसरे की कीमतों पर नजर रखते हैं क्योंकि वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में बाजार हिस्सेदारी खोना नहीं चाहते हैं। इसलिए, कीमतें बढ़ने पर उनके लिए एक-दूसरे का अनुसरण करना असामान्य नहीं है।

### सार संक्षेप

#### सरकार ने यूआईडीएआई के सीईओ अमित अग्रवाल का कार्यकाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने यूनिक आईडेंटिफिकेशन ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) के सीईओ के रूप में अमित अग्रवाल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति कार्यकाल को 2 नवंबर 2023 से एक वर्ष के लिए बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। यानी 2 नवंबर 2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अग्रवाल (यूआईडीएआई) के सीईओ रहेंगे। अग्रवाल 1993 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। एसीसी ने कानून मंत्रालय के विधायी विभाग में सचिव रीता वशिष्ठ को 2 अक्टूबर 2023 से उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक यानी 31 जुलाई 2025 या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारत सरकार के सचिव के पद और वेतन में अस्थायी रूप से अपग्रेड कर कानून मंत्रालय के केंद्रीय एजेंसी अनुभाग के प्रभारी के रूप में नियुक्ति को भी मंजूरी दे दी।

#### इंडिगो का दिल्ली-ईटानगर मार्ग पर परिचालन शुरू

**कोलकाता।** इंडिगो ने सोमवार से दिल्ली-ईटानगर मार्ग पर सीधी उड़ानें शुरू कीं। एयरलाइन ने कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह अरुणाचल प्रदेश के लिए सीधे विमान संपर्क विकसित करने की इंडिगो के प्रयासों की दिशा में में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। इससे उस क्षेत्र में न केवल यात्रा और पर्यटन को बढ़ावा देता है बल्कि व्यापार को भी बढ़ावा देता है, जिससे समग्र आर्थिक विकास होता है। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, 'पूर्वोत्तर के लिए सम्पर्क सुविधाएं बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता के आधार पर, हम दिल्ली और ईटानगर के बीच सीधी उड़ान शुरू करके खुश हैं। यह रणनीतिक विस्तार न केवल यात्रियों को विस्तारित यात्रा विकल्प प्रदान करता है, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के मनमोहक परिदृश्यों को देखने के इच्छुक लोगों के लिए रोमांचक अवसर भी खोलता है।'

## वैश्विक अर्थव्यवस्था बदतर स्थिति में जा रही है, सावधान रहें : श्रीधर वेम्बू

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी ज़ोहो के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने सोमवार को चेतावनी दी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति बदतर होने की संभावना है, कंपनियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है।

एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में वेम्बू ने कहा कि ज़ोहो ने सितंबर में सभी भौगोलिक क्षेत्रों में विकास में धीमी गति देखी है। उन्होंने पोस्ट किया, 'हमने सितम्बर में सभी देशों और उत्पादों में विकास में काफी धीमी गति देखी।' वेम्बू ने कहा कि हमारे राजस्व स्रोतों की भौगोलिक और उत्पाद-वार विविध प्रकृति को देखते हुए, 'मुझे संदेह है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था बदतर स्थिति में जा रही है'। उन्होंने कहा, 'आगे से सावधान रहें।' जैसे ही आईटी कंपनियां जुलाई-सितंबर अवधि की कमाई के लिए तैयार हो रही हैं, ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने मांग में लगातार कमजोरी की भविष्यवाणी की है, और कहा है कि निरंतर मैक्रो अनिश्चितता उनकी वित्तीय स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।



'हमारा मानना है कि छोटे आकार और विवेकाधीन परियोजनाओं की कम संख्या के साथ-साथ ग्राहक निर्णय लेने में देरी और कुछ मामलों में जीती गई परियोजनाओं की रैंप-अप से पैदा हुई शून्यता से निकट अवधि में राजस्व और मार्जिन दोनों में निराशा होगी। पिछले महीने, ज़ोहो ने अपने 55 से अधिक व्यावसायिक अनुप्रयोगों में 100 मिलियन उपयोगकर्ताओं को पार कर लिया। पिछले वर्ष कंपनी का वार्षिक राजस्व 1 बिलियन डॉलर तक पहुडुचने के बाद यह वृद्धि हुई।

- **सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) कंपनी ज़ोहो के सह-संस्थापक और सीईओ श्रीधर वेम्बू ने सोमवार को चेतावनी दी**
- **वैश्विक अर्थव्यवस्था की स्थिति बदतर होने की संभावना है, कंपनियों से सावधानी बरतने का आग्रह किया**

ज़ोहो ने कहा कि उसने 2008 में अपने उपयोगकर्ताओं की संख्या 1 मिलियन से बढ़ाकर 15 साल बाद 100 मिलियन कर ली है! 50 मिलियन उपयोगकर्ताओं को पिछले पांच वर्षों में जोड़ा गया है। वेम्बू के अनुसार, 'यह किसी भी संगठन के लिए एक प्रभावशाली मील का पत्थर है, लेकिन एक बूटस्ट्रैप्ड कंपनी के रूप में हमारे लिए यह विशेष रूप से सुखद है जिसने कभी भी बाहरी पूंजी नहीं जुटाई है। और हमने अभी तक काम पूरा नहीं किया है!' ज़ोहो के 150 से अधिक देशों में व्यवसाय हैं।

## बढ़ती चुनौतियों के बीच डंजो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी को कहा अलविदा

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। वेतन में देरी और छंटनी के बीच गंभीर नकदी संकट का सामना कर रही घरेलू त्वरित किराना डिलीवरी प्रदाता डंज़ो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी को अलविदा कह दिया है। एनट्रैकर की रिपोर्ट के अनुसार, डंज़ो के सीईओ कबीर बिस्वास ने कहा कि डंज़ो में व्यवसाय में सूरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बिस्वास ने कहा, 'वह अब कुछ समय के लिए ब्रेक लेना चाहते हैं और डंज़ो के साथ 6 से ज्यादा साल बिताने के बाद, वह नई यात्राएं करने के लिए आगे बढ़ने की योजना बना रहे हैं।' यह कदम तब आया जब डंज़ो व्यवसाय के पुनर्गठन में संगठन-व्यापी बदलाव कर रहा है। कंपनी ने अभी तक वित्तीय वर्ष 2023 के लिए अपनी वित्तीय स्थिति का खुलासा नहीं किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2012 में 54.3 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज



- **वेतन में देरी और छंटनी के बीच गंभीर नकदी संकट का सामना कर रही घरेलू त्वरित किराना डिलीवरी प्रदाता डंजो के सह-संस्थापक दलवीर सूरी ने कंपनी छोड़ी**

किया, जबकि घाटा 464 करोड़ रुपए था। इस बीच डंज़ो की रिलायंस इंडस्ट्रीज और गूगल जैसे मौजूदा समर्थकों के साथ-साथ नए निवेशकों से 35 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाने की संभावना है। कंपनी कथित तौर पर कम से कम 150-200 कर्मचारियों की छंटनी कर रही है। कई रिपोर्टों के अनुसार, डंज़ो अपने कर्मचारियों की संख्या में लगभग 30-40 प्रतिशत की और कटौती कर सकता है। कंपनी ने कथित तौर पर प्रभावित कर्मचारियों को सूचित किया है कि उन्हें जनवरी में अपना पूर्ण और अंतिम भुगतान प्राप्त होगा। धन की कमी के कारण डंज़ो अपने कर्मचारियों के वेतन में देरी कर रहा है। इसके सह-संस्थापक और सीईओ बिस्वास के अनुसार, स्टार्टअप लागत में कटौती के लिए कंपनी बेंगलुरु में अपना कार्यालय भी खाली कर सकती है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 22 रिंगिट गिरकर 3667 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.10 सेंट की गिरावट के साथ 55.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## दुनिया भर में हीरे की कीमतों में आई गिरावट

**न्यूयॉर्क,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस साल कच्चे हीरे की कीमतों में गिरावट आई है। क्योंकि महामारी के बाद कई उपभोक्ता विलासिता की वस्तुओं से दूर हो रहे हैं। यह जानकारी मीडिया ने दी। ज़िम्निस्की ग्लोबल रफ डायमंड इंडेक्स के अनुसार, कीमतें एक साल में सबसे कम हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उद्योग विश्लेषक इस मंदी का कारण आभूषण की बिक्री में गिरावट को बता रहे हैं। वैश्विक हीरा विश्लेषक पॉल जिम्निस्की ने कहा उपभोक्ताओं द्वारा आभूषणों के बजाय सेवाओं को चुनने के कारण हीरे की कीमतें कम हुई हैं। विश्लेषकों के अनुसार, महामारी के बाद अब लोग बाहर खाना खा रहे हैं, यात्रा कर रहे हैं और विलासिता की वस्तुओं के बजाय अनुभवों पर पैसा



- **इस साल कच्चे हीरे की कीमतों में गिरावट आई**
- **महामारी के बाद कई उपभोक्ता विलासिता की वस्तुओं से दूर हो रहे**

खर्च कर रहे हैं। सीएनएन ने एक स्वतंत्र हीरा विश्लेषक एडहान गोलान के हवाले से कहा, 'हीरा पूरी तरह से उपभोक्ता-संचालित बाजार है।' हीरे के आभूषणों के लिए दुकानदारों की मांग कच्चे हीरे की कीमतों और कुछ हद तक खुदरा कीमतों को प्रभावित करती है। खुदरा विक्रेताओं ने विज्ञापन में करोड़ों डॉलर खर्च करके उपभोक्ता मांग को बढ़ावा दिया। कच्चे हीरे की बिक्री में दो रिकॉर्ड तोड़ने वाले वर्षों के बाद कीमतों में गिरावट आई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, 2021 और 2022 में प्राकृतिक हीरे के आभूषणों की मांग अब तक के उच्चतम स्तर पर थी। उद्योग विश्लेषकों को सर्दियों की छुट्टियों के दौरान और 2024 की शुरुआत में खुदरा बिक्री में उछाल की उम्मीद है। दुनिया की सबसे बड़ी हीरा कंपनी डी बीयर्स के प्रवक्ता डेविड जॉनसन ने भविष्यवाणी की है कि आगामी महीनों में कच्चे हीरे की कीमतों में थोड़ी बढ़ोतरी हो सकती है।

## अडाणी ने मुंबई में अपना पहला 400 केवी ग्रिड चालू किया

**मुंबई,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की वाणिज्यिक राजधानी में बिजली की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने मुंबई की पहली 400-केवी ग्रिड लाइन शुरू की है। एक अधिकारी ने यहां सोमवार को यह जानकारी दी। खारघर विक्रोली ट्रांसमिशन लिमिटेड की नई लाइन से मौजूदा ट्रांसमिशन और वितरण क्षमता बढ़ेगी और शहर में 1000 मेगावाट बिजली उत्पादन बढ़ेगा। शहर में हाल के वर्षों में 12 अक्टूबर 2020 और 27 फरवरी 2022 को दो बड़ी ग्रिड विफलताएं देखी गईं, जिससे आपूर्ति कई घंटों के लिए ठप हो गई। इस पर राजनीतिक हंगामा भी हुआ। एक अधिकारी ने कहा, 'खारघर-विक्रोली लाइन भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को कम करने के समाधान के रूप में मुंबई शहर में अतिरिक्त 1,000 मेगावाट विश्वसनीय बिजली लाएगी। इस परियोजना के

- **देश की वाणिज्यिक राजधानी में बिजली की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने मुंबई की पहली 400-केवी ग्रिड लाइन शुरू की : अडाणी**



चालू होने से, मुंबई को अपनी नगरपालिका सीमा के भीतर 400 केवी ग्रिड मिल गया है, जिससे इसकी बिजली ग्रिड के भीतर आयात क्षमता में वृद्धि हुई है और विश्वसनीयता और स्थिरता में सुधार हुआ है।

इस परियोजना की योजना एक दशक से अधिक समय से चल रही थी और शहर के बिजली आपूर्तिकर्ताओं के बीच कथित प्रतिद्वंद्विता सहित विभिन्न कारणों से इसमें देरी हुई। एईएसएल ने लाइन बिछाने के दौरान कई चुनौतियों का सामना किया, मुख्य रूप से कठिन इलाकों में।

# खेल जगत

## वर्ल्ड कप में विराट करेंगे रनों की बौछार: वीरेंद्र सहवाग



**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को उम्मीद है कि विराट कोहली विश्व कप में कई सारे शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट के हाईएस्ट रन-स्कोरर बनेंगे। 2011, 2015 और 2019 के बाद विराट कोहली अपने चौथे वनडे विश्व कप में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 2019 विश्व कप में कोहली ने 9 पारियों में 55.37 की औसत से 443 रन बनाए, जिसमें पांच अर्धशतक शामिल हैं। सहवाग ने क्रिकबज से कहा, 'चीकू (विराट कोहली) ने 2019 विश्व कप में एक भी शतक नहीं बनाया। इस साल मुझे उम्मीद है कि वह कई शतक बनाएंगे और टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी होंगे। उम्मीद है कि भारत वर्ल्ड कप जीते और फिर, मैं चाहता हूं कि उसे कंधों पर उठाया जाए और मैदान का एक चक्कर लगाया जाए। ठीक वैसे ही जैस सचिन तेंदुलकर के समय किया गया था।' 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य सहवाग ने कहा कि कोहली और कप्तान रोहित शर्मा आगामी टूर्नामेंट जीतने के हकदार हैं।

## भारत की पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को हरा जीत के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय और गुरजंट सिंह के परस्पर तालमेल वाले खेल तथा मध्य पंक्ति में अनुभवी मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद व नीलकांत शर्मा द्वारा बराबर आगे गेंद बढ़ाई गेंद पर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत ने बराबर पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने के मैदानी गोल के भी खूब मौके बनाने के साथ भुनाए भी। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और स्ट्राइकर मनदीप सिह की हैट्रिक, अभिषेक के दो बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने बांग्लादेश को सोमवार को हंगजू (चीन) में 19 वें एशियाई खेलों मे अपने पांचवें व अंतिम मैच में 12-0 से हरा कर जीत के साथ 'पंजे' के साथ पूल ए में शीर्ष स्थान पाया। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के लिए स्ट्राइकर ललित उपाध्याय, गुरजंट सिंह, आक्रामक मिडफील्डर नीलकांत ने भी एक मैदानी तथा अमित रोहिदास ने एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत की एक और बड़ी जीत में उसके सात खिलाडियों ने गोल किए और इसमें उसने सात मैदानी गोल किए और पांच पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। भारत अब पूल बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से 4 अक्टूबर को सेमीफाइनल में भिड़ेगी।

अपने अंतिम पूल मैच से पहले ही सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आक्रामक अंदाज में आगाज किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के मैच के शुरू के पांच मिनट में मिले दोनों पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से दागे गोल से पहला क्वॉर्टर खत्म होने से पहले 2-0 की बढ़त ले ली थी। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मनदीप सिंह को और दूसरा जर्मनप्रीत को गलत ढंग से रोकने पर मिला। सुमित मध्यरेखा से गेंद को निकले और तेजी से बाएं से डी में पहुंचे अभिषेक की ओर सरकाई और उनसे मिली गेंद को मनदीप सिंह से तेज जमीनी फ्लिक से खूबसूरत मैदानी गोल कर मैच के 18 वें मिनट में 3-0 की बढ़त हासिल कर ली। अभिषेक के बाएं से जोरदार फर्राटे पर ललित उपाध्याय ने डी के भीतर गेंद संभाली तेज फ्लिक से मैच के 23 वें मिनट में बेहतरीन मैदानी गोल से स्कोर 4-0 और अगले ही मिनट पेनल्टी कॉर्नर पर लौटती गेंद को मनदीप सिंह ने दाएं डी में संभाल मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। अमित रोहिदास ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से दो मिनट पहले पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग फ्लिक से गोल कर भारत को 6-0 से आगे कर दिया था।हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा।



■ भारत की बांग्लादेश पर 12-0 से जीत में हरमनप्रीत व मनदीप की हैट्रिक

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने तीसरे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट पर में एक पेनल्टी कॉर्नर पर एक और बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 7-0 से आगे कर दिया। अभिषेक ने सुमित के लंबे बेहतरीन क्रॉस पर डी के भीतर गेंद संभाल चौथा क्वॉर्टर खत्म होने से चार मिनट पहले मैदानी गोल कर भारत को 8-0 से आगे कर दिया। मनदीप सिंह ने चौथा क्वॉर्टर शुरू होते ही अभिषेक से 'एरियल पास' पर मिली गेंद को डी में संभाल मैच का अपना तीसरा गोल अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत की बढ़त 9-0 कर दी। आक्रामक सेंटर हाफ नीलकांत शर्मा अकेले ही मिनट हॉकी की कलाकारी दिखा मैदानी गोल कर भारत को 10-0 से तथा खेल खत्म होने से चार मिनट पहले सुमित के तेज क्रॉस पर गुरजंट ने गोल कर भारत की बढ़त 11-0 कर दी। हार्दिक के बेहतरीन अभियान पर मिली गेंद को गुरजंट ने संभाला और इसे अभिषेक ने संभाल अगले ही मिनट डी के भीतर मौका ताड़ कर मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 12-0 से आगे कर दिया। यह मैच का अंतिम गोल साबित हुआ।

## टीम इंडिया देश के लिए स्वर्ण जीतने को बेताब : ऋतुराज

**हांगझोऊ,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता के लिए भारत के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि एशियन गेम्स में अन्य खेल के एथलीटों से मिलने से उन्हें एहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है। गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे, जब वे मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ेंगे। गायकवाड़ ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'क्रिकेट में, हमारे पास विश्व कप, आईपीएल और घरेलू टूर्नामेंट हैं। हम उस तरह के माहौल और परिस्थितियों के आदी हैं लेकिन यहां आकर हमें वास्तव में एथलीटों के बारे में पता चला। 'मुश्किल से दो या चार साल में उन्हें देश के लिए खेलने और प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है। हम इस यात्रा से खुश हैं और हमें पता चला कि कैसे यह विशेष है। यह देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए के बारे में बहुत कुछ खास दर्शाता है। एशियाई खेलों में, हर कोई देश के लिए स्वर्ण जीतने और पोडियम पर खड़े होने के लिए उत्सुक है।' चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान एमएस धोनी के कार्यकाल में मिली सीख के बारे में बात करते हुए गायकवाड़ ने खुलासा किया, 'मुझे उनसे (धोनी) बहुत सी चीजें सीखने को मिली, लेकिन हर व्यक्ति की शैली अलग होती है। उनकी शैली अलग है। व्यक्तित्व अलग है और मेरा व्यक्तित्व थोड़ा अलग है। मैं वैसा ही बनने की कोशिश करूंगा।'




एशियाई खेलों में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता के लिए एशियन गेम्स में अन्य खेल के एथलीटों से मिलने से उन्हें एहसास हुआ कि देश का प्रतिनिधित्व करने का क्या मतलब है: ऋतुराज गायकवाड़, कप्तान भारत

### एशियन गेम्स में खेलना भारतीय क्रिकेटरों के लिए गर्व की बात: वीवीएस लक्ष्मण

हांगझोऊ। 19वें एशियाई खेलों में टी20 टूर्नामेंट के लिए भारतीय पुरुष टीम के कोच वीवीएस लक्ष्मण ने कहा कि मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है। सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ एशियाई खेलों में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। टीम मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में नेपाल से भिड़ने के लिए तैयार है। लक्ष्मण ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, यह बहुत अलग है। हमने कभी नहीं सोचा था कि हम चीन में क्रिकेट खेलेंगे, लेकिन यह पूरी टीम के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि एशियाई खेलों में भाग लेना इन सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत गर्व की बात है। इसलिए, वास्तव में इस टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं। 'आयोजकों ने एक अच्छा बुनियादी ढांचा तैयार किया है और मुझे उम्मीद है कि जब हम मैच खेलना शुरू करेंगे तो हमें समर्थन मिलेगा। जब महिला टीम यहां खेली तो उन्हें काफी समर्थन मिला, उन्हें अपनी क्षमता का एहसास हुआ और उन्होंने स्वर्ण पदक जीता' टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जयसवाल, शिवम दुबे, तिलक वर्मा, रवि बिश्नोई, शाहबाज अहमद, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, अवेश खान, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, वाशिंगटन सुंदर और राहुल त्रिपाठी शामिल हैं। मैच चीन के हांगझोऊ में झेजियांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड में आयोजित किए जाएंगे, जहां भारतीय महिला टीम ने प्रतियोगिता के शुरुआती दिनों में स्वर्ण पदक जीता था।



मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में भाग लेना पूरी टीम के लिए एक शानदार अवसर है और इससे खिलाड़ियों को भी काफी फायदा होता है: वीवीएस लक्ष्मण, कोच, भारतीय पुरुष टीम

## स्केटिंग में भारतीय महिला और पुरुष टीम ने जीते कांस्य पदक

**हांगझोउ,** 2 अक्टूबर (एजंसियां)। भारतीय पुरुष और महिला स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले टीमों ने सोमवार को एशियाई खेलों में रोलर स्केटिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज महिला रिले में, कार्तिक जगदीश्वरन, हीरल साधु और आरती कस्तूरी राज की भारतीय तिकड़ी ने 4:34.861 का समय लिया और चीनी ताइपे (4:19.447) और दक्षिण कोरिया (4:21.146) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। पांच टीमों के बीच हुए मुकाबले में ईरान और थाईलैंड ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत के विक्रम राजेंद्र इंगले, सिद्धांत राहुल कांबले और आनंदकुमार वेलकुमार की तिकड़ी ने पुरुषों की रिले में 4:15.126 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए भारतीय टीम ने 4:10.128 का समय लिया और तीसरे स्थान पर रही। चीनी ताइपे (4:05.692) ने दक्षिण कोरिया (4:05.702) को पीछे छोड़ते हुए पुरुषों की रिले रेस में भी स्वर्ण पदक जीता।



इससे पहले, हांगझोऊ 2023 में महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आरती कस्तूरी राज पांचवें स्थान पर रही थीं, जबकि हीरल साधु बाहर हो गई थीं। पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में आनंदकुमार वेलकुमार और सिद्धांत राहुल कांबले क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहे थे।

वहीं, विक्रम राजेंद्र इंगले पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में पोडियम पर जगह बनाने से चूक गए थे और चौथे स्थान पर रहे थे। इसी स्पर्धा में आर्यनपाल सिंह घुमन सातवें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्पीड स्केटिंग 1000 मीटर स्प्रिंट में कार्तिक जगदीश्वरन पांचवें स्थान पर रहीं थी।

## सब जूनियर हॉकी में हरियाणा और यूपी का बोलबाला

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के झाँसी में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला नॉर्थ जोन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि हॉकी हरियाणा, हॉकी चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश हॉकी सब जूनियर पुरुष वर्ग में अपने-अपने मैचों में विजयी रहे। दिन के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 4-2 से हराया। हॉकी हरियाणा ने सीमा (35%, 60%) और दीया (37%, 54%) के माध्यम से ठोस बढ़त बनाई। इस बीच, हॉकी पंजाब के लिए कौर गगनदीप (25%) और तनु रानी (56%) ने एक-एक गोल किया। दूसरे मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश हॉकी ने हॉकी हिमाचल को 14-0 से हराया। उत्तर प्रदेश हॉकी के लिए गोल स्कोरर रश्मी पटेल (6%, 41%), चौहान श्रद्धा (12%, 18%, 50%, 59%), लकी कुमार (13%, 35%, 43%), और रश्मी रायकवार (21%, 29%, 33%, 55%, 56%) रहे। सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी हरियाणा ने हॉकी पंजाब को 3-1 से हराया। सचिन (7%, 44%) ने हॉकी हरियाणा के लिए दो गोल किये जबकि अमित (54%) ने भी एक गोल किया। हॉकी पंजाब के लिए एकमात्र गोल सुखदेव सिंह (43%) ने किया। चौथे मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी चंडीगढ़ ने हॉकी उत्तराखंड को 12-4 से हराया। कप्तान सूरज कुमार साह (10%, 16%, 24%, 42%, 57%) ने उदाहरण पेश करते हुए हॉकी चंडीगढ़ के लिए पांच गोल किए।



## सार संक्षेप

### वर्ल्ड कप में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद : शादाब खान

**हैदराबाद।** पाकिस्तानी टीम के उप-कप्तान शादाब खान बीते कुछ समय से फॉर्म में नहीं है, लेकिन उन्हें लगता है कि वो वर्ल्ड कप में वो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब ने इस साल 11 वनडे मैचों में सिर्फ 13 विकेट लिए हैं। इसके अलावा, पिछले महीने एशिया कप में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने पांच मैचों में 40.83 की औसत से केवल छह विकेट लिए, जिसके कारण पाकिस्तान को टूर्नामेंट में काफी संघर्ष करना पड़ा। क्रिकबज ने शादाब के हवाले से कहा, 'क्रिकेट के दृष्टिकोण से एशिया कप अच्छा नहीं रहा, लेकिन यही क्रिकेट की खूबसूरती है। आप अपनी गलतियों से सीखते हैं और अच्छा क्रिकेट खेलने का अवसर हमेशा मिलता है। एशिया कप हारने के बाद, हमें अच्छा आराम मिला और मेरा मानना है कि यह अब एक कौशल का खेल नहीं बल्कि एक मानसिक खेल है। यह विश्व कप है, जब आप मानसिक रूप से तनावमुक्त होते हैं तो आप अच्छे निर्णय ले सकते हैं। 'मैं समझता हूं कि मेरा हालिया फॉर्म अच्छा नहीं है, लेकिन मेरे पास कौशल है। बस जब आप प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं, तो आप मानसिक रूप से थोड़ा निराश होते हैं लेकिन कौशल के मामले में कोई समस्या नहीं है। मानसिक पहलू से चीजें बदल गई हैं। आराम मिलने के बाद मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### वर्ल्ड कप से पहले राशिद खान ने शफीक स्टानिकजई पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** विश्व कप से पहले अफगानिस्तान के प्रमुख लेग स्पिनर राशिद खान ने 'अतीत के समझौतों' को लेकर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व मुख्य कार्यकारी शफीक स्टानिकजई पर हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर रशीद ने स्टैनिकजई से टीम के बारे में गलत जानकारी फैलाना बंद करने को कहा, साथ ही दावा किया कि 5 अक्टूबर से भारत में होने वाले विश्व कप के लिए अफगानिस्तान के पास अब तक की सबसे फिट और बेस्ट टीम है। राशिद खान ने लिखा, 'मुझे लगता है कि हमारी टीम अब तक किसी भी मेगा इवेंट की सबसे अच्छी और फिट टीमों में से एक है। मेरा मानना है कि इस बार हम बेस्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। आपके मैनेजमेंट के दौरान टीम ने कई समझौते किए। आपकी चुनी टीम को पिछले वर्ल्ड कप में कई मैच गंवाने पड़े। गलत जानकारी फैलाने के बजाए और टीम के खिलाड़ियों का समर्थन करना बेहतर होगा।' स्टैनिकजई 2014-2019 तक एसीबी के मुख्य कार्यकारी थे और उन्होंने 'अफगानिस्तान प्रीमियर लीग' नामक टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट की भी स्थापना की थी।

## सुतीर्था-अहिका ने रचा इतिहास भारत ने टेबल टेनिस में जीता ब्रॉन्ज

**हांगझोऊ,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स में सुतीर्था-अहिका मुखर्जी को सेमीफाइनल में नॉर्थ कोरिया की सुयोंग चा और सुगयोंग पाक ने 4-3 से हराया। इस हार के बाद भी जोड़ी ने नया इतिहास रचा और ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। अहिका-सुतीर्था टेबल टेनिस में एक अनोखी जोड़ी हैं। चाहे मेंटली हो या फिजिकली दोनों एक दूसरे से काफी अलग हैं। खासकर सुतीर्था, वो एक ओवरवेट जरूर हैं लेकिन इससे उनके खेल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, वो अपनी स्थिति से खुश हैं और ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय सर्किट में खेल रहे हैं जब दुबला-पतला होना आम बात है। सोमवार को अहिका और सुतिर्था ने एक रोमांचक लड़ाई लड़ी। भारतीय जोड़ी एशियाई खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में ऐतिहासिक पहला रजत पदक जीतने की कोशिश कर रही थी, लेकिन पहला गेम हारने के बाद वापसी करने वाली उत्तर कोरियाई जोड़ी ने उन्हें रोमांचक मुकाबले में हरा दिया। अहिका और सुतीर्था एक कड़े मुकाबले में 11-7, 8-11, 11-7, 8-11, 9-11, 11-5, 2-11 से मैच हार गईं। एशियाई खेलों में अपना पहला पदक जीतने पर अहिका ने कहा, 'यह बेहद खास है। प्रतियोगिताएं बहुत कठिन हैं। हम एक ही अकादमी (कोलकाता में) से हैं और एक-दूसरे के खेल को अच्छी तरह से जानते हैं। हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन जीत नहीं सके।' भारतीय, विश्व टेबल टेनिस में एक अद्वितीय जोड़ी है जो अपने रैकेट की सभी चार सतहों पर अलग-अलग रबर के साथ खेलती है।



## अजय जडेजा बने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के मेंटर

■ वर्ल्ड कप 2023 का आगाज भारत की सरजमीं पर 5 अक्टूबर से होने वाला है। इससे पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अजय जडेजा को अपनी टीम का मेंटर नियुक्त किया

**तिरुवनंतपुरम,** 2 अक्टूबर (एजेंसियां)। वर्ल्ड कप 2023 का आगाज भारत की सरजमीं पर 5 अक्टूबर से होने वाला है। इससे पहले अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी अजय जडेजा को अपनी टीम का मेंटर नियुक्त किया है। जडेजा ने 13 एकदिवसीय मैचों में भारत की कप्तानी की और कुल मिलाकर 196 मैच खेले। जिसमें तीन विश्व कप खेलने के अलावा, उनके नाम छह शतक और 30 अर्द्धशतक के साथ 37.47 की औसत के साथ 5359 रन हैं। अजय जडेजा इस प्रारूप में आठवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनकी सबसे यादगार एकदिवसीय पारियों में से एक 1996 क्रिकेट विश्व कप क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में 25 गेंदों में 45 रन की पारी थी, जिसमें तेज गेंदबाज वकार यूनिस के खिलाफ अंतिम दो ओवरों में 40 रन बनाना भी शामिल था।

उन्होंने 1992 से 2000 तक भारत के लिए 15 टेस्ट भी खेले, जिसमें 26.18 की औसत से 576 रन बनाए। जिसमें उनके नाम चार अर्धशतक और 96 का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर था। जडेजा, जिन्होंने 1988 में हरियाणा के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया, 111 प्रथम श्रेणी और 291 लिस्ट ए मैच खेले। मैच फिक्सिंग के कारण पांच साल के प्रतिबंध के कारण उनके अंतरराष्ट्रीय करियर में रुकावट आने के बाद, जडेजा ने अभिनेता के रूप में कुछ फिल्मों में काम किया। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने की अनुमति मांगने की उनकी याचिका को दिल्ली उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था, लेकिन जडेजा दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने के लिए वापस आए और बाद में राजस्थान टीम के कप्तान-सह-कोच बन गए। फिर, जडेजा ने क्रिकेट कमेंट्री में कदम रखा और 2015-16 सीज़न में दिल्ली टीम के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया।



## भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें हांगकांग पर जीत के साथ सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर

■ भारत की कोशिश मैदानी गोल के ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने पर होगी

**नई दिल्ली,** 2 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक सविता की अगुआई में अब तक अजेय पिछली उपविजेता भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें अब मंगलवार को हांगकांग से हंगजू (चीन) में अपना अंतिम पूल मैच जीत कर एशियाई खेलों में पूल ए से सेमीफाइनल में स्थान बनाने पर लगी हैं। भारत ने पांच बार चैंपियन रह चुकी दक्षिण कोरिया से रविवार को अपना पिछला मैच एक-एक गोल से ड्रॉ खेला था। अनुभवी लिंकवूमैन नवनीत कौर और संगीता कुमारी ने भारत के लिए अब तक तीन मैचों में चार चार गोल किए हैं। भारत और दक्षिण कोरिया के अब तक तीन तीन मैचों में दो दो जीत एक एक ड्रॉ के साथ सात-सात अंक हैं। भारत अपने मजबूत गोलअंतर के कारण अपने पूल में अभी शीर्ष पर है।

बेशक भारत की टीम हांगकांग के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार है लेकिन मॉडर्न हॉकी में कोई भी टीम बड़े मंच पर किसी भी टीम को हल्के लेने की गलती नहीं कर सकती है। भारत ने तीन मैचों में 20 गोल किए हैं और अब तक मात्र एक गोल दक्षिण कोरिया के खिलाफ ही खाया है जबकि हांगकांग को अभी अपनी पहली जीत की तलाश है। भारत और हांगकांग की महिला हॉकी टीम अब तक अब तक मात्र एक बार 2013 में एशिया कप में भिड़ी हैं और तब भारत 13-0 से जीता था।

भारत को दक्षिण कोरिया के खिलाफ इसलिए एक एक से ड्रॉ पर मजबूर होना पड़ा था क्योंकि वह मिले पेनल्टी कॉर्नर का खासतौर खेल के आखिरी क्वॉर्टर में ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाया था। दक्षिण कोरिया के खिलाफ हालांकि भारत के लिए बराबरी का गोल ड्रैग फ्लिकर दीप ग्रेस एक्का के फ्लिक पर गोलरक्षक के पैड से लगकर वापस लौटती गेंद पर नवनीत कौर ने किया था। भारत की कोशिश हांगकांग के खिलाफ मंगलवार को मैदानी गोल करने के साथ ज्यादा से ज्यादा पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की होगी। भारत की चीफ कोच यांकी शॉपमैन को सबसे बड़ी कमी पेनल्टी कॉर्नर पर माहिर ड्रैग फ्लिकर की खल रही है क्योंकि पूरी तरह फिट होने के कारण उसे अपनी तुरुप की ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर एशियाई खेलों के लिए उपलब्ध नहीं हैं।



**हम एक और जीत दर्ज करने को बेताब हैं: सविता**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने हांगकांग के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'इन एशियाई खेलों में हमारे लिए हर मैच अहम है और हमारा आगाज दमदार रहा है लेकिन हम क्षणिक भी ढील गवारा रनहीं कर सकते हैं। हांगांग एक जुझारू टीम है और हमारे सामने जो भी प्रतिद्वंद्वी होती है हम उसका सम्मान करते हैं। हमारा हांगकांग के खिलाफ मैच में फोकस अपने खेल, अपनी रणनीति और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर रहेगा। हम एक और जीत दर्ज करने को बेताब हैं।'